खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 18°C
न्यूनतम : 07°C

बरेली, बुधवार 21 जनवरी 2026 बरेली संस्करण: वर्ष 23 अंक 53 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | माघ शुक्ल पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2082 | 2 शाबान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



मनरेगा गरीब-मजदूर के स्वाभिमान से जुड़ा कार्यक्रमः राहुल गांधी पेज 2



ओलंपिक मेडलिस्ट सायना नेहवाल ने संन्यास लिया खेल टाइम्स



ई डीएनए की मदद से हवा में बिखरे जीवन की पहचान सम्पादकीय



यूएस में ट्रम्प के खिलाफ बगावत के सुर हुए तेज पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### राहुल गांधी को दादा फिरोज गांधी का खोया लाइसेंस मिला

**रायबरेली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी रायबरेली दौरे पर थे। राहुल को उनके दादा और पूर्व सांसद फिरोज गांधी का दशकों पहले खोया हुआ ड्राइविंग लाइसेंस सौंपा गया। जिसे देखकर राहुल भावुक हो उठे। राहुल ने लाइसेंस को बड़े गौर से देखा और तुरंत उसकी तस्वीर अपने मोबाइल से अपनी मां सोनिया गांधी को व्हाट्सएप के जरिये भेजी। लाइसेंस को रायबरेली में एक परिवार ने सहेज कर रखा था। राहुल ने मंगलवार को रायबरेली प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। आयोजन समिति के सदस्य विकास सिंह ने राहुल गांधी को मंच पर फिरोज गांधी का लाइसेंस सौंपा। विकास सिंह ने बताया कि कई साल पहले रायबरेली में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान उनके ससुर को यह ड्राइविंग लाइसेंस मिला था।

### यूपी के 10 शहरों में घना कोहरा छाया, उत्तराखंड के औली में पारा माइनस 8 डिग्री

**नई दिल्ली।** देश के उत्तरी इलाकों में मंगलवार को भी मौसम में ज्यादा बदलाव नहीं हुआ है। उत्तर प्रदेश के 10 शहरों में मंगलवार को भी कोहरा छाया रहा। आगरा में ताजमहल धुंध में छिप गया है। अगले 5 दिन तक यहां भी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। लखनऊ, बाराबंकी, हाथरस समेत 5 शहरों में बारिश हुई, जबकि अलीगढ़ और लखीमपुर खीरी में एक दिन पहले ओले भी गिरे। उत्तराखंड के पिथौरागढ़, चमोली, उत्तरकाशी और रुद्रप्रयाग जिलों के ऊंचाई वाले इलाकों में नदी-नाले और झरने जम चुके हैं। औली में पारा माइनस 8 डिग्री तक पहुंच गया है, जिसके कारण पानी जमने लगा है।

### अनाधिकृत रूप से किया उच्च न्यायालय परिसर में प्रवेश, उपनिरीक्षक निलंबित

**लखनऊ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ के परिसर में मंगलवार को अनाधिकृत रूप से प्रवेश करने और एक मामले की विवेचना के दौरान अधिवक्ताओं से विवाद बढ़ाने के आरोप में थाना काकोरी में तैनात उपनिरीक्षक ताराचंद सिंह को निलंबित कर दिया गया है। मामले को गंभीर मानते हुए पुलिस विभाग ने उनके विरुद्ध विभागीय जांच भी प्रस्तावित की है। निलंबन की अवधि में उपनिरीक्षक को रिजर्व पुलिस लाइन कमिश्नरेट लखनऊ से संबद्ध किया गया है।

### ईडी ने सबरीमाला मंदिर सोने के घोटाले में छापेमारी की

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के कोच्चि क्षेत्रीय कार्यालय ने मंगलवार को केरल, तमिलनाडु और कर्नाटक में 21 स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया। ये छापेमारी सबरीमाला मंदिर से जुड़े सोने और अन्य संपत्तियों की कथित गबन से संबंधित हैं। ईडी की इस छापेमारी का उद्देश्य अपराध से अर्जित धन का पता लगाना, लाभार्थियों की पहचान करना, आपत्तिजनक दस्तावेज़ों और डिजिटल साक्ष्यों को जब्त करना तथा धन शोधन के पूरे पैमाने का आकलन करना था।

# सहारनपुर में अमीन ने परिवार के चार सदस्यों की हत्या कर जान गंवाई

**सहारनपुर-एजेंसी/ब्यूरो।** सहारनपुर जिले के सरसावा थाना क्षेत्र में मंगलवार तड़के एक अमीन ने कथित रूप से परिवार के चार सदस्यों की हत्या कर खुद को गोली मार कर आत्महत्या कर ली। पुलिस को सभी के शव एक कमरे में पड़े मिले हैं।

पुलिस का अनुमान है कि अवसाद और घरेलू क्लेश के चलते घटना को अंजाम दिया गया। पुलिस वारदात के कारणों की जांच कर रही है। सूत्रों के अनुसार तड़के तीन और चार बजे के बीच अमीन अशोक राठी (40) ने अपनी मां विद्यावती (70), पत्नी अंजलि (37), दो बेटों कार्तिक (16) और देव (13)



अशोक राठी ( फाइल फोटो )



विद्यावती ( फाइल फोटो )



अंजलि ( फाइल फोटो )



कार्तिक ( फाइल फोटो )



देव ( फाइल फोटो )

- सभी के शव एक कमरे में पड़े मिले
- अवसाद और घरेलू क्लेश के चलते घटना को दिया गया अंजाम

की देशी तमंचों से नजदीक से गोली मारकर हत्या कर दी और खुद भी कनपटी पर गोली मारकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलने पर डीआईजी अभिषेक सिंह, डीएम मनीष बंसल, एसएसपी आशीष तिवारी, एसपी देहात सागर जैन, सीओ नकुड़ रूचि गुप्ता मौके पर पहुंचे। एसएसपी आशीष तिवारी ने मौके पर मौजूद मीडिया कर्मियों को घटना के बारे में शुरुआती जानकारी देते हुए बताया कि अशोक राठी ने गांव सडौली नकुड़ निवासी अपनी बहन मोहिनी को तड़के 3.12 मिनट पर वॉइस मैसेज भेजकर बताया कि वह इस घटना को अंजाम देने जा रहा है। पुलिस ने मोहिनी का मोबाइल कब्जे में ले लिया है, जिसे फोरेंसिक जांच के लिए भेजा जाएगा। मौके पर इन पांचों जनों के शव घर के एक ही कमरे में पड़े मिले और अशोक राठी के दाएं हाथ की ओर गोलियों से भरे तीन देशी तमंचे पड़े मिले। पुलिस अधीक्षक देहात सागर जैन ने बताया कि इस मामले की जानकारी सबसे पहले सरसावा में ही रहने वाली अशोक राठी की बहन को मिली, जिनके पति अन्य लोगों को लेकर अशोक राठी के मकान पर पहुंचे। दरवाजा भीतर से बंद था। सीढ़ी की मदद से वे लोग मकान की पहली मंजिल पर किचन के रोशनदान की जाली तोड़कर किसी तरह अंदर घुसे तो उन्होंने मकान के एक कमरे में इन पांचों लोगों के शव रक्तरंजित पड़े देखे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी ने बताया कि पुलिस ने पांचों शवों का पंचनामा कराकर -शेष पृष्ठ दो पर

# हमारी टिप्पणियां मजाक नहीं, मौत मामले में डॉग फीडर्स भी जिम्मेदार

## आवारा कुत्तों के हमलों पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को आवारा कुत्तों के हमलों पर सख्त टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा कि आवारा कुत्तों के किसी हमले में चोट या मौत होती है, तो नगर निकाय के साथ ही डॉग फीडर्स की जिम्मेदारी भी तय की जा सकती है।

कोर्ट ने कहा कि पिछली सुनवाई की हमारी टिप्पणियों को मजाक समझना गलत होगा। हम गंभीर हैं। कोर्ट जिम्मेदारी तय करने से पीछे नहीं हटेगा, क्योंकि मौजूदा व्यवस्था में स्थानीय प्रशासन की विफलता सामने आई है। जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने कहा कि कोर्ट निजी पक्षों की दलीलें पूरी करके आज ही सुनवाई खत्म करना चाहती है। इसके बाद राज्यों को एक दिन का मौका दिया जाएगा। मामले में अगली सुनवाई 28 जनवरी को दोपहर 2 बजे होगी। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी के वकील राजू रामचंद्रन से सवाल किया कि आप कोर्ट को संयम बरतने को कह रहे हैं, लेकिन क्या आपने देखा है कि आपकी मुवक्किल (मेनका गांधी) किस तरह के बयान दे रही हैं? उनके पाडकास्ट और बॉडी लैंग्वेज तक पर सवाल उठते हैं। कोर्ट ने कहा कि मेनका गांधी ने अदालत के आदेशों को लेकर बिना सोचे-समझे टिप्पणियां की हैं, जो अवमानना के दायरे में आती हैं। हालांकि बेंच अपनी उदारता के चलते कोई कार्यवाही शुरू नहीं कर रही है। जस्टिस संदीप मेहता ने सवाल किया कि जब मेनका गांधी केंद्रीय मंत्री थीं, तब उन्होंने आवारा कुत्तों की समस्या से निपटने के लिए किस तरह का बजटीय प्रावधान तय किया। इस पर रामचंद्रन ने कहा कि बजट नीति का विषय है। उन्होंने अजमल कसाब जैसे मामलों में भी पैरवी की है। रामचंद्रन की टिप्पणी पर जस्टिस विक्रम नाथ ने सख्त लहजे में कहा कि अजमल कसाब ने अदालत की अवमानना नहीं की थी, लेकिन आपकी मुवक्किल ने की है। मंगलवार की सुनवाई में पीड़ितों की ओर से एडवोकेट हर्ष जैदका, डॉग लवर्स/एनजीओ की ओर से एडवोकेट प्रशांत भूषण, मेनका गांधी की ओर से सीनियर एडवोकेट राजू रामचंद्रन दलीलें दे रहे थे। बेंच ने आदेश दिया कि व्यक्तियों और एनजीओ की ओर से दलीलें पूरी हो चुकी हैं। मामला 28 जनवरी को दोपहर 2 बजे लिस्ट किया जाए।

- शीर्ष अदालत ने कहा: हर जगह स्थानीय प्रशासन फेल, मेनका गांधी पर नाराजगी जताई

### ईडी की याचिका दायर करने के अधिकार पर विचार करेगा कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत उच्च न्यायालयों में रिट याचिकाएं दायर करने के लिए एक न्यायिक व्यक्ति की हैसियत से ईडी के अधिकारों पर विचार करने के लिए मंगलवार को सहमति जताई। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने केरल और तमिलनाडु सरकारों की ओर से दायर अपीलों पर ईडी को नोटिस जारी किया। इन अपीलों में केरल उच्च न्यायालय के 26 सितम्बर 2025 के आदेश को चुनौती दी गई है थी।



### पंजाब केसरी समूह को पंजाब सरकार की दंडात्मक कार्रवाई से दी अंतरिम राहत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 'पंजाब केसरी' अखबार के प्रकाशन में बाधा डालने वाली पंजाब सरकार की किसी भी दंडात्मक कार्रवाई पर रोक लगा दी है। मीडिया समूह ने आरोप लगाया था कि प्रतिकूल रिपोर्टिंग के कारण 'आप' के नेतृत्व वाली राज्य सरकार उसे चुनिंदा रूप से निशाना बना रही है। पीठ ने मंगलवार को पंजाब केसरी समूह की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी की दलीलों को सुनने के बाद यह अंतरिम आदेश पारित किया।

# सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज की मौत मामले में बिल्डर गिरफ्तार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के नोएडा सेक्टर 150 में पानी से भरे गहरे गड्ढे में डूबकर 27 वर्षीय सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज मेहता की मौत के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एमजेड विशटाउन प्रोजेक्ट के बिल्डर अभय कुमार को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने कहा कि निर्माण स्थल पर सुरक्षा मानकों की घोर अनदेखी की गई, जिसके कारण यह दर्दनाक हादसा हुआ।

पुलिस ने बताया कि घटना के समय इलाके में घना कोहरा था और दृश्यता बेहद कम थी। इसी दौरान युवराज की कार निर्माणाधीन साइट के पास बने पानी से भरे गहरे गड्ढे में जा गिरी। मौके पर न तो बैरिकेडिंग थी, न रिफ्लेक्टर और न ही कोई चेतावनी संकेत, जिससे चालक को खतरे का अंदाजा हो सके। पुलिस एवं प्रशासन द्वारा जांच में सामने आया है कि निर्माण स्थल पर सुरक्षा के बुनियादी इंतजाम नहीं किए गए थे। पुलिस ने इस आधार पर एमजे विशटाउन के बिल्डर अभय कुमार को गिरफ्तार किया है। साथ ही निर्माण कंपनियों एम. जेड विशटाउन प्लानर्स लिमिटेड और लोटस ग्रेंस कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ गैर-इरादतन हत्या सदोष मानव हत्या के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। प्रशासनिक कार्रवाई के तहत हादसे के बाद नोएडा प्राधिकरण ने भी सख्त कदम उठाए हैं। एक जूनियर इंजीनियर को बर्खास्त कर दिया गया है, जबकि कई अन्य अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। प्राधिकरण की ओर से कहा गया है कि जिम्मेदारी तय कर आगे और कार्रवाई की जाएगी। मेरठ अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजी) भानु भास्कर और लोक निर्माण विभाग चीफ इंजीनियर तथा अन्य पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीम साइट पर सुरक्षा उपायों की कमी, मानकों के उल्लंघन और जिम्मेदार व्यक्तियों की भूमिका की गहन जांच कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। जांच उपरांत समस्त रिपोर्ट राज्य सरकार को सौंपी जाएगी। इस हादसे ने एक बार फिर निर्माण स्थलों पर सुरक्षा मानकों की अनदेखी और प्रशासनिक निगरानी की कमी पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।



- प्राधिकरण पर भी गिरी गाज, पुलिस बोली: निर्माण स्थल पर सुरक्षा मानकों की घोर अनदेखी की गई

# तमिलनाडु के राज्यपाल ने फिर किया सदन से बहिर्गमन

**चेन्नई।** सत्ताधारी द्रमुक के साथ चल रही तकरार के बीच तमिलनाडु विधानसभा के नए साल का सत्र मंगलवार को हंगामेदार तरीके से शुरू हुआ। राष्ट्रगान न गाए जाने पर राज्यपाल आरएन रवि ने एक बार फिर अपना पारंपरिक संबोधन छोड़ दिया और बहिर्गमन कर गए।

राज भवन से बाद में जारी स्पष्टीकरण में कहा गया कि राज्यपाल ने अपना संबोधन इसलिए छोड़ दिया, क्योंकि इसमें कई अप्रमाणित और भ्रामक दावे थे और कई गंभीर सार्वजनिक मुद्दों की उपेक्षा की गई थी। जब वह सत्रा के लिए राज्य सचिवालय पहुंचे तो राज्यपाल का गर्मजोशी से स्वागत हुआ और अध्यक्ष एम. अप्पावु और विधानसभा सचिव एम. श्रीनिवासन ने शॉल और गुलदस्ता भेंटकर उनका स्वागत किया। विधानसभा अध्यक्ष के आसन संभालने के बाद मुख्यमंत्री एमके स्टालिन, मंत्रियों, विपक्ष के नेता एडप्पादी के पलानीस्वामी और दूसरे सदस्यों से 'तमिल थाई वाज्थु' (मां तमिल की स्तुति) के बाद, राज्यपाल अपना भाषण देने के लिए खड़े हुए। तैयार अभिभाषण पढ़ने के बजाय उन्होंने इस बात की ओर इशारा किया कि सत्र की शुरुआत में राष्ट्रगान नहीं गाया गया और 'गुस्से' में वह सदन से बाहर चले गए। यह लगातार चौथा वर्ष था, जब राज्यपाल ने ऐसा कदम उठाया है। वर्ष 2023 में अपने अभिभाषण में 'द्रविड़म' शब्द और अन्य नेताओं के संदर्भों को छोड़ने के बाद उन्होंने 2024 और 2025 में भी अपने अभिभाषण की शुरुआत से पहले राष्ट्रगान न गाए जाने का हवाला देते हुए सदन से वॉक आउट किया था। इसके बाद से सरकार और राज भवन के बीच 'शीतयुद्ध' की स्थिति बनी हुई है। श्री स्टालिन ने बाद में एक प्रस्ताव पेश किया, जिसमें कहा गया कि सरकार की ओर से तैयार अभिभाषण ही विधानसभा के रिकॉर्ड में दर्ज होना चाहिए और इसे सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया गया। इसके बाद अध्यक्ष ने अभिभाषण का तमिल संस्करण पढ़कर सुनाया और सदन की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई।

- सत्र की शुरुआत में राष्ट्रगान न गाए जाने पर गुस्साए रवि

### चौंका रही चांदी की चाल, एक दिन में 10 हजार बढ़े दाम

**नई दिल्ली।** वैश्विक भू- राजनीतिक तनाव और सुरक्षित निवेश की मांग के बीच भारतीय सर्राफा बाजार में ऐतिहासिक तेजी का दौर जारी है। मंगलवार को एमसीएक्स पर सोने और चांदी ने नए रिकॉर्ड स्तरों को छू लिया। बाजार के लिए सबसे चौंकाने वाला आंकड़ा चांदी की चाल रही है। जिस चांदी को एक लाख रुपये प्रति किग्रा से दो लाख रुपये तक पहुंचने में 14 महीने का वक्त लगा था, उसने दो लाख से तीन लाख रुपये का सफर महज एक महीने में ही तय कर लिया। सोमवार को तीन लाख प्रति किग्रा का स्तर पार करने के बाद मंगलवार को चांदी 3.20 लाख प्रति किलोग्राम के भाव के करीब पहुंच गई। वहीं, सोना 1.48 लाख के पार चला गया है।

# दिल्ली-एनसीआर से ग्रैप-4 हटा

**नई दिल्ली।** दिल्ली और आसपास के एनसीआर इलाकों में वायु गुणवत्ता में कुछ सुधार को देखते हुए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) की सब-कमेटी ने ग्रैप के चरण चार को तत्काल प्रभाव से हटा दिया है।

सीएक्यूएम की ओर से आधिकारिक जानकारी के अनुसार, 18 जनवरी को दिल्ली का औसत एक्यूआई 440 था, जो 19 जनवरी को घटकर 410 और 20 जनवरी को 378 दर्ज किया गया। मौसम में सुधार और हवा की रफ्तार बढ़ने से प्रदूषण के स्तर में कमी आई है। मौसम विभाग और आईआईटीएम के पूर्वानुमान के मुताबिक आने वाले दिनों में एक्यूआई इसी स्थिति में ही रहने की संभावना है। इसी को ध्यान में रखते हुए, सब-कमेटी ने ग्रैप के चरण चार तहत लगाए गए सख्त प्रतिबंधों को हटाने का निर्णय लिया। हालांकि, ग्रैप एक, दो और तीन के तहत सभी उपाय पहले की तरह लागू रहेंगे।

- अब ग्रैप-3 लागू हुआ, लोगों को मिली बड़ी राहत
- पर जारी रहेंगी पाबंदियां

### शेयर बाजारों में निवेशकों के डूबे 9,43,793 करोड़

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को हुई भारी बिकवाली के कारण निवेशकों को 9,43,793 करोड़ रुपये का नुकसान उठाना पड़ा। कारोबार की समाप्ति पर घरेलू कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण घटकर 4,55,76,004 करोड़ रुपये रह गया जो 30 सितम्बर 2025 के बाद का निचला स्तर है। यह सोमवार को 4,65,19,797 करोड़ रुपये था। इस प्रकार बाजार पूंजीकरण में 9,43,793 करोड़ रुपये की गिरावट आई है। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स मंगलवार को 1065.71 अंक गिरकर 82,180.47 अंक पर बंद हुआ।

# मोदी ने नितिन नबीन की पीठ थपथपाई

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** नितिन नबीन भाजपा के 12वें राष्ट्रीय अध्यक्ष बन गए हैं। दिल्ली में भाजपा मुख्यालय में मंगलवार को इसका आधिकारिक ऐलान हुआ। इसके बाद पीएम मोदी उन्हें पार्टी अध्यक्ष के दफ्तर लेकर गए।

हाथ पकड़कर पार्टी अध्यक्ष की कुर्सी पर बैठाया। मिठाई खिलाई और उनके परिवार से भी मिले। भाजपा मुख्यालय में नितिन नबीन ने पीएम मोदी का स्वागत किया। उनके साथ पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी मौजूद थे। इस दौरान भाजपा-एनडीए राज्यों के मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष और कार्यकर्ता मौजूद थे। चुनाव प्रभारी द्वारा निर्वाचन पत्र सौंपे जाने के बाद पीएम मोदी ने नितिन नबीन को माला पहनाकर बधाई दी। पीएम मोदी नितिन को अध्यक्ष के ऑफिस लेकर पहुंचे। उनका हाथ पकड़कर कुर्सी पर बिठाया। 45 साल के नबीन सबसे कम उम्र के भाजपा अध्यक्ष चुने गए हैं। चुनाव प्रक्रिया 19 जनवरी को दिल्ली भाजपा मुख्यालय में हुई थी। नबीन ने नियुक्ति पत्र पर दस्तखत किए। पीएम मोदी ने उनकी पीठ थपथपाई। पीएम ने स्पीच में भी कहा था कि नितिन ऐसे दौर के हैं, जिसने बचपन में रेडियो पर खबरें सुनीं और आज एआई का इस्तेमाल करना जानते हैं। उनमें युवा जोश और बहुत सारा अनुभव दोनों हैं। नितिन को नई जिम्मेदारी देते हुए पीएम ने उन्हें मिठाई खिलाई। उनके साथ राजनाथ सिंह, अमित शाह, जेपी नड्डा भी मौजूद थे। पदभार ग्रहण करने के दौरान नितिन की पत्नी दीपमाला और उनके बेटे नैतिक और बेटी नित्या भी मौजूद थे। पीएम मोदी उनसे मिले। पीएम ने नितिन की ढाई साल की बेटी नित्या को गोद में उठाकर दुलार किया। नितिन नबीन, मजिंदर सिंह सिरसा और बाकी नेताओं के साथ गुरुद्वारा बंगला साहिब गए।



- भाजपा अध्यक्ष की कुर्सी पर बिठाया, मिठाई खिलाई और उनके परिवार से भी मिले

## संक्षिप्त समाचार

### संसद व राज्य विधानमंडलों की कार्यवाही के दिनों में कमी चिंताजनक: मायावती

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने संसद व राज्य विधानमंडलों की कार्यवाही में लगातार कमी और सत्रों के दौरान बढ़ते हंगामे पर चिता जताई है। उन्होंने कहा कि बार-बार व्यवधान के कारण जनहित के मुद्दों पर चर्चा प्रभावित होती है और लोकतांत्रिक व्यवस्था की उपयोगिता पर नकारात्मक असर पड़ता है। मायावती ने लखनऊ में आयोजित 86वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों एवं सचिवों के तीन दिवसीय सम्मेलन का उल्लेख करते हुए कहा कि विधानमंडलों के घटते कार्य समय पर गंभीर मंथन होना चाहिए। उन्होंने सरकार और विपक्ष दोनों से अपील की कि सदनों को सुचारु रूप से चलाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। उन्होंने कहा कि संसद और विधानमंडल संविधान व लो. कतंत्र के प्रमुख स्तंभ हैं और सरकार/कार्यपालिका को जवाबदेह बनाए रखने में इनकी भूमिका अहम है।

### जम्मू को कश्मीर से अलग नहीं किया जा सकता: फारूक

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री एवं जम्मू-कश्मीर नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) अध्यक्ष डा. फारूक अब्दुल्ला ने मंगलवार को कहा कि जम्मू को कश्मीर से अलग नहीं किया जा सकता और वह ऐसे किसी भी व्यक्ति का समर्थन नहीं करते जो इस विचार का समर्थन करता है। जम्मू प्रांत के प्रखंड अध्यक्षों और सचिवों के सम्मेलन के दूसरे दिन यहां संवाददाताओं से बात करते हुए डा. अब्दुल्ला ने कहा कि जो लोग जम्मू क्षेत्र को कश्मीर से अलग करने की वकालत कर रहे हैं, वे मूर्ख और अज्ञानी हैं।

# मेले के नाम पर मोटा कमीशन गटकने का खेल शुरू: अखिलेश

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ प्रयागराज माघ मेले में अव्यवस्था और शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती मुद्दे पर दी तीखी प्रतिक्रिया

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रयागराज माघ मेले में अव्यवस्था और शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के साथ हुए घटनाक्रम का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि भाजपा के ऽमहाभ्रष्ट राजष में मेले के नाम पर पचासों हजार रुपये की बड़ी रकम कमीशन के रूप में गटकने का नया खेल शुरू हो गया है।

यादव ने एक्स पर कहा कि मेला महाभ्रष्टाचारष की कमीशनखोरी में भाजपाई गुट की मिलीभगत के कारण साधु-संतों को सम्मान नहीं मिल पा रहा है और मेले की अव्यवस्था पर बोलने वालों को निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि शासन- प्रशासन 'कमीशन खोरी' के इस गोरखधंधे को बचाने के लिए आपत्तिजनक, अपमानजनक और हिसक दुर्व्यवहार कर रहा है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि भाजपा को कमिश्नर की जगह 'कमीशनर' नाम की नई पोस्ट बना देनी चाहिए। उन्होंने यह भी सवाल उठाया किऽमेलाक्षेत्र के संजय का 'धृतराष्ट्र' कौन हैष, जिसे प्रत्यक्ष घटनाक्रम दिखाया-सुनाया जा रहा था। गौरतलब है कि प्रयागराज में माघ मेले के दौरान मौनी अमावस्या पर संगम नोज पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी, जिससे प्रशासन को व्यवस्था संभालने में कठिनाई हुई। इसी दौरान ज्योतिष पीठ के शंक. राचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को भीड़ को देखते हुए आगे बढ़ने से रोक दिया गया था। प्रशासन ने उनसे रथ से उतरकर पैदल चलने का आग्रह किया, लेकिन समर्थकों ने विरोध करते हुए आगे बढ़ने की कोशिश की। जिसके बाद पुलिस और समर्थकों के बीच धक्का-मुक्की और हल्की झड़प की स्थिति बन गई। जिसके बाद अविमुक्तेश्वरानंद ने पुलिस पर संतो के साथ मारपीट का आरोप लगाया है।

### मेला प्राधिकरण ने अविमुक्तेश्वरानंद से मांगा शंकराचार्य होने के प्रमाण

**प्रयागराज।** प्रयागराज मेला प्राधिकरण ने उच्चतम न्यायालय की नोटिस का हवाला देते हुए स्वामी अविमुक्तेश्वरा नंद सरस्वती को नोटिस जारी कर 24 घंटे में जवाब मांगा है। मेला प्रशासन द्वारा ज्योतिष पीठ का शंकराचार्य न माने जाने को लेकर स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का जवाब भी सामने आया है। उन्होंने साफ कहा है कि शंकराचार्य वह है जिसे बाकी अन्य तीन पीठों के शंकराचार्य मान्यता देते हैं।

# लंबी दूरी की बसों में दो ड्राइवर तैनात करने की तैयारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ उप्र में राज्य सरकार ने वाहन पंजीकरण के समय डीलर स्तर पर दो हेलमेट देना अनिवार्य किया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (यूपीएसआरटीसी) जल्द ही लंबी दूरी की बसों में दो ड्राइवर तैनात करने की योजना पर काम कर रहा है, ताकि सड़क हादसों को रोका जा सके।

परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने मंगलवार को बताया कि राज्य सरकार ने दोपहिया वाहन खरीदने वालों के लिए वाहन पंजीकरण के समय डीलर स्तर पर दो हेलमेट देना अनिवार्य किया है। इसके साथ ही नो हेलमेट, नो फ्यूल नियम भी लागू किया गया है। हालांकि उन्होंने माना कि जन-जागरूकता की कमी के कारण इन नियमों का अभी तक अपेक्षित लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि नियम बनाना और उन्हें लागू करना सरकार की जिम्मेदारी है, लेकिन आम जनता का इन्हें अपने दैनिक जीवन में पालन करना उतना ही जरूरी है। यदि लोग यातायात नियमों का ईमानदारी से पालन करें, तो सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों को 50 प्रतिशत तक कम किया जा सकता है। उन्होंने सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता फैलाने में मीडिया की अहम भूमिका पर भी जोर दिया। दयाशंकर सिंह ने उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण ऽयूपीडाऋ से एक्सप्रेसवे पर होल्डिंग एरिया और डॉर्मिटरी (विश्राम स्थल) विकसित करने पर विचार करने को कहा है, ताकि लंबी दूरी तय करने वाले ड्राइवरों को सुरक्षित पार्किंग और ठहरने की सुविधा मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि दुर्घटना के बाद घायलों को अस्पताल पहुंचाने में काफी समय लग जाता है, क्योंकि एक्सप्रेसवे पर ट्रॉमा सेंटर की कमी है। मंत्री ने बताया कि एक्सप्रेसवे पर हर 100 किलोमीटर पर एक ट्रॉमा सेंटर स्थापित करने पर गंभीरता से विचार चल रहा है।

# पार्टी को नई ऊर्जा व दिशा देंगे नितिन नबीन: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ/ दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से मुलाकात कर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मंगलवार को नई दिल्ली स्थित भाजपा के केंद्रीय कार्यालय में मुख्यमंत्री ने नितिन नबीन को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनके उज्जवल कार्यकाल की कामना की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नितिन नबीन के कुशल नेतृत्व, समृद्ध संगठनात्मक अनुभव और दूरदर्शी सोच से भारतीय जनता पार्टी को नई ऊर्जा और नई दिशा प्राप्त होगी। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में पार्टी लोकतांत्रिक मूल्यों को और अधिक सशक्त करेगी। मुख्यमंत्री योगी ने यह भी आशा व्यक्त की कि नितिन नबीन का मार्गदर्शन उत्तर प्रदेश को निरंतर मिलता रहेगा, जिससे राज्य में संगठन और सरकार दोनों को मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर भी बधाई संदेश साझा करते हुए लिखा है कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यशस्वी मार्गदर्शन में नितिन नबीन अंत्योदय के पथ पर चलते हुए अपनी निष्ठा और समर्पण से संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे। साथ ही, वे पार्टी के सभी कर्मठ कार्यकर्ताओं में 'राष्ट्र प्रथम' की भावना को और अधिक सुदृढ़ करेंगे। योगी आदित्यनाथ ने नितिन नबीन के सफल और प्रेरणादाई कार्यकाल के लिए अनंत शुभकामनाएं दीं।

## रायबरेली मे गरजे कांग्रेस के वरिष्ठ सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता

# मनरेगा गरीब-मजदूर के स्वाभिमान से जुड़ा कार्यक्रम

रायबरेली, वार्ता



■ कहा: किसी भी कीमत पर इसे कमजोर नहीं होने दिया जाएगा, जनता को विभिन्न विकास योजनाओं की सौगात दी

कांग्रेस के वरिष्ठ सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि मनरेगा सिर्फ एक योजना नहीं, बल्कि गरीबों और मजदूरों के स्वाभिमान व रोजगार के अधिकार से जुड़ा कार्यक्रम है, जिसे किसी भी कीमत पर कमजोर नहीं होने दिया जाएगा।

दो दिवसीय दौरे में अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली आए गांधी ने आज सांसद आवास मुंशीगंज में जनप्रतिनिधियों व संगठन पदाधिकारियों से मुलाकात कर जनता को विभिन्न विकास योजनाओं की सौगात दी। इस दौरान उन्होंने करीब दो करोड़ 61 लाख रुपये से अधिक की लागत से कराए गए विकास कार्यों का लोकार्पण कर उन्हें जनता को समर्पित किया। साथ ही लगभग 50 लाख रुपये की लागत से बनने वाली सड़कों व अन्य कार्यों का शिलान्यास भी किया। इस दौरान राहुल गांधी ने सांसद आवास पर सामाजिक संगठनों व प्रतिनिधि मंडलों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इसके बाद उन्होंने आईटीआई स्थित राजीव गांधी स्टेडियम में यूथ स्पोर्ट्स एकेडमी की ओर से आयोजित टूर्नामेंट का उद्घाटन कर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और युवाओं को खेल से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा वह नगर पालिका अध्यक्ष के आवास पर पहुंचे, जहां उन्होंने वर-वधू को आशीर्वाद दिया। इसके बाद वह रोहनिया विकास खंड के उसरन गांव पहुंचे, जहां कांग्रेस कमेटी द्वारा चलाए जा रहे 'मनरेगा बचाओ संग्राम' चौपाल कार्यक्रम में भाग लिया। चौपाल में उपस्थित गरीबों, किसानों और मजदूरों से संवाद करते हुए उन्होंने मनरेगा को लेकर केंद्र सरकार की उपेक्षा पर सवाल खड़े किए और इस महत्वपूर्ण योजना को समाप्त किए जाने के कथित प्रयासों का विरोध किया। इस दौरान राहुल गांधी के साथ अमेठी के सांसद किशोरी लाल शर्मा व जिला कांग्रेस अध्यक्ष पंकज तिवारी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### भारत का शहरी ढांचा ढह रहा है: राहुल गांधी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में नोएडा के सेक्टर-150 में सॉफ्टवेयर इंजी. नियर युवराज मेहता की मौत को लेकर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। गांधी ने मंगलवार सुबह 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए इसे भारत के शहरी ढांचे के पतन का उदाहरण बताया और कहा कि देश में समस्या पैसे, तकनीक या समाधान की नहीं, बल्कि जवाबदेही की कमी की है। उन्होंने अपनी पोस्ट में युवराज मेहता की तस्वीर साझा की है। गौरतलब है कि युवराज मेहता गुरुग्राम की एक आईटी कंपनी में कार्यरत थे और नोएडा में रहते थे। बीते शुक्रवार रात वह अपने घर लौट रहे थे। घने कोहरे के कारण दृश्यता बेहद कम थी। सेक्टर-150 स्थित टाटा यूरेका पार्क के पास, घर से एक किलोमीटर से भी कम दूरी पर, उनकी कार (ग्रैंड विटारा) एक तीखे मोड़ के पास नियंत्रण खो बैठी और 20 फीट गहरे पानी से भरे ग्ग में गिर गई। इस हादसे में युवराज मेहता की मौत हो गई।

---

**सेंसेक्स** 82180.47
**निफ्टी** 25232.50

**सोना रु.** 142601
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 287550
प्रति किलो

# शेयर बाजारों में चौतरफा बिकवाली सेंसेक्स 1,066 अंक लुढ़का

मुंबई, वार्ता



ग्रीनलैंड मामले पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के रुख से मंगलवार को दुनिया के अन्य शेयर बाजारों के साथ घरेलू शेयर बाजारों में भी भारी गिरावट देखी गई, जिससे निवेशकों को 9,43,793 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1065.71 अंक (1.28 प्रतिशत) गिरकर 82,180.47 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) की निफ्टी.50 सूचकांक भी 353 अंक टूटकर 25,232.50 अंक पर आ गया। यह दोनों सूचकांकों का 14 अक्टूबर 2025 के बाद का निचला स्तर है। यह लगातार दूसरा दिन है जब दोनों प्रमुख सूचकांक लाल निशान में रहे हैं। सुबह गिरावट में खुलने के बाद सेंसेक्स का ग्राफ लगातार नीचे उतरता गया। एक समय यह 1,236 अंक टूट गया था। ग्रीनलैंड मुद्दे पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की कार्रवाई और बयानों से पूरी दुनिया में शेयर बाजारों पर जबरदस्त दबाव रहा। बिकवाली इस कदर हावी रही कि सेंसेक्स की 30 कंपनियों में सिर्फ एचडीएफसी बैंक का शेयर ही हरे निशान में रहा। मझौली और छोटी कंपनियों में और अधिक गिरावट रही। निफ्टी मिडकैप. 50 सूचकांक 2.73 प्रतिशत और स्मॉलकैप. 100 सूचकांक 2.85 प्रतिशत नीचे बंद हुआ। रियलटी सेक्टर का सूचकांक पांच प्रतिशत गिर गया। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, रसायन, ऑटो, आईटी और स्वास्थ्य सेक्टरों के सूचकांकों में दो से तीन प्रतिशत तक की गिरावट रही। बिकवाली का दबाव इस कदर रहा कि एनएसई में जिन 3,307 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें से 2,684 के शेयरों टूट गए जबकि 538 में तेजी रही। अन्य 85 कंपनियों के शेयर अंततः स्थिर रहे। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 29 के शेयर लाल निशान में रहे। इटरनल का शेयर सबसे अधिक 4.02 प्रतिशत टूटा। बजाज फाइनेंस का शेयर 3.88 प्रतिशत, सनफार्मा का 3.68, बजाज फिनसर्व का 3.05, इंडिगो और इंडिगो का 3.04 प्रतिशत गिर गया। ट्रेंट में 2. 89 प्रतिशत, महिंद्रा एंड महिंद्रा में 2.83, एशियन पेंट्स में 2.75, टाटा स्टील में 2.50, अडानी पोर्ट्स में 2.40 और टेक महिंद्रा में 2. 32 प्रतिशत की गिरावट रही। अल्ट्राटेक सीमेंट का शेयर 1.96 फीसदी, आईटीसी का 1.95, मारुति सुजुकी का 1.85, टीसीएस का 1.74, टाइटन का 1.67, एलएंडटी का 1. 54 और हिंदुस्तान यूनीलिवर का 1.52 प्रतिशत लुढ़क गया।

### रुपया सात पैसे टूटा ऐतिहासिक निचले स्तर पर बंद

**मंबुई।** अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया मंगलवार को सात पैसे कमजोर हुआ और कारोबार की समाप्ति पर एक डॉलर 90.97 रुपये का बोला गया। यह रुपये का अब तक का निचला बंद स्तर है। इससे पहले 16 दिसंबर 2025 को यह बीच कारोबार में 91. 14 रुपये प्रति डॉलर तक लुढ़कने के बाद 90.93 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। भारतीय मुद्रा में यह लगातार पांचवीं गिरावट है। सोमवार को यह 11.25 पैसे टूटकर 90. 90 रुपये प्रति डॉलर पर हुई थी। पांच दिन में यह 79.50 पैसे टूटी है। रुपया आज एक पैसे फिसलकर 90.91 रुपये प्रति डॉलर पर खुला। यह ऊपर 90.88 रुपये और नीचे 91. 06 रुपये प्रति डॉलर तक गया। अंत में 90. 97 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ। दुनिया की अन्य प्रमुख मुद्राओं के बास्केट में डॉलर सूचकांक में करीब एक प्रतिशत की नरमी से रुपये को समर्थन मिला, लेकिन घरेलू शेयर बाजार में चौतरफा बिकवाली के कारण रुपया कुल मिलाकर दबाव में रहा।

# चावल, चीनी, दालों में तेजी, खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में मंगलवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए, जबकि गेहूं की कीमतों में टिकाव रहा। चीनी और दालों के दाम भी बढ़े। खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत पांच रुपये बढ़कर 3,854 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई।

गेहूं 2,856 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रहा। आटे की कीमत भी दो रुपये बढ़ी। दाल-दलहनों में तेजी का रुख रहा। तुअर दाल औसतन 33 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ी। उड़द दाल 22 रुपये और मसूर दाल 17 रुपये मजबूत हुई। चना दाल 16 रुपये और मूंग दाल 15 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अप्रैल वायदा 26 रिंगिट की मजबूती के साथ 4,120 रिगिट प्रति टन पर पहुंच गया। अमेरिका सोया तेल का मार्च वायदा 0.36 प्रतिशत चढ़कर 52.80 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल औसतन 48 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। सूरजमुखी तेल 27 रुपये और वनस्पति 22 रुपये महंगा हुआ। मूंगफली तेल की कीमत 18 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। सोया तेल और पाम ऑयल में टिकाव रहा। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव 22 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गए। चीनी भी पांच रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे :- दाल-दलहन : दाल चना 7780.62 रुपये, मसूर काली 8144.53 रुपये, मूंग दाल 10098.71 रुपये, उड़द दाल 10426. 77 रुपये, तुअर दाल 10631.73 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2855.95 रुपये और चावल 3853.58 रुपये प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3305.69 रुपये प्रति क्विंटल। चीनी.गुड़ : चीनी एस 4292.83 रुपये और गुड़ 4986.12 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 17571. 24 रुपये, मूंगफली तेल 17930.50 रुपये, सूरजमुखी तेल 16006.83 रुपये, सोया तेल 13783.71 रुपये, पाम ऑयल 12473.39 रुपये और वनस्पति 14464. 97 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

# दस फरवरी के बाद भी नहीं रद्द होगी उड़ान, इंडिगो ने डीजीसीए को बताया

**नई दिल्ली।** चालक दल के सदस्यों की तैनाती में 'कुप्रबंधन' के कारण पिछले साल दिसम्बर के पहले सप्ताह में बड़े पैमाने पर उड़ानें रद्द करने वाली निजी विमान सेवा कंपनी इंडिगो ने नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) को बताया है कि उसके पास 10 फरवरी तक पर्याप्त संख्या में पायलट उपलब्ध होंगे और 10 फरवरी के बाद उड़ानें रद्द नहीं होंगी। डीजीसीए में पिछली साप्ताहिक बैठक के दौरान इंडिगो ने सोमवार को बताया कि उड़ानों की मौजूदा मंजूर संख्या के लिए डीजीसीए की फ्लाइट ड्यूटी से संबंधित छूट हटा लेने के बावजूद 10 फरवरी को पायलट की उपलब्धता को देखते हुए उड़ानें रद्द नहीं होंगी। उसने बताया कि 10 फरवरी को उसके पास एयरबस के 2,400 कमांड पायलट होंगे, जबकि जरूरत 2,280 पायलट की है। एयरबस के 2,240 को-पायलट होंगे, जबकि जरूरत 2,050 पायलट की है। विमानन नियामक ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर बैठक की जानकारी साझा करते हुए बताया कि इंडिगो ने डीजीसीए को आश्वस्त किया है कि इन तथ्यों के मद्देनजर 10 फरवरी के बाद कोई उड़ान रद्द नहीं होगी। उसने कहा कि दिसम्बर में हुए संकट के बाद इंडिगो को छह दिसम्बर 2025 से 10 फरवरी 2026 तक के लिए फ्लाइट ड्यूटी से संबंधित दो नियमों में विशेष छूट दी थी।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**सहारनपुर में...** पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है और धीरे-धीरे अशोक राठी के सभी सगे संबंधी उनके मकान पर पहुंच गए। एसएसपी तिवारी ने कहा कि पुलिस हर बिंदु की बारीकी से जांच पड़ताल में जुटी है। पुलिस मृतक अशोक राठी के स्वास्थ्य संबंधी मामलों की जानकारी लेने का काम कर रही है। उनका कहना था कि शुरुआती जांच और प्राप्त तथ्यों के आधार पर यह सामूहिक आत्महत्या की घटना है। पुलिस ने मौके से लोडिड तीनों देशी तमंचों को भी कब्जे में लेकर फोरेंसिक जांच के लिए भेज दिया है। फोरेंसिक टीम घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण कर रही है। इस लोमहर्षक घटना से पूरा जनपद ही नहीं, बल्कि प्रदेश सिहर गया। जनपद के आला अफसरों ने घटना की सूचना मुख्यमंत्री समेत गृह सचिव, डीजीपी और संबंधित अफसरों को भेज दी है। पुलिस इस घटना के पीछे कारणों की तलाश में हर एंगल से जुटी है।

# खड़गे ने खान अब्दुल गफ्फार खान की पुण्यतिथि पर अर्पित की श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को खान अब्दुल गफ्फार खान की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्हें फंटियर गांधी के नाम से जाना जाता है। खड़गे ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए बाचा खान को शांति का प्रकाशस्तंभ बताया और कहा कि उनका जीवन और कार्य भारत तथा दक्षिण एशिया भर में लाखों लोगों को लगातार प्रेरित करता रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष ने देश के स्वतंत्रता संग्राम के महान नेता खान अब्दुल गफ्फार खान को शांति और अहिसा के आजीवन समर्थक के रूप में याद किया गया। श्री खरगे ने भारत की आज़ादी में उनके अमूल्य योगदान और मानव गरिमा तथा सद्भाव के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता को स्मरण किया। श्री खरगे ने यह भी बताया कि भारत रत्न से सम्मानित गफ्फार खान को स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान अपने सिद्धांतों के लिए बार-बार कारावास झेलना पड़ा। उन्होंने पश्तून नेता के कांग्रेस के साथ लंबे जुड़ाव का उल्लेख करते हुए कहा कि वे कई वर्षों तक कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य रहे और संविधान सभा के लिए भी निर्वाचित हुए। खड़गे ने श्रद्धांजलि देने के बाद कहा कि अहिंसा, सद्भाव और मानव गरिमा के प्रति उनकी दृढ़ निष्ठा आज भी लाखों लोगों को प्रेरित करती है और हमें उन साझा मूल्यों की याद दिलाती है, जो हम सभी को एक सूत्र में बांधते हैं।

# अविमुक्तेश्वरानंद को नोटिस पर कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर साधा निशाना

लखनऊ, वार्ता

■ जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद वास्तव में शंकराचार्य हैं या नहीं

माघ मेला क्षेत्र में जगद्गुरु शंक. राचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को लेकर प्रयागराज मेला प्राधिकरण द्वारा जारी नोटिस पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने उत्तर प्रदेश सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि अब प्रदेश की भाजपा सरकार खुद यह तय करने पर उतारू हो गई है कि जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद वास्तव में शंक. राचार्य हैं या नहीं।

उन्होंने कहा कि यह न सिर्फ सनातन परंपरा का अपमान है, बल्कि धर्माचार्यों की गरिमा पर सीधा हमला भी है। एक ओर जगद्गुरु शंकराचार्य को नोटिस भेजे जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर भाजपा सरकार और उसके नेता सनातन धर्म के नाम पर बड़े-बड़े भाषण देते नहीं थकते। यह साफ तौर पर सरकार की दो. हरी नीति को उजागर करता है। श्री राय ने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि जिस देश और प्रदेश में सत्ता में बैठे लोग खुद कोऽहिदू धर्म का रक्षकष बताते हैं, उसी शासन में एक प्रतिष्ठित धर्माचार्य की पहचान पर सवाल खड़े किए जा रहे हैं। यह रवैया न केवल धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाला है, बल्कि भारतीय परंपराओं के भी खिलाफ है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार को यह समझना चाहिए कि धर्म का सम्मान केवल मंचों से भाषण देकर नहीं होता, बल्कि अपने आचरण और व्यवहार से होता है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा बार-बार धर्म को राजनीतिक हथियार की तरह इस्तेमाल कर रही है, लेकिन जब वास्तविक सम्मान की बात आती है, तो उसका चेहरा बेनकाब हो जाता है। अजय राय ने मांग की कि राज्य सरकार इस पूरे मामले पर अपना रुख स्पष्ट करे और धर्माचार्यों के सम्मान से जुड़े किसी भी कदम से पहले सनातन परंपराओं और धार्मिक मर्यादाओं का ध्यान रखे। गौरतलब है कि माघ मेला क्षेत्र में जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को लेकर प्रयागराज मेला प्राधिकरण द्वारा जारी नोटिस में न्यायालईन आदेशों का हवाला देते हुए शंकराचार्य पद से जुड़े विवाद का उल्लेख किया गया है और मेला क्षेत्र में किसी भी प्रकार के आयोजन, शिविर या गतिविधि को लेकर दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। प्राधिकरण की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि इलाहाबाद हाईकोर्ट में लंबित वाद और पूर्व में पारित आदेशों के तहत विवादित विषय से जुड़े किसी भी प्रकार के आयोजन या प्रचार-प्रसार की अनुम. ति नहीं दी जा सकती।

# स्कूल जाते छात्राओं से युवक ने की छेड़छाड़

## भीड़ ने पिटाई कर पुलिस को सौंपा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। स्कूल जा रही छात्राओं के साथ सरेराह रिक्शा चालक ने छेड़खानी की। जिस पर छात्राओं ने शोर मचा दिया। लोगों ने दौड़कर आरोपी को पकड़ लिया तथा उसकी जमकर पिटाई की। इसके बाद भीड़ उसे चौकी ले गयी जहां उसे पुलिस के हवाले कर दिया।

छेड़छाड़ की दुस्साहसिक घटना मंगलवार सुबह शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला दानिशमंदान की है। आस-पास मोहल्लों की कुछ छात्राएं एक साथ स्कूल जाने के लिए घर से निकली थीं। बताया जा रहा है जैसे ही छात्राएं मोहल्ला दानिशमंदान में टीपी नगर चौकी के नजदीक पहुंचीं तभी वहां रास्ते में खड़े मिले मोहल्ले के युवक ने उनसे छेड़छाड़ शुरू कर दी। सिटी बजाते हुए कॉलर उचकाकर रास्ते में साथ चलते हुए वह गंदे कमेंट्स करने लगा। छात्राओं ने जब उसकी इस हरकत का विरोध किया तो युवक उनके साथ सरेबाजार मारपीट करने लगा। उसकी जुर्रत बढ़ती हुई देख छात्राओं ने मदद मांगने के लिए शोर मचा दिया, जिसे सुनकर रुके राहगीरों ने दौड़कर युवक को दबोच लिया। पहले छात्राओं के सामने ही उसकी जमकर पिटाई की और बाद में खींचते हुए चौकी ले जाकर उसे पुलिस के हवाले कर दिया। इस दौरान चौकी पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। हंगामा बढ़ता हुआ देख पुलिस ने तुरंत आरोपी को हिरासत में ले लिया। इसके बाद काफी देर तक आरोपी युवक चौकी में बैठा रहा। वहीं, छात्राओं से छेड़छाड़ की दुस्साहसिक घटना को लेकर मोहल्ले के लोगों के बीच भी गुस्सा भड़क गया। स्थानीय लोगों के मुताबिक आरोपी मोहल्ला दानिशमंदान का रहने वाला है और ई-रिक्शा चालक है। इस तरह की घटनाएं वह पहले भी कर चुका है। एसपी अमित कुमार आनंद ने मामले में आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने की बात कही।

**किसान को प्लाटिंग का झांसा देकर 24 लाख 60 हजार रुपये ठगे**

# भाजपा नेता पिंटू भाटी व पत्नी पर धोखाधड़ी की रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। गजरौला निवासी भाजपा नेता पिंटू भाटी व उनकी जिपं सदस्य पत्नी रेशमा पर 24 लाख 60 हजार रुपये की धोखाधड़ी और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगा है। रजबपुर निवासी किसान गिरिराज सिंह ने मामले में एसपी से शिकायत की थी। उनके निर्देश पर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है।

पीड़ित किसान गिरिराज सिंह के अनुसार, उनकी पहचान गजरौला निवासी पिंटू भाटी ( भाजपा नेता ) और रेशमा ( जिपं सदस्य ) से हुई थी। रेशमा ने अपने पति पिंटू भाटी के फोन से कॉल कर उन्हें गजरौला में प्लॉटिंग की जानकारी दी थी। 5 जनवरी 2022 को दोनों ने गजरौला के जनहित हॉस्पिटल के पास मुलाकात की, जहां एक जमीन दिखाकर दुकान तय की गई थी। इसके बाद, गिरिराज सिंह ने अलग-अलग तारीखों पर





नकद और बैंक खातों के माध्यम से कुल 24 लाख 60 हजार रुपये पिंटू भाटी और उनकी पत्नी रेशमा को दिए। यह राशि दुकान खरीदने के लिए दी गई थी। जब गिरिराज सिंह ने दुकान की रजिस्ट्री कराने के लिए कहा, तो आरोपियों ने टालमटोल करना शुरू कर दिया। बाद में उन्हें बताया गया कि यह पैसा किसी अन्य जमीन में लगा दिया गया है और उस जमीन के बिकने के बाद राशि लौटा दी जाएगी। कई बार तारीखें देने के बावजूद पैसा वापस नहीं किया गया। आरोप है कि 23 अक्टूबर 2025 को जब गिरिराज सिंह अपने साथी नितिन कुमार के साथ पिंटू भाटी के घर पैसे मांगने गए, तो पिंटू भाटी और रेशमा ने उनके साथ गाली-गलौज और हाथापाई की। उन्होंने गिरिराज सिंह पर पिस्टल लगाकर जान से मारने की

■ **भाजपा नेता पिंटू भाटी व पत्नी जिला पंचायत सदस्य रेशमा ने बनाया शिकार**

धमकी दी और उन्हें घर से भगा दिया। उन्होंने एसपी को शिकायती पत्र देते हुए दोनों आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की थी। थाना प्रभारी कोमल तोमर ने बताया कि गिरिराज सिंह की तहरीर के आधार पर संबंधित आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले में की जांच की जा रही है।

## गाली गलौच व मारपीट में चार पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा**। थाना क्षेत्र के गांव शेरपुर मुस्तकम निवासी एक व्यक्ति के साथ गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित नवाब पुत्र अलीशेर ने पुलिस को बताया कि बीती 16 जनवरी को उसके पड़ोस में रहने वाले भाई कल्लन पुत्र अलीशेर, भतीजे इनसाद पुत्र कल्लन, फिरोज पुत्र कल्लन और हिना पत्नी फिरोज ने उसके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों से मारपीट की, जिससे उसे चोटें आईं। आरोप है कि जब उसे बचाने के लिए उसकी पत्नी गुलशन बीच में आई तो उसके साथ भी मारपीट की गई।

# अस्पताल संचालक से बीस लाख रुपये हड़पे

## हरियाणा की महिला समेत दो पर रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। स्वास्थ्य बीमा की धनराशि का भुगतान करने का झांसा देकर हरियाणा की महिला समेत दो लोगों ने देखभाल अस्पताल के संचालक से 20 लाख रुपये हड़प लिए। एसपी के आदेश पर मामले में आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। देखभाल अस्पताल अमरोहा-जोया रोड पर है।

शहर के मोहल्ला चाहगौरी निवासी शाहवेज खालिद इस अस्पताल में पार्टनर हैं। उनके द्वारा दर्ज कराई गई एफआईआर के मुताबिक उनके अस्पताल का मेडी असिस्ट इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड से करार है। इंश्योरेंस कंपनी के माध्यम से देखभाल अस्पताल के करीब 36 लाख रुपये के स्वास्थ्य बीमा के दावे लंबित थे। इसी बीच हरियाणा के गुरुग्राम में अशोक विहार के रहने वाले संजय कुमार शर्मा और अमिता देव अस्पताल पहुंचे और खुद को मेडी असिस्ट इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड का इन्वेस्टिगेशन ऑफिसर बताया। दोनों ने तीन दिन तक अस्पताल में रहकर झूठी जांच प्रक्रिया चलाई और प्रोसेसिंग शुल्क

■ **स्वास्थ्य बीमा की धनराशि का भुगतान कराने का झांसा देकर बनाया शिकार**

मिलने के बाद सभी दावों का भुगतान तुरंत करने की बात कही। इस दौरान दोनों ने नकद और बैंकों के माध्यम से 20 लाख रुपये वसूल लिए। लेकिन, जब पांच महीने बाद भी स्वास्थ्य बीमा का भुगतान नहीं हुआ तो शाहवेजखालिद को धोखाधड़ी का एहसास हुआ। संजय कुमार शर्मा और अमिता देव से संपर्क करने पर उनके द्वारा सिर्फ गुमराह किया जाता रहा। बीते दिनों पीड़ित शाहवेज खालिद ने एसपी अमित कुमार आनंद को शिकायती पत्र देकर बताया था कि दोनों लोगों ने मेडी असिस्ट इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड की आड़ में धोखाधड़ी की है। सीओ सिटी अभिषेक यादव ने बताया कि मामले में संजय कुमार शर्मा और अमिता देव के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# महाराष्ट्र चुनाव में जीत पर बांटी मिठाई

## पंचायत चुनाव में जुटने का आह्वान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। महाराष्ट्र निकाय चुनाव में शानदार जीत होने पर एमआईएम के कार्यकर्ताओं ने मिठाई का वितरण करते हुए खुशी का इजहार किया। पंचायत एवं विधानसभा चुनाव में जुट जाने का भी आह्वान किया गया। मंगलवार को नगर में कनेटा रोड पर एआईएमआईएम के प्रदेश महासचिव हाजी शहजाद खान के आवास पर महाराष्ट्र निकाय चुनाव में पार्टी की शानदार जीत होने पर मिठाई का वितरण किया गया। प्रदेश महासचिव हाजी शहजाद खान ने कहा कि पार्टी ने महाराष्ट्र के अंदर शानदार प्रदर्शन किया है।यूपी में जल्द होने वाले पंचायत चुनाव में भी पार्टी अपने प्रत्याशियों को मैदान में उतारेगी। उन्होंने कहा कि आरक्षण घोषित होते ही प्रत्याशियों की घोषणा कर दी जायेगी। उन्होंने कहा कि देश की आवाम बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी के साथ जुड़ चुकी है। 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी करीब 200 सीटों पर अपने प्रत्याशियों को उतारेगी। बहुत जल्द सूबे के सदर शौकत अली जनपद का दौरा करेंगे। इस दौरान कबीर कुरैशी ने एआईएमआईए म में शामिल होने की घोषणा की। इस अवसर पर जिला सचिव छुन्नन अल्वी, सादिक कादरी, मोहम्मद वकार, गुड्डू जफर, मौसिफ अंसारी, शाहजेब अंसारी, आरिफ ठेकेदार, दिलशाद चौधरी, अब्दुल कादिर कुरैशी, हाफिज मलिक, कासिम एडवोकेट, नौशाद खान आदि मौजूद थे।

# शकील बने तहसील बार के अध्यक्ष

## प्रमोद को दस वोटों से हराया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। सदर तहसील बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव में शकील अहमद ने 10 मतों से जीत दर्ज की। मंगलवार को तहसील परिसर स्थित बार रुम में कड़ी निगरानी के बीच मतगणना हुई। चुनाव अधिकारी सुरेन्द्र सिंह, पुष्कर लाल गुप्ता, गौरव शर्मा, अभिनव सक्सैना, मंजीत सिंह ने मतों की गिनती की। अध्यक्ष पद पर शकील अहमद एडवोकेट ने 100 मत हासिल किए । प्रमोद कुमार भटनागर को 90 अधिवक्ताओं का समर्थन मिला। वहीं, कोषाध्यक्ष पद पर निरंजन सिंह एडवोकेट ने 98 मत प्राप्त कर जीत हासिल की। इरफान एडवोकेट को 91 मत मिले। गौरतलब हो कि सोमवार को संपन्न कराए गए चुनाव में 190 बार सदस्यों ने मतदान किया था। इन दो पदों के अलावा बार एसोसिएशन के बाकी पदों पर चुनाव निर्विरोध हो गया था। जिसमें संजीव कुमार महासचिव, इंतेखाब नासिर व जयविंदर सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष,



काशीराम व कृष्ण कुमार पंवार कनिष्ठ उपाध्यक्ष, मोहम्मद अमजद इदरीसी पुस्तकालय अध्यक्ष, सैफ सिद्दीकी, मीडिया प्रभारी, संजीव सक्सैना व उमेश कुमार उप सचि व, मोहम्मद शाहरुख व जितेन्द्र सिंह सह सचिव तथा कय्यूम अली ऑडिटर चुने गये है। नव निर्वाचित अध्यक्ष व कोषाध्यक्ष ने सभी अधिवक्ताओं का आभार जताते हुए समस्याओं के समाधान के लिए एकजुट रहने की अपील की।

# पहली शादी छिपाकर डाक्टर को प्रेम जाल में फंसाया

## घर से जेवर व नकदी लेकर हुई फरार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। बुलंदशहर की महिला ने अपनी पहली शादी छिपा डिडौली क्षेत्र के रहने वाले क्लीनिक संचालक को अपने प्रेम जाल में फंसा लिया। राज खुलने पर क्लीनिक संचालक के होश उड़ गए। उनकी गैर मौजूदगी में महिला अपने परिजनों के साथ मिलकर घर से सोने-चांदी के जेवरात और नकदी लेकर भाग गई। क्लीनिक संचालक की मां ने जब विरोध किया तो आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने महिला समेत चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

मामला डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव कालखेड़ा उर्फ कलालखेड़ा से जुड़ा है। यहां पर मोहम्मद रजा का परिवार रहता है। वह नोएडा में क्लीनिक का संचालन करते हैं। एफआईआर के मुताबिक उसी दौरान बुलंदशहर जिले के डिवाई थाना क्षेत्र के मोहल्ला शेखत चिश्ती की रहने वाली अना ने अपनी पहली शादी छिपा मोहम्मद रजा को अपने प्रेम जाल में फंसा लिया। बाद में मोहम्मद रजा को अना की पहली शादी के बारे में पता चला तो होश उड़ गए। क्लीनिक संचालक ने यह बात अना की मां रहीसा से बताई तो उसने कहा कि हमारा यही काम है। तीन दिसंबर 2025 को मोहम्मद रजा अपने क्लीनिक पर थे। आरोप है कि तभी अना अपने परिजनों के साथ उनके घर में घुस आई और करीब सात लाख रुपये की नकदी और सोने-चांदी के जेवरात लेकर भाग गए। आरोप है कि मां अफसाना ने जब इनका विरोध किया तो आरोपियों ने मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया। मामले में पीड़ित मोहम्मद रजा ने पुलिस से शिकायत की लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई। लिहाजा, उन्होंने कोर्ट की शरण ली। सीओ सिटी अभिषेक यादव ने मामले में कोर्ट के आदेश पर अना, रहीसा फातिमा और सैफ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

■ **कोर्ट के आदेश पर महिला समेत चार पर मुकदमा**

# फांसी के फंदे पर झूलता मिला युवक का शव

## परिजनों में मचा कोहराम, तीन भाई-बहनों में सबसे छोटा था मृतक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। रहरा थाना क्षेत्र के गांव पौरारा (सैनियों वाली मढैय्या) में एक हृदय विदारक घटना सामने आई है। यहाँ 18 वर्षीय युवक गौरव पुत्र शंभू सिंह का शव उसके ही घर के कमरे में संदिग्ध परिस्थितियों में पंखे से लटका मिला। युवक की मौत की खबर फैलते ही पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

परिजनों के अनुसार गौरव शनिवार की रात्रि को रोजाना की तरह खाना खाकर अपने कमरे में सोने चला गया था। रविवार दोपहर लगभग 12:00 बजे तक जब वह अपने कमरे से बाहर नहीं निकला तो उसकी मां मन्नों देवी उसे देखने कमरे में पहुँचीं। जैसे ही उन्होंने दरवाजा खोला, अंदर का दृश्य देखकर उनकी चीख निकल गई। गौरव का शव दुपट्टे के सहारे पंखे से लटका हुआ था। चीख-पुकार



सुनकर ग्रामीण मौके पर जमा हो गए और तत्काल स्थानीय पुलिस को सूचित किया गया। सूचना मिलते ही वरिष्ठ उप निरीक्षक संदीप पवांर पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुँचे। पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतारकर पंचनामा भरा और पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। मृतक गौरव मजदूरी करके परिवार का हाथ बंटाता था। वह तीन भाई-बहनों में सबसे छोटा था और अभी अविवाहित था। उसकी अचानक मौत से परिवार के सदस्यों का बुरा हाल है। पुलिस मामले की जांच कर रही है कि युवक ने यह आत्मघाती कदम क्यों उठाया।साथ घटनास्थल पर पहुँचे। पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतारकर पंचनामा भरा और पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। मृतक गौरव मजदूरी करके परिवार का हाथ बंटाता था। वह तीन भाई-बहनों में सबसे छोटा था और अभी अविवाहित था। उसकी अचानक मौत से परिवार के सदस्यों का बुरा हाल है। पुलिस मामले की जांच कर रही है कि युवक ने यह आत्मघाती कदम क्यों उठाया।

## नन्दोई ने महिला के साथ किया दुष्कर्म

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। न्यायालय के आदेश पर थाना पुलिस ने महिला के नन्दाई के विरूद्ध दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज की है।

नगर के मोहल्ला निवासी पीड़िता का आरोप है कि 02.11.2025 को उसके घर पर उसके सगे नन्दोई आलम शाह आए थे। पीड़िता के पति और नन्दोई दोनों ही शराब पी रखी थी। नशे के कारण पीड़िता का पति तो सो गया मगर नन्दोई नहीं सोया। रात के करीब 11 बजे जब पीड़िता अपने कमरे में सो रही थी कि तभी उसका नन्दोई कमरे में आ गया और कमरे का दरवाजा बंद करके उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। पीड़िता ने शोर मचाकर पति को जगाने की कोशिश तो आरोपी भाग गया। सुबह को पीड़िता ने अपने पति को नन्दोई द्वारा की गई करतूत के बारे में बताया। आरोप है कि पीड़िता थाने गई और पुलिस से कार्रवाई की मांग की, मगर पुलिस ने यह कहकर उसके टरका दिया कि पुलिस तिगरी गंगा मेले की डयूटी में व्यस्त है, 06.11.2025 को थाने आने तब कार्रवाई करेंगे। इसके बाद पीड़िता 06 नवम्बर को भी थाने गई मगर उसकी कोई सुनवाई नहीं हुई। आरोप है कि वह एसपी कार्यालय में भी गई मगर आरोपी के विरूद्ध कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिसके बाद उसने न्यायालय की शरण ली। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि आरोपी आलम शाह के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज करके अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

## एक नजर

### अक्षरा पब्लिक स्कूल को सीबीएसई से मिली इंटर की मान्यता



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। अक्षरा पब्लिक स्कूल को केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई ने कक्षा 12 तक सभी वर्ग विज्ञान, वाणिज्य, कला की मान्यता प्रदान की है। यह उपलब्धि विद्यालय के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है जो गुणवत्तापूर्ण, मूल्य आधारित एवं आधुनिक शिक्षा प्रदान करने की हमारी निरंतर प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करती है। इस अवसर पर विद्यालय के संरक्षक डा. हरि सिंह ढिल्लो, प्रबंध निदेशक श्रीमति सुगन राहल व प्रधानाचार्य निपेन्द्र कुमार ने प्रसन्नता जताते कहा कि सफलता विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों के सामुहिक प्रयासों का परिणाम है। उन्होने भरोसा दिलाया कि भविष्य में उच्च शैक्षिक मानको को बनाए रखते हुए विद्यार्थियों के सर्वागीण विकास करता रहेगा।

### शराब पीकर मारपीट का आरोप, दो पर रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा**। थाना क्षेत्र के गांव आजमपुर में शराब के नशे में मारपीट कर युवक को गंभीर रूप से घायल करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की तहरीर पर दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव आजमपुर निवासी मुकेश ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके भाई कुलदीप के साथ गांव के ही राजू और रोविंद्र ने शराब के नशे में आकर मारपीट कर दी। आरोप है कि लाठी-डंडों से की गई मारपीट में कुलदीप को गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद परिजन घायल कुलदीप को लेकर थाने पहुंचे, जहां से पुलिस ने उसे चिकित्सकीय परीक्षण के लिए भेज दिया। मेडिकल जांच में कुलदीप के हाथ में फ्रैक्चर होने की पुष्टि हुई है।

### कर्मचारी औषधालय ने लगाया स्वास्थ्य शिविर



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला**। कर्मचारी राज्य बीमा औषधालय द्वारा आरोग्य शक्ति अभियान के तहत जुबिलेंट इंग्रविया लिमिटेड के कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें दवाओं का वितरण किया गया। सोमवार को औषधालय की निदेशक सौम्या पांडे के निर्देशानुसार नगर में स्थित औषधालय के प्रभारी चिकित्सा धिकारी डॉ.मयंक कौशिक ने जुबिलेंट भरतिया फाउंडेशन के सहयोग से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। शिविर में कर्मियों के बीपी,वजन, ब्लड शुगर, ईसीजी और टीबी स्क्रीनिंग की गई। जेबीएफ के मेडिकल हेड डॉ.सुजंदर फोगाट ने बताया कि शिविर में उच्च रक्तचाप के 20, एनीमिया के 30 एवं डायबिटीज के 20 रोगी पाए गए। इस दौरान कर्मचारियों को ईएसआई के लाभों लाभों की जानकारी भी दी गई। इस मौके पर जुबिलेंट में निदेशक जनसंपर्क सुनील दीक्षित, डा.हरीश, प्रशांत शर्मा, आशु कुमार आदि भी मौजूद रहे।

# बूढ़े बाबू के मेला में श्रद्धालुओं ने सरोवर के जल से धोए मुंह हाथ

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। नगर के मायापुरी स्थित सिद्ध सरोवर पर बूढ़े बाबू का मेला लगा। इसमें आसपास के गांवों व नगर से आए हजारों लोगों ने पहुंचकर मठ पर माथा टेका और सरोवर के जल से मुंह हाथ धोए। मान्यता है कि इस जल के आचमन और सरोवर की मिटटी से शरीर में किसी भी तरह के चर्म रोग दूर हो जाते हैं।

मंगलवार को गांव में नगर के मायापुरी में रेलवे लाइन के पास में स्थित सरोवर पर बूढ़े बाबू का मेला लगा, जिसमें आसपास के लोगों ने पहुंचकर पूजा अर्चना की। सरोवर के जल से मुंह हाथ धोने के बाद श्रद्धालुओं ने मठ में जाकर आस्था के माथा टेका। यहां पर दो मठ हैं, दोनों ही स्थानों पर श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। मेले की दुकानों से श्रद्धालुओं ने बच्चों के लिए खिलौने, पकौड़ी, जलेबी, वस्त्र और अन्य जरूरत का सामान खरीदा। इस मौके पर ऊपर वाले मठ पर प्रेमगिरि जी महाराज, साध्वी पूनम गिरि, राजवीर सिंह, पवन कुमार फिरंगी, रामफल, राजकुमार आदि मौजूद रहे। वहीं दूसरे मठ पर चन्द्रपाल प्रजापति, रामौतार प्रजापति, वेगराम प्रजापति, रोहित प्रजापति, मंजू देवी, विमला देवी आदि मौजूद रहे। सुरक्षा के द्रष्टिगत पुलिस बल मौजूद रहा।

■ **मान्यता है कि चर्म रोगों में मिलती है राहत**



## मेले में बच्चों ने लिया झूलों-तमाशों का आनन्द

**हसनपुर**। कोतवाली क्षेत्र के अल्लीपुर खादर गांव में मंगलवार से प्रारंभ हुए पारंपरिक दो दिवसीय मेलें का शुभारंभ विधायक पुत्र एवं भाजपा नेता देवेंद्र खड्गवंशी ने विधिवत फीता काट कर किया गया। बूढ़े बाबू के मठ पर आयोजित इस मेलें में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। स्थानीय मान्यताओं के अनुसार, मठ के निकट स्थित तालाब में स्नान करने से कुष्ठ सहित विभिन्न त्वचा रोगों से मुक्ति मिलती है। मेले में आकर्षण का प्रमुख केंद्र बच्चों की ट्रेन रही। साथ ही झूले, मीना बाजार, मौत का कुआं और खेल-तमाशे की दुकानों ने मेले की रौनक बढ़ाई। महिलाओं ने सौंदर्य प्रसाधन की वस्तुएं खरीदी। जबकि बच्चों ने खिलौनों की खरीदारी की। श्रद्धालुओं ने मठ पर प्रसाद चढ़ाकर अपनी मनोकामनाएं मांगी। मेला आयोजक हरि सिंह प्रजापति भगत के अनुसार, इस वर्ष मेला दो दिनों तक चलेगा। कार्यक्रम में पूर्व प्रधान अनिल कुमार, भोजराम सिंह, टीकाराम, विजयपाल सिंह, नारायन, ज्ञान सिंह, बबलू, महेंद्र एडवोकेट, सुनील,जरीफ खां, हरस्वरूप, पूरन, मेघराज, नेपाल आदि लोग मौजूद रहे।

## बिजौरा स्थित सरोवर पर भी लगा मेला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**गजरौला**। बूढ़े बाबू की दोयज पर ब्लॉक क्षेत्र के गाँव बिजौरा में भी मेला लगा। यहाँ पर श्रद्धालुओं की भीड़ काफी ज्यादा रही। मेले में पुलिस ने भी अस्थाई चौकी बनाकर सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाल रखी है। मेले में सीसीटीवी के माध्यम से भी निगरानी की जा रही है। यहाँ पर मेला भी काफी विशाल लगता है। मंगलवार को श्रद्धालुओं ने यहाँ स्थित सरोवर के जल से मुंह हाथ धोया और बूढ़े बाबू के मठ पर प्रसाद चढ़कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

# कम प्रसव पर आशाओं को दिया नोटिस

## एसीएमओ ने किया सीएचसी का निरीक्षण

शाह टाइम्स संवाददाता

**मंडी धनौरा।** मंगलवार को अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. जसकरन गंगवार ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मंडी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लेबर रूम, आयुष्मान भारत कक्ष, इमरज. सी वार्ड, दवा स्टॉक कक्ष और विभिन्न रजिस्टरों की बारीकी से जांच की।

निरीक्षण के बाद संगिनी कार्यक्रम की संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में लक्ष्य के सापेक्ष कम प्रसव कराने वाली आशा कार्यकर्ताओं को चिन्हित किया गया। इस पर ए सीएमओ ने नाराजगी जताते हुए संबंधित आशाओं को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं को सुरक्षित प्रसव के लिए अस्पताल तक लाना आशाओं की जिम्मेदारी है और इसमें किसी भी तरह की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। एसीएमओ ने निर्देश दिए कि आशा और संगिनी कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर गर्भवती महिलाओं से संपर्क करें और उन्हें संस्थागत प्रसव के लिए जागरूक करें, जिससे जच्चा-बच्चा दोनों सुरक्षित रह सकें। बैठक में चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राहुल कुमार ने अधिक से अधिक आयुष्मान कार्ड और आभा आईडी बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पात्र लोगों को सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ समय पर मिलना चाहिए। इस अवसर पर डीएसएमएच विपुल कुमार शम्मा, अमित कुमार, बीपीएम अभिषेक वर्मा, ममतेश कुमारी सहित संगिनी कार्यक्रम से जुड़े सभी स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

# तीन नामजद समेत चार पर मुकदमा

## डीजे बजाने वाले युवक की हादसे में हुई थी मौत, अस्पताल में शव छोड़कर भागे थे आरोपी

शाह टाइम्स संवाददाता

**अमरोहा।** डीजे बजाने वाले युवक की मौत के मामले में पुलिस ने पिता की तहरीर पर तीन नामजद व एक अज्ञात के खिलाफ हादसे का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस घटना की जांच में जुटी है।

शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला मेहम्मदी सराय निवासी मनोज कुमार का बेटा रोहित कस्बा जोया निवासी अर्जुन के डीजे पर काम करता था। रविवार दोपहर दोस्तों के कहने पर रोहित डीजे बजाने के लिए घर से नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव अकबरपुर चट्टी गया था। देर शाम में परिजनों ने मोबाइल पर रोहित से बात की थी तो उसने देर रात तक घर लौटने की बात कही थी। इसके बाद रोहित घर नहीं लौटा था बल्कि रात में करीब नौ बजे मोहल्ले के लोगों से उन्हें सूचना मिली कि रोहित हादसे का शिकार हो गया है और वह जिला अस्पताल में भर्ती है। इसके बाद परिजन जब जिला अस्पताल पहुंचे तो वहां इमरजेंसी में उन्हें रोहित का शव मिला। चिकित्सक ने बताया कि बाइक सवार पिंटू और उसका एक साथी रोहित को अस्पताल में छोड़ भाग गए हैं। रोहित के सीने में दाईं गहरा घाव था, जिसे देख ऐसा लग रहा था जैसे उसकी गोली मारकर हत्या की गई है। गुस्साए परिजनों ने रोहित की हत्या का आरोप लगा अस्पताल में जमकर हंगामा किया था। सूचना मिलते ही एसपी अमित कुमार आनंद और एएसपी अखिलेश भदौरिया, सीओ अभिषेक यादव और अवधभान भदौरिया मौके पर पहुंच गए थे। हालात तनावपूर्ण देख पुलिस अफसरों ने तीन थानों का फोर्स बुला लिया था। पुलिस ने हंगामा कर रहे परिजनों को समझाकर शांत किया था। मामले में पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस ने शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया था। अंतिम संस्कार करने के बाद मंगलवार को परिजन फिर नौगावां सादात थाने पहुंचे तथा रोहित कुमार की मौत के मामले में हत्या की तहरीर दी। मृतक रोहित कुमार के पिता मनोज कुमार की ओर से दी गई तहरीर में तीन युवकों को नामजद किया गया। इनमें एक आरोपी अज्ञात भी शामिल किया गया। सीओ अवधभान भदौरिया ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट में युवक की मौत हादसे में होने की पुष्टि की गई है। मामले में परिजनों को समझाने के बाद मोहल्ला किशनगढ़ निवासी डीजे संचालक अभिषेक सैनी तथा पिकअप चालक शेर सिंह के खिलाफ हादसे से संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है, आरोपियों को जल्दी गिरफ्तार कर चालान किया जाएगा।

# गन्ना वैरायटी जांच में बड़े खेल का आरोप

## भाकियू असली ने उठायी जांच की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

**मंडी धनौरा।** गन्ना वैरायटी 05009 और 05011 की जांच रिपोर्ट को लेकर जिले में बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। भारतीय किसान यूनियन असली ने गन्ना विभाग और जांच प्रक्रिया पर गंभीर आरोप लगाए हैं। भाकियू का कहना है कि जिलाधिकारी द्वारा बनाई गई जांच कमेटी में गन्ना विभाग अमरोहा ने मनमानी करते हुए कुछ नाम हटा दिए और अपने हिसाब से नए नाम जोड़ दिए। भाकियू जिला प्रवक्ता नरेश कुमार ने बताया कि जांच कमेटी के अध्यक्ष जिला कृषि उपनिद. शक रामप्रवेश की अनुपस्थिति में गन्ना वैरायटी की जांच कराई गई। मुजफ्फरनगर कृषि शोध संस्थान से वैज्ञानिक बुलाने की बात कही गई, लेकिन जिन किसानों को गवाह बनाया गया, उन्होंने साफ कहा कि उनके सामने न तो कोई वैरायटी विशेषज्ञ आया और न ही कोई जांच हुई। नरेश कुमार का आरोप है कि बंद कमरे में बैठकर गन्ना वैरायटी 05009 को 05011 दिखाकर फाइनल रिपोर्ट तैयार कर दी गई। यह रिपोर्ट पूरी तरह निराधार है और सीधे तौर पर गन्ना मिल को फायदा पहुंचाने वाली है। इससे किसानों को नुकसान हो रहा है और उनकी जेब पर सीधा हमला किया जा रहा है। भाकियू असली ने साफ कहा है कि इस मुद्दे को किसान दिवस में जोरदार तरीके से उठाया जाएगा। अगर किसानों के साथ हो रहे इस अन्याय पर रोक नहीं लगी तो संगठन चुप नहीं बैठेगा और जरूरत पड़ी तो मिल गेट पर आंदोलन भी किया जाएगा।

# सपा-भाजपा के बीच होगा कड़ा मुकाबला

## सहकारी ग्रामीण विकास बैंक के प्रतिनिधि का चुनाव



शाह टाइम्स संवाददाता

**हसनपुर।** उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक की हसनपुर शाखा में प्रतिनिधि पद के चुनाव को लेकर सियासी पारा चढ़ गया है। आगामी चुनाव के लिए समाजवादी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों ने अपने-अपने नामांकन दाखिल कर दिये हैं। जिससे मुकाबले की तस्वीर साफ हो गई है।

सोमवार को चुनावी गहमागहमी के बीच समा. जवादी पार्टी की ओर से कद्दावर नेता चंद्रपाल सैनी ने अपना पर्चा भरा। वहीं, भारतीय जनता पार्टी की ओर से पूरन सिंह ने चुनावी मैदान में ताल ठोंकी है। दोनों प्रत्याशियों ने तहसीलदार परमानंद श्रीवास्तव के समक्ष अपने नामांकन पत्र प्रस्तुत किए। इस दौरान भूमि विकास बैंक के मैनेजर विपनेश कुमार शाक्य समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। चुनाव की संवेदनशीलता को देखते हुए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। कस्बा इंचार्ज राम प्रकाश पुलिस बल के साथ मुस्तैद रहे ताकि प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके।मतदान के पश्चात ही स्पष्ट होगा कि जनता प्रतिनिधि के रूप में किस दल और चेहरे पर अपना भरोसा जताती है। वर्तमान में दोनों ही खेमे अपनी-अपनी जीत का दावा कर रहे हैं, जिससे 27 जनवरी को होने वाला मतदान काफी दिलचस्प होने की उम्मीद है।

# बूढ़े बाबा की दूज पर उमड़ा आस्था का सैलाब

## सरोवर स्नान को लगी श्रद्धालुओं की भीड़



शाह टाइम्स संवाददाता

**मंडी धनौरा।** माघ मास की द्वितीय तिथि पर बूढ़े बाबा की दूज श्रद्धा और आस्था के साथ मनाई गई। इस मौके पर बूढ़े बाबा के मठ पर विशाल मेले का आयोजन हुआ, जहां सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। दूर-दराज के गांवों से आए लोगों ने बाबा के दरबार में हाजिरी लगाकर प्रसाद चढ़ाया और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

मोहल्ला महादेव आनंद धाम आश्रम के पास स्थित बूढ़े बाबा के मठ पर भक्त कतारबद्ध होकर पूजा-अर्चना करते नजर आए। मंदिर से श्रद्धालुओं को प्रसाद के साथ बाबा की भभूत भी दी गई। ग्रामीणों में मान्यता है कि बाबा को प्रसाद चढ़ाने के बाद मठ के सामने स्थित सरोवर में स्नान करने से चर्म रोगों से मुक्ति मिलती है। इसी विश्वास के चलते बड़ी संख्या में लोगों ने सरोवर में स्नान किया। पूजा-पाठ के बाद श्रद्धालुओं ने मेले में लगे झूलों का आनंद लिया और चाट-पकौड़ी, मिठाइयों का स्वाद चखा। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक मेले में उत्साह देखने को मिला। देर शाम तक मेले में भारी भीड़ जुटी रही।

मेले की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। थाना प्रभारी निरीक्षक बालेन्द्र कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहे। मंदिर परिसर और आनंद धाम सरोवर के आसपास महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई। मीना बाजार में भी पुलिस बल तैनात रहा। कस्बा चौकी प्रभारी सुधीर कुमार सहित पुलिस अधिकारी लगातार मेले में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था पर नजर बनाए रहे।

# देश भर में निकलेगी किसान जागृति यात्रा

## भाकियू खालसा की बैठक में बनी रणनीति, कई पदों पर हुआ मनोनयन



शाह टाइम्स संवाददाता,

**गजरौला।** भारतीय किसान यूनियन खालसा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सरदार राजेंद्र सिंह के नेतृत्व में 07 फरवरी से एक किसान जागृति यात्रा का आयोजन किया जायेगा, जिसका उद्देश्य किसानों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और सरकार से एमएसपी कानून, किसान कर्ज मुक्ति और कृषि अधिनियम बिल में संशोधन की मांग करना रहेगा। यह यात्रा पूरे देश में भ्रमण करेगी।

नगर के शिवाजीनगर में स्थित कार्यालय पर आयोजित बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि यह यात्रा आगामी 07 फरवरी से प्रारम्भ होकर 19 मार्च 2026 तक कन्याकुमारी से कश्मीर तक पूरे देश में भ्रमण करेगी। उन्होंने संगठन के पदाधिकारियों से आह्वान किया कि वे यात्रा को सफल बनाने में दिन रात एक कर दें। कहा कि हमारा संगठन किसान और गरीब मजदूर के हितों के लिए सतत प्रयासरत है और आगे भी यह सिल. सिला चलता रहेगा। इस मौके पर राजवीर सिंह को ब्लॉकाध्यक्ष गजरौला, अमित कुमार को जिलाध्यक्ष युवा अमरोहा, रितु देवी को महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया। बैठक में यशवीर सिंह, रविपाल सिंह, नितिन चौधरी, रवि चौधरी, गुरपाल सिंह, कुलविंदर सिंह, प्रदीप कुमार, ओम प्रकाश सिंह, नवनीत, हिमांशु चौधरी, योगेंद्र सिंह, मेहताब, रितु सिंह, मीनाक्षी प्रिया आदि मौजूद रहे।

# गुमशुदा बालिका को परिजनों से मिलाया



शाह टाइम्स संवाददाता,

**गजरौला।** पुलिस अधीक्षक अमरोहा अमित कुमार आनंद के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदौरिया के निकट पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी धनौरा सर्किल अमरोहा अंजली कटारिया के पर्यवेक्षण में, थाना गजरौला क्षेत्र में ऑपरेशन मुस्कान के अंतर्गत मानसिक रूप से थोड़ी कमजोर एक किशोरी को उसके परिजनों से मिलाया गया। मिशन शक्ति केंद्र प्रभारी/टीम द्वारा भ्रमणशीलता के दौरान थाना गजरौला क्षेत्र में एक नाबालिग 17 वर्षीय किशोरी रेशमा पुत्री चांद मौहम्मद निवासी जनपद गाजियाबाद की पाई गई, जो दिमाग से थोड़ी कमजोर है। पूछताछ के दौरान बालिका ने बताया कि घर से निकल आई है। मिशन शक्ति टीम द्वारा किशोरी को मिशन शक्ति केंद्र थाना गजरौला लाकर उसके द्वारा बताए गए मोबाइल नंबर के माध्यम से परिजनों से संपर्क किया गया। सूचना पाकर परिजन यहां पहुंचे, जिन्हें बालि. का को सुपुर्द किया गया।

# एसआईआर में लापरवाही सहन नहीं: आब्दी

## सपा की एसआईआर समीक्षा बैठक



शाह टाइम्स संवाददाता

**अमरोहा।** सपा के राष्ट्रीय सचिव मौलाना जावेद आब्दी ने दो टूक कहा कि एसआईआर में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

नौगांवा रोड स्थित एक होटल में एसआईआर की समीक्षा बैठक में बोलते मौलाना आब्दी ने कहा कि कुछ नेता व कार्यकर्ता एसआईआर में लापरवाही कर रहे हैं जबकि यह फार्म आपकी नागरिकता, वोट, पहचान से जुड़ा सबसे महत्वपूर्ण दस्तावेज है। आपकी लापरवाही आने वाले समय में बेहद खतरनाक साबित हो सकती है। एसआईआर फार्म का सीधा संबंध आपकी नागरि. कता और मताधिकार से है। एसआईआर की लिस्ट में आपका नाम नहीं रहता तो आप भारत के मतदाता नहीं माने जायेंगे तथा आपकी नागरिकता खतरे में पड़ जायेगी। एसडीएम आपके दस्तावेज से संतुष्ट नहीं है तो आप डीएम के पास जायेंगे अगर डीएम भी इससे संतुष्ट नहीं है तो आपका नाम राज्य चुनाव आयोग को जायेगा। बैठक में विधायक समरपाल सिंह, जिलाध्यक्ष मस्तराम यादव, शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से प्रत्याशी दानिश अली, पूर्व मंत्री जगराम सिंह, पूर्व विधायक प्रीतम सिंह, संतराम यादव, मुख्तार नकवी, विजयपाल सैनी, भूपेन्द्र सिंह, ब्रह्म सिंह पंवार, सरफराज आदि मौजूद रहे।

# भूमि विकास बैंक के निर्विरोध अध्यक्ष बने जितेन्द्र

## एक ही नामांकन होने के कारण



शाह टाइम्स संवाददाता

**मंडी धनौरा।** ब्लॉक परिसर स्थित कृषि विकास विभाग के सभागार में भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष पद के लिए भाजपा प्रत्याशी जितेंद्र सैनी ने नामांकन पत्र दाखिल किया। विधायक राजीव तरारा और बड़ी संख्या में भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में उन्होंने चुनाव अधिकारी तहसीलदार मूसाराम थारू को नामांकन सौंपा।

इस अवसर पर विधायक राजीव तरारा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा किसानों, ग्रामीण विकास और सहकारिता संस्थाओं को मजबूत करने के लिए काम करती रही है। भूमि विकास बैंक किसानों को आर्थिक सहायता देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में अहम भूमिका निभाता है। उन्होंने विश्वास जताया कि जितेंद्र सैनी अपने अनुभव और निष्ठा से किसानों के हित में प्रभावी कार्य करेंगे। नामांकन के दौरान ब्लॉक प्रमुख धर्मेंद्र चौधरी, राम सिंह सैनी, हरेंद्र सिंह चौधरी, सत्यपाल सिंह पाल, महकपाल प्रधान, विक्रम प्रधान, जवर सिंह प्रधान, जितेंद्र प्रधान, सरदार मनजीत सिंह, सुशील कुमार, सतवीर सिंह, पूर्व सभासद नरेंद्र सिंह, सूरज अग्रवाल, धर्मवीर भाटी, चंद्रपाल सैनी, चमन सैनी, सोमवीर सैनी, हरचरण सिंह सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। चुनाव अधिकारी तहसीलदार मूसाराम थारू ने बताया कि भूमि विकास बैंक चेयरमैन (अध्यक्ष) पद के लिए केवल एक ही नामांकन पत्र प्राप्त हुआ है। नामांकन पत्रों की जांच 21 जनवरी को होगी और 22 जनवरी को नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। उधर एक ही नामांकन होने के चलते जांच के बाद जितेंद्र सैनी के निर्विरोध चुने जाने की पूरी संभावना जताई जा रही है।

# मैं ख्वाबों में अपने सफर देखता हूं...

## गंज-ए-रवा के उर्स में नातिया महफिल



शाह टाइम्स ब्यूरो

**अमरोहा।** हजरत सैय्यद निजाम गंज-ए-रवा के 1017 वें उर्स के तीसरे दिन शहर के बाजार नौबत खाना स्थित खानकाहे निजामिया में सोमवार रात नातिया महफिल का आयोजन किया गया। जिसमें शायरों ने एक से एक बेहतरीन कलाम सुनाकर रसूले खुदा की शान बयां की।

दरगाह परिसर में सजी महफिल का आगाज तिलावते कुरआन पाक से किया गया। इसके बाद शायरों के कलाम पेश करने का सिलसिला शुरू हुआ। शाबान कादरी ने पढ़ा... दावा-ए-गुलामी उसी इंसां का बजा है, जो उम्र भर आका के तरीके पे चला है। अनीस अमरोहवी ने यूं पढ़ा...खुदारा मदीने की ताबीर निकले, मैं ख्वाबों में अपने सफर देखता हूं। नवाब अंसारी ने नबी की अजमत को कुछ इस अंदाज से पिरोया...जो भी लोग उनके घर गए, वो सरापा ही निखर गए। कासिम अमरोहवी ने फरमाया...नात पढ़ने का कासिम सिला ये मिला, आज करती है दुनिया मेरा एहतराम। महफिल में इकरार सैफी व मुजम्मिल सैफी के अलावा अन्य शायरों ने भी अपना-अपना कलाम पेश किया। सदारत सभासद मोहम्मद यासिर अंसारी ने की तथा निजामत अनीस अमरोहवी द्वारा अंजाम दी गई। इस दौरान दरगाह कमेटी के सदर अतहर अजहरी, हाशिर सैफी, सऊद हसन, शमीम अहमद, सरवर आलम शाही, अब्दुल खालिद, अंसार अहमद, आले नबी, हाफिज शौकत, मोहम्मद फरमान, असलम मंसूरी, मुजम्मिल सैफी, मोहम्मद असलम, मोहम्मद नौशाद आदि मौजूद रहे।

# खूंखार कुत्तों से निजात दिलाने की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

**हसनपुर।** तहसील क्षेत्र में भारतीय किसान यूनियन असली की मासिक पंचायत का आयोजन मंगलवार को मंडी समिति परिसर में किया गया। मुनीलाल की अध्यक्षता और गोवर्धन सिंह के संचालन में आयोजित इस बैठक में किसानों ने क्षेत्र की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं पर चर्चा की और उनके शीघ्र निराकरण की मांग को लेकर आवाज बुलंद की।

पंचायत में प्रमुख रूप से आवारा कुत्तों के बढ़ते आतंक का मुद्दा छाया रहा। वरिष्ठ किसान नेता चौधरी समरपाल सिंह ने प्रशासन पर लाप. रवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि लुहारी खादर में युवा ब्लॉक अध्यक्ष मेवाराम को आवारा कुत्ते ने काटकर घायल कर दिया। बैठक में मुख्य रूप से मोहम्मद उमर, गोवर्धन सिंह, अलीमुद्दीन सैफी, राहुल चौधरी, लो. केश सिंह, गोपीचंद, ओम प्रकाश, महेंद्र सिंह, दिल पुकार और दिल जानी सहित बड़ी संख्या में किसान व संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# गन्ना किस्मों की सही पहचान से बढ़ेगा उत्पादन

## त्रिवेणी शुगर मिल चन्दनपुर में प्रशिक्षण कार्यक्रम



शाह टाइम्स संवाददाता

**रहरा।** त्रिवेणी शुगर मिल चंदनपुर में गन्ना किस्म पहचान एवं उत्पादन बढ़ाने को हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मिल क्षेत्र के लगभग 90 किसानों व कर्मचारियों ने भाग लिया।

डॉ. ए.के. मिश्रा ने गन्ना पत्ती, अगोला, तना, रंग, लंबाई व मोटाई के आधार पर गन्ना किस्मों की सजीव पहचान कराई और सही पहचान के लिए गन्ने के मध्य भाग को आधार बनाने की जानकारी दी। श्री हरिमोहन त्रिपाठी ने खड़े गन्ने के सर्वे, बीज हेतु सुरक्षित प्लॉट की पहचान तथा बीज प्रमाणीकरण के संबंध में निर्देश दिए। वहीं श्री संजय राठी ने मिल क्षेत्र में बेहतर परिणाम देने वाली प्रजातियों की संतुलित बुवाई पर जोर दिया। ए. के. तिवारी ने जनपद में प्रचलित गन्ना प्रजातियों, संतुलित प्रजाति चयन, पेड़ी व पौधा संतुलन तथा समय से बसंतकालीन बुवाई के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के समापन पर महाप्रबंधक आर.एस. सहरावत ने किसानों को को.118, को.98014, को.15023, को.जा.85 एवं को.जा. 88 जैसी स्वीकृत व उपयोगी गन्ना प्रजातियों की अधिक से अधिक बुवाई करने की अपील की। अंत में उपाध्यक्ष (शुगर) श्री आमोद कुमार शर्मा ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए सही किस्म पहचान के आधार पर ही गन्ना बुवाई कराने पर बल दिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में श्री हरिमोहन त्रिपाठी, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक, चन्दनपुर, श्री संजय राठी, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक, अमरोहा तथा डॉ. ए.के. मिश्रा, वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केंद्र गजरौला उपस्थित रहे।

# भाजपा नेता से मारपीट में पूर्व सभासद पर रिपोर्ट

शाह टाइम्स संवाददाता,

**गजरौला।** रेस्टोरेंट पर भाजपा नेता व पूर्व सभासद के बीच हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने भाजपा नेता की तहरीर के आधार पर पूर्व सभासद के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करके अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

बता दें कि रविवार की रात को नगर के इंदिरा चौक के पास स्थित एक रेस्टोरेंट पर भाजपा नेता रोहित शर्मा व पूर्व सभासद संजय अग्रवाल के बीच में नोंकझोंक के बाद में मारपीट हो गई थी। इस मामले में हालांकि दोनों पक्षों ने ही एक दूसरे पर आरोप लगाते हुए तहरीर पुलिस को सौंपी थीं, लेकिन पुलिस ने भाजपा नेता रोहित शर्मा की तहरीर के आधार पर संजय अग्रवाल के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करते हुए अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। रिपोर्ट के अनुसार रोहित शर्मा का आरोप है कि संजय अग्रवाल मसाला हट रेस्टोरेंट पर आया और चाप गलौच करने लगा। लोहे का सरिया और तवा आदि उठाकर प्रहार किए। जब स्टॉफ के लोग रोहित शर्मा को बचाने दौड़े तो आरोपित संजय अग्रवाल वहां से एक सप्ताह के भीतर जान से मारने की धमकी देता हुआ फरार हो गया।

# अधिवक्ताओं की पुरानी मांगों का कराऊंगा निस्तारणः शाहनवाज़ राना

## प्रैक्टिस के दौरान युवा अधिवक्ताओं को पेंशन दिलाने, दुर्घटना बीमा कराने और पश्चिमी उत्तर प्रदेश की बैंच की स्थापना के लिए लड़ऊंगा लड़ाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मेरा मकसद वकीलों की खिदमत करना हैं जिस तरह से मैं पहले से खिदमत करता चला आ रहा हूं इसी तरह आगे भी आपकी खिदमत करता रहूंगा। मुझे आप लोगों ने एक बार मौका दिया मैंने आपकी खिदमत करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। पहले अधिवक्ताओं को आर्थिक सहायता के रूप में 50 हजार रूपये मिलते थे उसे बढ़ाकर पांच लाख रूपये करायें। लेकिन आज वह वहीं है। मेरी कामयाबी आप सबकी कामयाबी होगी। युवा अधिवक्ताओं को पेंशन दिलाने के साथ-साथ पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अधिवक्ताओं की बहुत पुरानी मांग जिसमें हाईकोर्ट की बैंच शामिल है। उस लड़ाई को मैं आगे बढ़ाऊगा।

उक्त विचार उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के चुनाव में अपने प्रचार अभियान को बढ़ाते हुए पूर्व विधायक, पूर्व उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश बार काउंसिल एडवोकेट शाहनवाज राना स्थानीय न्यू केशल होटल में वरिष्ठ अधिवक्तागर्णा के साथ एक बैठक में व्यक्त किए।

बार काउंसिल के युवा प्रत्याशी शाहनवाज राना के समर्थन में आयोजित अधिवक्ताओं की मीटिंग में सैकड़ों की संख्या में सभी वर्ग के अधिवक्ताओं ने भाग लिया। अधिवक्ताओं की भीड़ को देखकर शाहनवाज राना गद-गद नजर आ रहे थे।

मीटिंग में मौजूद युवा, वरिष्ठ वकीलों का हुजूम उमड़ा और सभी ने एक स्वर में एडवोकेट शाहनवाज राना को प्रथम वरीयता मत देकर जिताने का प्रण लिया। इस अवसर पर अपने संबोधन में शाहनवाज राना ने कहा कि वह अधिवक्ताओं की लड़ाई पिछले काफी समय से लड़ रहे हैं। पूर्व में जब उन्हें उपाध्यक्ष बनने का मौका मिला था तब भी उन्होंने अधिवक्ताओं के लिए दी जाने वाली राशि 50000 से बड़वाकर 5 लाख कराई थी जो आज भी उतनी ही है।

उसको आगे नहीं बढ़ाया गया अगर मुझे पुनः मौका मिला तो वह इस राशि को को बढ़वाने का काम करेंगे। साथ ही युवा वकीलों के लिये उन्होंने प्रेक्टिस के प्रथम पांच वर्षों के लिये मानदेय निर्धारित कराने का भी वायदा किया। वकीलों के हित में पिछले कार्यकाल में उन्होंने जो वादे किये थे उनके बारे में भी चर्चा की।

उन्होंने आगे कहा कि हमारी कोई जाति नहीं होगी। हमें एक जुट होकर आगे बढ़ना है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश से बहुत कम संख्या में हम जीत पाते है। पूर्व के सदस्य हमसे ज्यादा संख्या में जीतकर जाते है उसका वह फायदा उठा लेते है। उन्होंने सभी अधिवक्ताओं से अपील करते हुए कहा कि मेरा प्रत्याशी के रूप में क्रमांक संख्या 266 है, मुझे प्रथम वरीयता का वोट दें और सभी अधिवक्ता अन्य क्रम में पश्चिमी उत्तर प्रदेश से लड़ रहे अन्य प्रत्याशियों को वोट दे। इस मौके पर मौजूद अधिवक्ताओं ने गर्मजोशी के साथ युवा प्रत्याशी शाहनवाज राना का जोरदार स्वागत किया और हाथ उठाकर प्रथम वरीयता क्रम में वोट देने का आश्वासन दिया। इस मौके पर मुख्य रूप से ए0के0 रस्तौगी एडवोकेट, अमीर हुसैन एडवोकेट, वचन सिंह एडवोकेट, पूर्व विधायक सौलत अली एडवोकेट, अब्दुल रहमान एडवोकेट, कांठ बार के महासचिव दीपक विश्नोई एडवोकेट, मौहम्मद मोबीन एडवोकेट, मौहम्मद नासिर पाशा एडवोकेट, जाबिर पाशा एडवोकेट, हयात एडवोकेट, आसिफ अतीक एडवोकेट, अतीक अहमद एडवोकेट, इमरान अहमद एडवोकेट, आफताब एडवोकेट, इकबाल अहमद एडवोकेट (कांठ), चौधरी अजहरूद्दी एडवोकेट, वीरेन्द्र चौहान एडवोकेट, रेशमा एडवोकेट, विकल एडवोकेट, कृष्ण पाल यादव एडवोकेट, सोनू श्रीवास्तव एडवोकेट, फिदा हुसैन एडवोकेट, जाकिर हुसैन एडवोकेट, रौनक एडवोकेट, शीशपाल एडवोकेट, जसवंत सिंह एडवोकेट, अफरोज अहमद एडवोकेट, महफूज अहमद एडवोकेट, चौधरी मुनव्वर एडवोकेट, फिरोज आलम एडवोकेट, शाकिर अली एडवोकेट, नाजिर पाशा एडवोकेट, मौहम्मद सालिम एडवोकेट, अनुज कुमार शर्मा एडवोकेट, मौहम्मद लईक एडवोकेट, नासिर अली एडवोकेट, मौहम्मद यासीन एडवोकेट, वाजिद अहमद एडवोकेट, फरीद एडवोकेट, नासिर एडवोकेट, इंतेजार नवाज एडवोकेट, मौहम्मद यासीन मलिक एडवोकेट, अंजार हुसैन एडवोकेट, मौहम्मद यामीन एडवोकेट, शशिकांत उर्फ बंटी एडवोकेट, विपिन कुमार प्रजापति एडवोकेट, आदीश कुमार जैन एडवोकेट, पारूल जैन (अग्रवाल) एडवोकेट, फारूख एडवोकेट, एहसान अली एडवोकेट आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन एजाज अहमद एडवोकेट, आभार अभिव्यक्ति मौहम्मद जान तुर्की, जितेन्द्र जैन, नफीस अहमद, प्रशांत शर्मा, अमित कुमार सैनी, मोहित राघव आदि मौजूद रहे।






















# एसपी देहात और सीओ ने कराया सलेमपुर पुलिस चौकी का शिलान्यास

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** एसपी ग्रामीण कुबर आकाश और सीओ अभिनव द्विवेदी द्वारा आज सलेमपुर स्थित पुलिस चौकी का शिलान्यास किया गया दोपहर बाद निर्धारित स्थल पर पहुंचे कुबर आकाश ने फीता काटकर शिलान्यास कराया।

उसके बाद सीओ अभिनव द्विवेदी ने पूजा कराकर बुनियाद रखी। कार्यक्रम में पहुंचे मास्टर जावेद उजम्मा आरिफ मलिक जुल्फिकार ठेकेदार सुनील चौहान अनुज बिश्नोई प्रधान सचिन कुमार और अन्य लोगों ने इस जगह पर पुलिस चौकी स्थापित कराए जाने की जरूरत बताते हुए विभाग का शुक्रिया अदा किया।

लोगों का कहना था की एक तो यह पुलिस चौकी निकटतम जनपद बिजनौर के बॉर्डर पर स्थापित हो रही है दूसरी ओर खादर क्षेत्र के लोगों को अपनी किसी भी परेशानी में यहां तक आने के लिए किसी प्रकार की दिक्कत का सामना नहीं करना पड़ेगा। लोगों ने अन्य भी कई कारण बताते हुए पुलिस चौकी स्थापित किए जाने की जरूरत बताई। बतादे की पुलिस चौकी तो काफी साल पहले स्थापित हो चुकी थी लेकिन वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर उसमें काम चल रहा था मगर अब विभागीय स्तर से निर्माण होने के बाद यह पुलिस चौकी लोगों की सुरक्षा के लिए वरदान सिद्ध होने वाली है।

इस मौके पर पुलिस अधिकारी सहित काफी लोग मौजूद रहे।



# बौद्धिक संगोष्ठी में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक ने संक्रामक बीमारियों से बताएं बचाव के रास्ते



**कांठ ( शाह टाइम्स )।** महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर में आज मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर राजीव सिंह ने छात्र-छात्राओं को संक्रामक बीमारियों के बारे में बताया उन्होंने कहा कि मलेरिया चिकनगुनिया डेंगू वायरल फीवर टीवी ऐसी संक्रामक बीमारियां है जो एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैल जाती हैं यदि हम उनके प्रति जागरूक हैं और सावधानी बरत रहे हैं तो इनसे बचा जा सकता है। प्रधानाचार्य मदन सिंह ने कहा कि घरों के आसपास सफाई करके और बाजार में मिलने वाले खाद्य पदार्थ का सेवन न करने पर भी आदमी इन बीमारियों से बच सकता है। प्रधानाचार्य एवं स्वयंसेवको ने डॉक्टर राजीव को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के पदम सिंह उषा सिंह निशिकांत पाठक अतबीर सिंह त्यागी एवं सभी स्वयंसेवक उपस्थित रहे। संचालन कक्ष 12 के छात्र प्रिंस बिश्नोई एवं अक्षरा बिश्नोई ने किया।

# फीस जमा न होने पर सेंट मैरी स्कूल में बच्चों को नहीं दिलाई परीक्षा, अभिभावकों ने किया स्कूल में पहुंचकर हंगामा

**कांठ ( शाह टाइम्स )** समय से फीस जमा ना करने पर सेंट मैरी स्कूल के अध्यापकों ने बच्चों को परीक्षा से दूर कर दिया इसकी जानकारी मिली तो दर्जनों से ज्यादा अभिभावक स्कूल पहुंच गए और इस व्यवस्था पर नाराजगी व्यक्त की, अभिभावकों ने बताया कि किसी की एक माह किसी की दो माह तो किसी की चार माह की फीस बकाया है जिसे वह जमा करना चाहते हैं लेकिन किसी वजह से देरी होने पर उन्हें अब फीस जमा करनी थी मगर स्कूल वालों ने 2 दिन का समय भी नहीं दिया 17 को स्कूल खुला और उन्हें बिना सूचना दिए आज बच्चों को परीक्षा से बाहर कर दिया गया। उन्होंने इस पर नाराजगी जताई और इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई की मांग की, जबकि स्कूल प्रबंधकों का कहना था की बच्चों की फीस का करोड़ों रुपया बकाया चल रहा है जिसकी वजह से कर्मचारियों की सैलरी निकालना भी मुश्किल हो गया है। सभी अभिभावकों को समय से नोटिस दिए गए लेकिन काफी संख्या में ऐसे अभिभावक हैं जो जानबूझकर फीस जमा करने में आनाकानी करते हैं। स्कूल की प्रधानाचार्य सिस्टर हेलेन सत्या का कहना था कि बच्चों को परीक्षा से दूर करना उनका मकसद नहीं है लेकिन अभिभावकों को भी इस संबंध में जागरूक रहना चाहिए उन्होंने कहा कि सभी बच्चों की परीक्षा कराई जाएगी लेकिन नोटिस के बाद जब अभिभावक नहीं आए तो उन्हें इस तरह का कदम उठाया उठाना पड़ा। हालांकि उन्होंने भविष्य में इस मामले में सॉफ्ट कॉर्नर अपनाए जाने का भरोसा भी दिलाया। उधर अभिभावक भी यही चाहते थे की फीस जमा करने के लिए उन्हें पूरा मौका मिलना चाहिए कुल मिलाकर घंटो चले हंगामें के बाद मामला शांत हो गया।

लेकिन इस घटनाक्रम के बाद स्कूलों में दी जा रही महंगी शिक्षा और अभिभावकों पर पढ़ रहा महंगी शिक्षा के बोझ का असर भी साफ दिखाई दिया है।





# आवारा कुत्तों ने 4 साल की मासूम को नोच-नोच कर मार डाला, ग्रामीणों ने खूखार कुत्तों को पकड़ने के लिए प्रशासन से लगाई गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**डिलारी।** थाना क्षेत्र से एक रूह कंपा देने वाली घटना सामने आई है। काजीपुरा गांव में आवारा कुत्तों के एक झुंड ने 4 साल की मासूम बच्ची को अपना निशाना बनाया और उसे बेरहमी से मौत के घाट उतार दिया। इस घटना से पूरे क्षेत्र में गमी का माहौल है और बच्चों में दहशत का माहौल है प्रशासन के खिलाफ भारी आक्रोश है,खेलते समय कुत्तों ने किया हमला,प्राप्त जानकारी के अनुसार, काजीपुरा निवासी नौशाद की सबसे छोटी बेटी 'नूरसद' (4 वर्ष) सोमवार देर शाम अपने घर के बाहर अन्य बच्चों के साथ खेल रही थी। तभी अचानक 5 से 6 खूंखार आवारा कुत्तों का झुंड वहां पहुंच गया। कुत्तों को अपनी ओर आता देख साथ खेल रहे अन्य बच्चे भागने में सफल रहे, लेकिन नन्ही नूरसद कुत्तों के बीच फंस गई, परिजनों के अनुसार, कुत्तों ने बच्ची को घेर लिया और उसे खींचते हुए गांव के पास स्थित एक तालाब के किनारे ले गए। वहां कुत्तों ने मासूम को बुरी तरह नोंचना शुरू कर दिया। रात करीब 8 बजे तक जब बच्ची घर नहीं लौटी, तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। पिता नौशाद भी अपनी दुकान बंद कर गांव वालों के साथ खोजबीन में जुट गए,जब लोग ढूंढते हुए तालाब के किनारे पहुंचे, तो वहां का मंजर देखकर उनकी रूह कांप गई। कुत्ते बच्ची के शव को नोंच रहे थे और उसके पैर खा रहे थे। ग्रामीणों ने किसी तरह कुत्तों को वहां से भगाया, लेकिन तब तक मासूम



नूरसद की दर्दनाक मौत हो चुकी थी। मौके पर चारों तरफ सिर्फ खून बिखरा हुआ था,गांव में भारी आक्रोश और दहशत,घटना की सूचना मिलते ही डिलारी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कोशिश की, लेकिन गमगीन परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से साफ इनकार कर दिया। मंगलवार सुबह गमगीन माहौल में मासूम को सुपुर्द-ए-खाक (दफन) कर दिया गया,इस घटना के बाद से काजीपुरा और आसपास के गांवों में जबरदस्त नाराजगी है। ग्रामीणों का कहना है कि आवारा कुत्तों का आतंक लंबे समय से बना हुआ है, लेकिन प्रशासन ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया। अब आलम यह है कि लोग अपने बच्चों को घर से बाहर भेजने में भी डर रहे हैं।

प्रशासन की भूमिका पर सवाल, यह घटना स्थानीय नगर निकाय और पशुपालन विभाग की कार्य प्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करती है। ग्रामीणों ने मांग की है कि आदमखोर हो चुके इन कुत्तों से उन्हें जल्द निजात दिलाई जाए ताकि फिर किसी मासूम की जान न जाए।

# अवैध कॉलोनियों पर बीडीए की कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** बरेली विकास प्राधिकरण ने शहर में अनधिकृत निर्माण और अवैध कॉलोनियों के खिलाफ कार्रवाई तेज करते हुए दो दिनों में अलग-अलग इलाकों में बड़े पैमाने पर ध्वस्तीकरण किया है। यह अभियान प्राधिकरण की उस नीति का हिस्सा है, जिसके तहत बिना स्वीकृति किए गए निर्माणों पर सख्त रुख अपनाया जा रहा है।

बारादरी थाना क्षेत्र के ग्राम हरूनगला में लगभग 6000 वर्गमीटर भूमि पर विकसित की जा रही एक अवैध कॉलोनी को ध्वस्त किया गया। अधिकारियों के अनुसार, यह कॉलोनी बिना किसी वैधानिक अनुमति या स्वीकृत



ले-आउट के बनाई जा रही थी। कार्रवाई के दौरान आंतरिक सड़कें, नालियां और साइट कार्यालय को हटा दिया गया।

इसके अगले दिन मंगलवार को प्रवर्तन दल ने किला थाना क्षेत्र के अंतर्गत किला छावनी इलाके में लगभग 10 बीघा भूमि पर विकसित की जा रही एक अन्य अवैध कॉलोनी पर कार्रवाई की। बीडीए के मुताबिक, यहां भी बिना प्राधिकरण की मंजूरी के प्लॉटिंग, सड़क और बाउंड्री वॉल का निर्माण किया गया था, जिसे बुलडोजर की मदद से गिरा दिया गया। इन कार्रवाइयों को बीडीए उपाध्यक्ष माणिकनंडन के नेतृत्व में चलाए जा रहे प्रवर्तन अभियान का हिस्सा बताया जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि प्राधिकरण अब अवैध निर्माणों को लेकर किसी भी तरह की ढील नहीं बरतेगा और नियमों के उल्लंघन पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

बीडीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम, 1973 के तहत किसी भी निर्माण से पहले मानचित्र और ले-आउट की स्वीकृति अनिवार्य है। इसके बावजूद शहर के बाहरी इलाकों में बिना अनुमति कॉलोनियां विकसित करने के प्रयास सामने आ रहे हैं।

# ड्यूटी पर जा रहे मिल कर्मी को तमंचा दिखाकर धमकाया, पर्स छीना, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** कोतवाली देवरनियां क्षेत्र के अंतर्गत नायरा पेट्रोल पंप के पास तीन अज्ञात बाइक सवार बदमाशों ने सरेराह एक परिवार को निशाना बनाया।

बदमाशों ने पहले चुपके से महिला का पर्स चोरी करने का प्रयास किया और पकड़े जाने पर तमंचा दिखाकर जान से मारने की धमकी देते हुए पर्स लेकर फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

रामपुर जनपद के थाना मिलक निवासी रनवीर सिंह पुत्र राजेंद्र कुमार किसान सहकारी चीनी मिल सेमीखेड़ा में कार्यरत हैं। रविवार शाम करीब सात बजे वह अपनी पत्नी और बेटे के साथ सुपर स्प्लेंडर मोटरसाइकिल से ड्यूटी पर आ रहे थे। जैसे ही वे नायरा पेट्रोल पंप के पीछे पहुंचे, तभी पीछे से स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल पर सवार तीन युवक पहुंचे और उन्हें ओवरटेक कर वारदात को अंजाम दिया।

पीड़ित के अनुसार बदमाशों ने उसकी पत्नी के हाथ से पर्स चुपके से निकालने का प्रयास किया। पत्नी की नजर पड़ते ही बाइक पर पीछे बैठे युवक ने कमर में लगे तमंचे की ओर हाथ ले जाते हुए धमकी दी कि पर्स दे दो, नहीं तो गोली मार दूंगा। धमकी से भयभीत परिवार के सामने बदमाश पर्स लेकर मौके से फरार हो गए। छीने गए पर्स में रियलमी कंपनी का एंड्रॉयड मोबाइल फोन, छह हजार रुपये नकद तथा सोने-चांदी के आभूषण थे। काफी तलाश के बाद जब बदमाशों का कोई सुराग नहीं लगा तो पीड़ित ने कोतवाली देवरनियां पहुंचकर तहरीर दी।

पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल अज्ञात अभियुक्तों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर लिया है। घटनास्थल व आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

> पीड़ित की तहरीर पर तत्काल अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है। पुलिस टीम पूरी तत्परता से मामले की जांच कर रही है और आसपास के सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपियों की पहचान की जा रही है। जल्द ही घटना का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।
>
> **आशुतोष द्विवेदी**
> **कोतवाली प्रभारी देवरनियां**

## एक नजर

# चरस के साथ दो तस्करों को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** अपराध और मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना पुलिस ने 139 ग्राम अवैध चरस, एक इलेक्ट्रॉनिक कांटा और एक मोटरसाइकिल के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।



सोमवार की रात थाना पुलिस संदिग्ध व्यक्ति व वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि ठिरिया मोड़ पर दो व्यक्ति मोटरसाइकिल के साथ अवैध चरस लेकर खड़े हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और दोनों आरोपियों को पकड़ लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान छविराम पुत्र छेदालाल और भूरे सिंह पुत्र फूल सिंह निवासी मोहर सिंह गोटिया, थाना सिरौली के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उनके पास से 139 ग्राम चरस, एक इलेक्ट्रॉनिक कांटा और हीरो स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल बरामद की गई।पुलिस ने तस्करों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर दोनों आरोपियों न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक संजय तोमर, उपनिरीक्षक पंकज कुमार, अरुण कुमार, हेड कांस्टेबल अनुज मलिक और कांस्टेबल अंकुर सिरोही शामिल रहे।

# सड़क सुरक्षा माह के तहत किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** राजेंद्र प्रसाद डिग्री कॉलेज में भारत सरकार द्वारा संचालित यातायात सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत सड़क सुरक्षा क्लब के तत्वावधान में जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. एस. के. सिंह के निर्देशन में संपन्न हुआ, जिसका उद्देश्य छात्र-छात्राओं एवं आमजन को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करना रहा।

कार्यक्रम के अंतर्गत नुक्कड़ नाटक एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसके माध्यम से सड़क सुरक्षा नियमों, यातायात अनुशासन, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के प्रयोग तथा सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम से संबंधित महत्वपूर्ण संदेश दिए गए। कार्यक्रम का संचालन सड़क सुरक्षा के नोडल अधिकारी डॉ. मोहम्मद आतिफ खान द्वारा किया गया।इस अवसर पर रैली निकालकर आमजन को यातायात नियमों का पालन करने, सड़क दुर्घटनाओं से बचाव तथा आपात स्थिति में घायलों की सहायता करने के लिए प्रेरित किया गया। प्रतिभागियों ने जागरूकता संबंधी नारों के माध्यम से लोगों का ध्यान आकर्षित किया।कार्यक्रम में प्रोफेसर विजय बहादुर बिष्ट, डॉ. शिव प्रताप सिंह प्रभारी, रोवर एवं रेंजर्स, वीरेंद्र शर्मा सहित महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण उपस्थित रहे।

# प्रेम जाल में फंसाकार नाबालिग को पफंसा ले गया युवक, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** एक नाबालिग लड़की को युवक अपने प्रेमजाल में फंसाकार बहला-फुसलाकर भगा ले गया। लड़की के न मिलने पर उसके पिता ने थाने में नामजद तहरीर पुलिस को दी, जिसपर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

नगर के मोहल्ला लोधीपुर निवासी एक व्यक्ति का कहना है कि दिनांक 15.01.26 को रामलीला गेट के पास से पेन्ट का कार्य करने के बाद शाम को घर पहुंचा, तब पता चला कि उसकी 15 वर्ष की नाबालिग लड़की घर पर नहीं थी। जानकारी करने पर पता चला कि उसकी नाबालिग लड़की को अनुराग निवासी मोहल्ला कानूनगोयान कस्बा व थाना बहेड़ी बरेली शाम के समय अपने साथ भगा कर ले गया। तलाश करने का बाद लड़की का पिता थाने पहुंच गया, और मामले की तहरीर पुलिस को दी, जिसपर पुलिस ने अनुराग उम्र करीब 20 वर्ष पुत्र नामालूम निवासी मोहल्ला कानूनगोयन कस्बा व थाना बहेड़ी के विरुद्ध धारा 87, 137 (2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज जर लिया है।

# मीरगंज कोतवाली में जिले का पहला ई-मालखाने का शुभारंभ

- एसपी दक्षिणी अंशिका वर्मा ने किया उद्घाटन
- जब्त संपत्तियों का होगा डिजिटल प्रबंधन
- हर वस्तु पर लगाया जाएगा क्यू आर कोड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** डिजिटल क्रांति की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मीरगंज पुलिस ने जनपद का पहला अत्याधुनिक ई-मालखाना शुरू किया है। इसका उद्घाटन एसपी दक्षिणी अंशिका वर्मा ने मीरगंज कोतवाली के नवनिर्मित भवन में किया। ई-मालखाना प्रणाली का उद्देश्य पुलिस द्वारा जब्त की गई संपत्तियों और सबूतों के रख-रखाव को पूरी तरह डिजिटल, सुरक्षित और पारदर्शी बनाना है।इस अवसर पर एसपी दक्षिणी अंशिका वर्मा ने



बताया कि ई-मालखाना व्यवस्था लागू होने से विवेचना अधिकारियों को केस से जुड़ी जब्त संपत्तियों का पूरा विवरण तुरंत उपलब्ध हो सकेगा। इससे न केवल जांच प्रक्रिया में तेजी आएगी, बल्कि पारदर्शिता भी सुनिश्चित होगी। यह प्रणाली जनसेवा को अधिक प्रभावी और सशक्त बनाएगी।

एसपी दक्षिणी ने बताया कि मालखाने में रखी गई प्रत्येक जब्त वस्तु पर एक यूनिक क्यू आर कोड लगाया गया है। पुलिस के अधिकृत टैबलेट से इस कोड को स्कैन करते ही संबंधित संपत्ति की संपूर्ण जानकारी प्राप्त की जा सकती है, जिसमें वह किस मुकदमे से जुड़ी है और किस रैक में सुरक्षित रखी गई है।उन्होंने लाइव डेमो के माध्यम से यह भी दिखाया कि डिजिटल प्लेटफॉर्म पर केस प्रॉपर्टी को कुछ ही सेकेंड में सर्च किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि पहले जब्त संपत्तियों की कोडिंग व्यवस्था न होने के कारण उन्हें ढूंढने और ट्रायल के दौरान न्यायालय में प्रस्तुत करने में काफी समय लगता था, लेकिन ई-मालखाना से यह प्रक्रिया अब सरल और तेज हो गई है।

अएसपी दक्षिणी ने बताया कि इस पहल की सफलता के बाद जल्द ही जनपद के अन्य थानों में भी ई-मालखाना प्रणाली लागू की जाएगी। इसका उद्देश्य केस प्रॉपर्टी का सुव्यवस्थित और शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करना है, जिससे न्यायिक प्रक्रिया में भी तेजी लाई जा सके।

उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान सीओ अजय कुमार, इंस्पेक्टर संजय तोमर, चौकी प्रभारी पंकज कुमार गौतम, दीपक मलिक, जतिन सक्सेना, सचिन शर्मा सहित पुलिस के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# जरूरतमंदों को विधायक और एसडीएम ने बांटे कंबल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** जिलाधिकारी के निर्देश में मंगलवार को ग्राम मिर्जापुर में प्रशासनिक कैंप का आयोजन कर गरीब एवं असहाय लोगों को कंबल वितरित किए गए। इस अवसर पर स्थानीय विधायक डी. सी. वर्मा, ब्लॉक प्रमुख गोपाल कृष्ण गंगवार, उप जिलाधिकारी आलोक कुमार ने प्रशासनिक कैंप के दौरान कुल 200 गरीब व असहाय लोगों को ठंड से बचाव हेतु कंबल वितरित किए गए। कंबल पाकर जरूरतमंदों के चेहरों पर खुशी देखने को मिली। जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने मौके पर ही लोगों से संवाद कर उनकी समस्याएं भी सुनीं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए।

इस अवसर पर विधायक डीसी वर्मा ने कहा कि शासन-प्रशासन गरीब और जरूरतमंद वर्ग की सहायता के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और आगे भी इस तरह के जनकल्याणकारी कार्यक्रम निरंतर चलाए जाएंगे। वहीं उप जिलाधिकारी आलोक कुमार ने बताया कि ठंड के मौसम को देखते हुए प्रशासन द्वारा जरूरतमंदों तक सहायता पहुंचाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

इस मौके पर तहसीलदार आशीष कुमार सिंह, राजस्व निरीक्षक, क्षेत्रीय लेखपालगण सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# भाजपा नगर अध्यक्ष ने किया खिचड़ी भोज का आयोजन, समरसता का दिया संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** भारतीय जनता पार्टी बहेड़ी के नव नियुक्त नगर अध्यक्ष राहुल गुप्ता ने राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के अध्यक्ष मनोनीत होने के उपलक्ष्य में अपने प्रतिष्ठान साई सुधा वाटिका में खिचड़ी भोज का आयोजन किया। मकर संक्रांति के पावन अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, जनप्रति. निधि, कार्यकर्ता और गणमान्य लोग शामिल हुए।



इस मौके पर नगर अध्यक्ष राहुल गुप्ता ने कहा कि खिचड़ी मकर संक्रांति का पर्व समरसता और एकता का प्रतीक है। भारतीय जनता पार्टी एक परिवार की तरह है और इस परिवार को एकता के सूत्र में बांधे रखना प्रत्येक कार्यकर्ता का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि पार्टी संगठन को और अधिक मजबूत करने के लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा।

कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद के प्रतिनिधि रवि मल्होत्रा, एमएलसी बहोरान लाल मौर्य, ब्लॉक प्रमुख अमरेंद्र सिंह गोल्डी, ब्लॉक महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष स्वाति कुमार, प्रमुख शेरगढ़ भूपेंद्र कुर्मी, भाजपा नेता जयेंद्र पाल सिंह, डॉ. सुरेंद्र गंगवार, सुनील गंगवार, आसेराम गंगवार, मेजर सिंह, सरदार सतनाम सिंह, मंडल अध्यक्ष हरीश कश्यप, सतपाल शर्मा, प्रवीण अग्रवाल, महेश शर्मा, निशीथ कुमार, सुरेंद्र सिंह एडवोकेट, ललित शर्मा, मनोज जोहरी, कुलबीर सिंह, संजीव मित्तल, कमल चौधरी, आनंद गौतम, गंगाराम मौर्य, कुंवर सेन मौर्य, इंद्रजीत सिंह बग्गा, कमलजीत सिंह बग्गा, परविंदर गंगवार, ओमप्रकाश गंगवार, दिनकर गुप्ता, रमेश सिंह, सभासद सलीम चंदा, मोहम्मद जाकिर, मोहम्मद हसन, नसीम अहमद, सेनेटरी इंस्पेक्टर अहमद हसन, जेई जितेंद्र गंगवार, प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने खिचड़ी भोज का आनंद लिया और नगर अध्यक्ष को शुभकामनाएं दीं। आयोजन सौहार्दपूर्ण और उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।

# उत्तर प्रदेश भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष पद पर होरी लाल गंगवार निर्विरोध



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** उत्तर प्रदेश भूमि विकास बैंक शाखा मीरगंज के अध्यक्ष पद के लिए मंगलवार को ब्लॉक सभागार में नामांकन प्रक्रिया संपन्न हुई। भाजपा के होरी लाल गंगवार ने बैंक शाखा प्रतिनिधि के रूप में अपना नामांकन दाखिल कराया। अध्यक्ष पद के लिए एकमात्र नामांकन होने के कारण उनका निर्विरोध चुना जाना तय हो गया है। निर्वाचन अधिकारी द्वारा 22 जनवरी को उन्हें निर्वाचन प्रमाण पत्र सौंपा जाएगा।

नामांकन के दौरान विधायक डॉ. डीसी वर्मा, ब्लॉक प्रमुख गोपाल कृष्ण गंगवार, भाजपा जिलाध्यक्ष सोमपाल शर्मा, मीरगंज के चुनाव प्रभारी अभय सिंह सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे। होरी लाल गंगवार ने युवा नेता रमेश कुर्मी के साथ निर्वाचन अधिकारी को नामांकन पत्र सौंपा।निर्विरोध चयन तय होने पर समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। इस अवसर पर डॉ. महीपाल गंगवार, नरेंद्र गंगवार, राजू भारती, गजेंद्र गंगवार, राहत हुसैन, राम भरोसे लाल वर्मा, भानु प्रताप सिंह गंगवार, जितेंद्र गंगवार सहित अन्य लोगों ने होरी लाल गंगवार का माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया।

# हजरत मौला शाह उर्फ दादा मियां की दरगाह पर आखिरी कुल की रस्म अदा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** मोहल्ला शेखुपुर स्थित हजरत मौला शाह उर्फ दादा मियां की दरगाह पर तीन रोजा 112वें उर्स के मौके पर आखिरी कुल की रस्म अकीदत और एहतराम के साथ अदा की गई।



इस अवसर पर दरगाह पर मुल्क में अमन, सलामती और भाईचारे के लिए खघस दुआएं की गईं। उर्स के समापन पर चादरपोशी की गई और अकीदतमंदों ने बड़ी तादाद में हाजिरी देकर मन्नतें मांगीं। कार्यक्रम की सरपरस्ती असीम मियां ने की। सज्जादगान वसीर मियां शरीफ मियां की मौजूदगी में सदारत शाहिद रजा ने की, जबकि निजामत शम्स तवरेज नूरी ने संभाली। रूहानी महफिल में मो. अली गौहर, अमन इकबाल, सुभान रजा, मौलाना कारी तसलीम, हजरत अदनान रजा, मौलाना मुखघ्तार कघदरी और मौलाना नईम रजा शादी समेत कई अजीज हजरात ने अपने-अपने कलाम पेश किए।

इस मौके पर सैय्यद आसिम मियां ने कहा कि उर्स जैसे रूहानी मौके इंसान के दिलों में मोहब्बत, एकता और इंसानियत की भावना को मजबूत करते हैं। ऐसी रूहानी महफिलें दिल को सुकून देती हैं और समाज में आपसी भाईचारे को बढ़ावा देती हैं।

पूरे आयोजन के दौरान माहौल सुकून, शांति और सौहार्द से भरपूर रहा। आखिरी कुल की रस्म के बाद दरगाह परिसर में सामूहिक दुआ कर कार्यक्रम का समापन किया गया। बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने शिरकत कर रूहानी फैज हासिल किया।

# भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन को निर्वाचित किए जाने पर सेंथल में खुशी की लहर

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**सेंथल।** भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय नितिन नवीन को निर्वाचित किए जाने पर सैंथल में खुशी की लहर दौड़ गई है। भाजपा किसान मोर्चा के जिला महामंत्री नितिश उपाध्याय एडवोकेट एवं भाजपा युवा नेता विनय चौधरी ने कार्यकर्ताओं के साथ मिठाई खिलाकर अपना हर्ष व्यक्त किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए नितिश उपाध्याय एडवोकेट ने कहा कि श्री नितिन नवीन जी का लंबा संगठनात्मक अनुभव, उनकी कर्मठता और पार्टी के विचारों के प्रति अटूट प्रतिबद्धता युवाओं के लिए प्रेरणाम्रोत है। उनके नेतृत्व में भाजपा न केवल सशक्त होगा, बल्कि संगठन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। युवा नेता विनय चौधरी ने कहा कि शीर्ष नेतृत्व का यह निर्णय संगठन को और अधिक ऊर्जावान बनाएगा। इस मौके पर मुकेश शर्मा, हरपाल मौर्य, राहुल गुप्ता मगन जैदी राजू हिंदुस्तानी हसन मियां याकूब जैदी असगर अली महिपाल गंगवार मुकेश सागर अर्जुन सिंह मुहद्दिश मेंहदी अजय मौर्य कासिफ अली बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय पदाधिकारी मौजूद रहे।

# लाखों की लागत से हो रहे नाला निर्माण की शिकायत पर एसडीएम ने निर्माण रोके जाने के वीडीओ दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** नजदीकी गांव रिछोला किफायतुल्ला में बनाए जा रहे नाला निर्माण में घटिया सामिग्री लगाए जाने की शिकायत पर एस डी एम उदित पवार ने खण्ड विकास अधिकारी महेश चंद शाक्य को निर्माण कार्य रोके जाने के निर्देश दिए हैं। मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम में नेशनल हाईवे किनारे ग्राम निधि से नाला निर्माण कराया जा रहा है। जिसमें घटिया सामिग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है इसकी शिकायत ग्राम के लोगों ने एस डी एम उदित पवार से की , जिस पर उन्होंने खण्ड विकास अधिकारी महेश चंद शाक्य को निर्माण कार्य तत्काल रोके जाने के निर्देश दिए हैं। ग्रामीणों ने ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉक्टर आशुतोष को भी घटिया सामिग्री से वन रहे नाला निर्माण की शिकायत की जिस पर उन्होंने खण्ड विकास अधिकारी को इसकी जांच कर कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। जब ग्राम सचिव मुक.ेश रस्तोगी से वात की गई तो उन्होंने बताया कि अभी इस नाले का स्टीमेंट नहीं बना है, अवर अभियंता निर्माण कार्य शुरू कराए जाने की अनुमति दे देते हैं। उन्होंने बताया कि जे ई के स्टीमेंट के वाद ही इसका धन आवंटित किया जाएगा। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉक्टर आशुतोष गंगवार ने कहा कि इसकी जांच के निर्देश खण्ड विकास अधिकारी को दिए गए हैं। जांच में घटिया सामिग्री का इस्तेमाल होना पाया जाता है तो भुगतान नहीं होगा।

# निर्वाचन कार्य में लापरवाही पर सींच पर्यवेक्षक/सुपरवाइजर निलंबित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 125-बरेली कैंट के अंतर्गत निर्वाचन संबंधी महत्वपूर्ण कार्यों में लापरवाही बरतने पर प्रशासन ने कड़ा कदम उठाया है। सींच पर्यवेक्षक रूहेलखण्ड मनोज कुमार सिंह, जिन्हें विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत सुपरवाइजर का दायित्व सौंपा गया था, को निलंबित कर दिया गया है।

निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर आयोजित विशेष बूथ कैम्प के दौरान दिनांक 18 व 19 जनवरी 2026 को फार्म-6 की प्रगति के संबंध में पूछे जाने पर संबंधित सुपरवाइजर द्वारा कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। साथ ही अपने अधीनस्थ बीएलओ पर पर्यवेक्षण भी अत्यंत निराशाजनक पाया गया। प्रथम दृष्टया यह स्पष्ट हुआ कि संबंधित अधिकारी द्वारा निर्वाचन जैसे संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण कार्य में अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा और गंभीरता से नहीं किया गया। इस संबंध में सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी की आख्या एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी की संस्तुति के क्रम में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह ने कार्रवाई करते हुए मनोज कुमार सिंह को निलंबित कर दिया।

जिलाधिकारी ने मामले में विभागीय कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि निर्वाचन कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी।

# भूमि विकास बैंक के शाखा प्रतिनिधि चुनाव में नहीं मिला नामांकन पत्र, सपाइयों ने काटा हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** भूमि विकास बैंक (एलडीबी) के शाखा प्रतिनिधि चुनाव में सपा उम्मीदवार को नहीं मिला नामांकन पत्र, एआरओ नामांकन पत्र लेकर ब्लॉक से गायव हो गए। नामांकन पत्र नहीं मिलने से आक्रोशित सपाइयों ने जमकर हंगामा काटा।





आज मंगलवार को भूमि विकास बैंक (एलडीबी) के प्रतिनिधि के नामांकन पत्र दाखिल होना था। ब्लॉक सभागार में यह नामांकन प्रक्रिया होनी थी जिसके लिए सहायक चुनाव अधिकारी (एआरओ) रचित कुमार ग्राम सचिव के साथ ही डॉक्टर विपिन तोमर पशु चिकित्सा अधिकारी को (आरओ) बनाया गया था। नामांकन प्रक्रिया 10 बजे से तीन बजे तक चलनी थी। दोनों ही चुनाव अधिकारी ब्लॉक सभागार में बैठे रहे। दोपहर करीब एक बजे समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता अपने प्रत्याशी हरीश गंगवार को साथ लेकर नामांकन पत्र खरीदने के लिए ब्लॉक कार्यालय पहुंचे, जव उन्होंने नामांकन पत्र मांगा तो आरओ ने बताया कि अभी अभी किसी का फोन आया और एआरओ उठकर चले गए हैं अभी आ जाएंगे। उनकी बात सुनकर सपाई काफी देर तक उनका इंतजार करते रहे लेकिन वह सारे समय तक ब्लॉक कार्यालय नहीं पहुंचे, जिस पर सपाइयों का आक्रोश फूट पड़ा और उन्होंने जमकर हंगामा काटा। इस दौरान आर ओ का सपाइयों ने घेराव कर डाला। आखिर में सपा उम्मीदवार की ओर से उन्हें एक शिकायती पत्र सौंपा, जिसमें सपा उम्मीदवार हरीश गंगवार को चुनाव से बाहर किए जाने का आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग की गई है। इस दौरान सपा के विधानसभा अध्यक्ष अनिल गंग. वार, पूर्व ब्लॉक प्रमुख पुरुषोत्तम गंगवार, प्रत्याशी हरीश गंगवार, युवा नेता मुन्ना गंग. वार, पूर्व प्रधान वीरपाल गंगवार, द्वारिका प्रसाद, पप्पू गंगवार आदि शामिल रहे।

इस दौरान विधान सभा अध्यक्ष और पूर्व ब्लॉक प्रमुख ने इस पर कड़ी नाराजगी जताते हुए इसे लोकतंत्र की हत्या बताया। कहा सरकार सपा की मजबूती से डरी हुई है जिसकी वजह से वह चुनाव कराना नहीं चाहती है।

## पांच साल पहले हुई थी लाठीचार्ज

पांच साल पहले हुए एल डी बी के इस चुनाव में भाजपा के पूर्व अध्यक्ष रवींद्र सिंह राठौर और सपा के ओमेंद्र गंगवार के बीच सीधा मुकाबला था और चुनाव मण्डी समिति परिसर में हो रहा था और दोपहर वाद पुलिस ने लाइन पर लगे मतदाताओं और उनके समर्थकों पर लाठी चार्ज कर सभी का खदेड़ दिया था। इतना ही नहीं सपा के प्रत्याशी को भी परिसर से बाहर कर दिया था और कुछ देर बाद भाजपा प्रत्याशी श्री राठौर को विजई घोषित किया दिया गया था। पांच साल बाद आज मंगलवार को नामांकन पत्र दाखिल होने थे लेकिन इस बार सपा प्रत्याशी को नामांकन पत्र ही नहीं मिल सका, और बेचारे सपाइयों को बिना नामांकन पत्र दाखिल किए ही बैरंग लौटना पड़ा। इसको लेकर सपा और उनके समर्थकों में भारी नाराजगी दिखाई दे रही है। आरओ डॉक्टर विपिन तोमर ने बताया कि मात्र एक ही नामांकन पत्र भाजपा प्रत्याशी रवींद्र सिंह राठौर का दाखिल हुआ है, जिनके निर्विरोध चुने जाने की घोषणा नाम वापसी के दिन 22 जनवरी को की जाएगी।

# बहादुरगढ़ हत्याकांड खुलासा, भाई ने की थी भाई की हत्या



शाह टाइम्स संवाददाता

**हापुड़।** थाना बहादुरगढ़ पुलिस ने भाई की हत्या के मामले में बड़ी सफलता हासिल करते हुए हत्यारोपी सगे भाई को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त चाकू भी बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार जनपद में अपराध नियंत्रण और वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना बहादुरगढ़ पुलिस टीम ने सेहल नहर पुल के पास से मुकदमा संख्या 12/2026 धारा 103(1) बीएनएस में वांछित आरोपी को दबोच लिया। पकड़े गए आरोपी की पहचान दीपांशु पुत्र नरेश निवासी बहादुरगढ़ थाना बहादुरगढ़ जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना जुर्म कबूल करते हुए बताया कि उसका बड़ा भाई उमेश शराब पीने का आदी था और अक्सर घर में मारपीट व तोड़फोड़ करता रहता था। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद चल रहा था। आरोपी ने बताया कि 15 जनवरी 2026 को गुस्से में आकर उसने चाकू से हमला कर अपने बड़े भाई की हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त चाकू बरामद कर लिया है। मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपी को न्यायालय में पेश कर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

## दुष्कर्म मामले का आरोपी गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**हापुड़।** थाना पिलखुवा पुलिस ने युवती के साथ दुष्कर्म की घटना में वांछित चल रहे नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी को धौलाना रोड स्थित सब्जी मंडी के पास से गिरफ्तार किया है। मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

थाना प्रभारी के अनुसार थाना पिलखुवा पुलिस टीम ने बीएनएस में नामजद आरोपी को दबोचा। गिरफ्तार आरोपी की पहचान फईम उर्फ फरमुद्दीन पुत्र कलवा निवासी मोहल्ला प्रहलादनगर थाना पिलखुवा जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। पुलिस का कहना है कि आरोपी को न्यायालय में पेश कर आगे की कानूनी प्रक्रिया पूरी की जाएगी। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि महिलाओं के विरुद्ध अपराधों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है और ऐसे मामलों में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं बरती जाएगी।



# अवैध पटाखा फैक्ट्री का पर्दाफाश, लाखों का विस्फोटक जब्त

शाह टाइम्स संवाददाता

**हापुड़।** कोतवाली बाबूगढ़ पुलिस ने कुचेसर चौपला क्षेत्र के फतेहपुर इलाके में चल रही अवैध पटाखा निर्माण इकाई पर छापा मारकर बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में प्रतिबंधित पटाखे और विस्फोटक सामग्री बरामद की है, जिसकी बाजार कीमत करीब पांच लाख रुपये बताई जा रही है। इस दौरान एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार सोमवार देर रात सूचना मिली थी कि एक मकान में चोरी-छिपे पटाखों का निर्माण और भंडारण किया जा रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए कोतवाली प्रभारी मुनीष प्रताप सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बताए गए स्थान पर दबिश दी। तलाशी के दौरान मकान के भीतर बड़ी मात्रा में तैयार पटाखे, कच्चा माल और निर्माण में इस्तेमाल होने वाले उपकरण बरामद हुए। पुलिस ने मौके से एक आरोपी को हिरासत में लिया है, जबकि इस अवैध कारोबार से जुड़े अन्य लोगों की पहचान कर उनकी तलाश की जा रही है। जांच में सामने आया है कि यह फैक्ट्री घनी आबादी के बीच संचालित की जा रही थी, जिससे आसपास के लोगों की जान को गंभीर खतरा बना हुआ था। सीओ वरुण मिश्रा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ विस्फोटक अधिनियम सहित संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। वहीं पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि जन सुरक्षा से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।



# परतापुर-शामली मार्ग पर हादसा, बाइक सवार तीन छात्र गंभीर घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

**पिलखुवा।** परतापुर-शामली मार्ग पर मंगलवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। महमदपुर अखाड़ा के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया।

जानकारी के अनुसार सुबह करीब साढ़े नौ बजे यश चौधरी, अनुज चौहान और अतिन बाइक से पिलखुवा स्थित वीआईपी इंटर कॉलेज पढ़ाई के लिए जा रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक परतापुर के पास पहुंची, तभी सामने से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि तीनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान यश चौधरी पुत्र अरविंद चौधरी, अनुज चौहान पुत्र अमित चौहान और अतिन पुत्र रणजोर सिंह के रूप में हुई है। अतिन महमदपुर सुजानपुर का निवासी है, जबकि अन्य दोनों युवक महमदपुर अखाड़ा गांव के रहने वाले बताए गए हैं। सूचना मिलते ही पिलखुवा कस्बा चौकी प्रभारी सुनील परिहार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को एंबुलेंस के जरिए तत्काल जीएस अस्पताल भिजवाया गया, जहां



तीनों का उपचार जारी है। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। वहीं स्थानीय लोगों ने परतापुर-शामली मार्ग पर तेज रफ्तार वाहनों पर अंकुश लगाने और यातायात सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की मांग की है।

# मंदिरों के ध्वस्तीकरण को लेकर आप का विरोध, राष्ट्रपति से की हस्तक्षेप की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

**हापुड़।** काशी के पावन मणिकर्णिका घाट पर प्राचीन मंदिरों के ध्वस्तीकरण को लेकर आम आदमी पार्टी ने कड़ा विरोध दर्ज कराते हुए महामहिम राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा है। पार्टी ने इसे धार्मिक आस्था, सनातन परंपरा और सांस्कृतिक विरासत पर सीधा हमला बताते हुए दोषियों के खिलाफ तत्काल कठोर कार्रवाई की मांग की है।

ज्ञापन में कहा गया है कि मणिकर्णिका घाट हिंदू धर्म का अत्यंत पवित्र स्थल है, जहां मोक्ष की मान्यता जुड़ी हुई है। ऐसे पौराणिक और ऐतिहासिक स्थल पर स्थित प्राचीन मंदिरों को तोड़ा जाना करोड़ों श्रद्धालुओं की भावनाओं को आहत करने वाला है।



आम आदमी पार्टी ने इसे संविधान द्वारा प्रदत्त धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार का भी गंभीर उल्लंघन करार दिया है। पार्टी ने चिंता जताई कि यह घटना किसी विदेशी शासनकाल में नहीं, बल्कि स्वतंत्र भारत में केंद्र की भाजपा सरकार के कार्यकाल में और प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र काशी में हुई है। इसके बावजूद केंद्र और प्रदेश सरकार की ओर से अब तक कोई स्पष्ट जवाब या ठोस कार्रवाई सामने नहीं आई है। पार्टी का कहना है कि सरकारों की यह चुप्पी आस्था पर हुए इस हमले को मौन स्वीकृति देने जैसी प्रतीत होती है। आम आदमी पार्टी ने मांग की है कि मणिकर्णिका घाट पर तोड़े गए सभी प्राचीन मंदिरों का तत्काल पुनर्निर्माण कराया जाए, ध्वस्तीकरण का आदेश देने वाले अधिकारियों और जिम्मेदार व्यक्तियों की पहचान कर उनके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए तथा भविष्य में काशी सहित देश के किसी भी धार्मिक, ऐतिहासिक या पौराणिक स्थल के साथ बिना व्यापक जनसहमति और धार्मिक संस्थाओं की अनुमति के किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए। पार्टी नेताओं ने कहा कि धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक धरोहरों की रक्षा केवल सरकारों की ही नहीं, बल्कि संवैधानिक संस्थाओं की भी जिम्मेदारी है। यदि इस गंभीर विषय पर समय रहते निर्णायक कार्रवाई नहीं हुई तो इससे देशभर में आक्रोश और अविश्वास का माहौल बनेगा तथा सामाजिक सौहार्द और राष्ट्रीय एकता को नुकसान पहुंचेगा।

# 15 मिनट में सुधरी खतौनी, किसान के चेहरे पर लौटी मुस्कान

शाह टाइम्स संवाददाता

**हापुड़।** धौलाना तहसील में प्रशासनिक संवेदनशीलता और त्वरित कार्यशैली का एक सराहनीय उदाहरण सामने आया है। ग्राम नगला छज्जू निवासी किसान सुनील कुमार की खसरा-खतौनी में डेढ़ साल से चली आ रही नाम संबंधी त्रुटि को तहसीलदार प्रवेश कुमार ने मात्र 15 मिनट में ठीक करा दिया। इस सुधार के बाद किसान को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ मिलने का रास्ता साफ हो गया है। जानकारी के अनुसार भू-अभिलेखों में किसान सुनील कुमार का नाम गलती से सुनीता दर्ज हो गया था। इस वजह से वह लंबे समय से तहसील के चक्कर काट रहे थे और सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा था। कई बार आवेदन देने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो सका। थक-हारकर किसान ने सीधे तहसीलदार प्रवेश कुमार से संपर्क किया। मामले की गंभीरता को समझते हुए तहसीलदार ने तत्काल संबंधित कर्मचारियों को निर्देश दिए और रिकॉर्ड की जांच कराकर त्रुटि को तुरंत ठीक कराया। महज 15 मिनट में खतौनी में सुधार कर सही नाम के साथ नई खतौनी जारी कर दी गई। समस्या का समाधान होते ही किसान सुनील कुमार ने राहत की सांस ली और तहसीलदार प्रवेश कुमार का आभार व्यक्त किया। तहसीलदार ने बताया कि भू-अभिलेखों में हुई मानवीय त्रुटि को समय रहते सुधार दिया गया है, ताकि किसान को किसी भी सरकारी योजना का लाभ लेने में आगे कोई परेशानी न हो। स्थानीय लोगों का कहना है कि तहसीलदार प्रवेश कुमार की सक्रिय कार्यशैली और जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील रवैये से आम जनता को राहत मिल रही है। अगर आप चाहें तो मैं इसके लिए फ्रंट पेज टाइटल विकल्प, ब्रेकिंग न्यूज स्टाइल, वेब पोर्टल SEO हेडलाइन, या सोशल मीडिया कैप्शन लाइन भी तैयार कर सकता हूं।



# पिलखुवा में सैनिक सम्मान की मिसाल, स्वास्थ्य शिविर और खेल प्रतियोगिता का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**पिलखुवा।** कन्हा श्याम मंडप में आयोजित कार्यक्रम में 56 फील्ड रेजीमेंट मेरठ कैंट के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल नवीन कुमार शर्मा ने पूर्व सैनिकों के लिए लगाए गए निशुल्क चिकित्सा शिविर का उद्घाटन किया। इस दौरान वरिष्ठ पूर्व सैनिकों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पूर्व सैनिकों की मौजूदगी रही। कार्यक्रम के तहत पूर्व सैनिकों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए विशेष शिविर लगाया गया, जिसमें कई पूर्व सैनिकों ने अपनी जांच कराई। इसी अवसर पर आयोजित वॉलीबॉल टूर्नामेंट का भी कर्नल नवीन कुमार शर्मा ने शुभारंभ किया, जिसमें अनेक पूर्व सैनिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सम्मान समारोह के दौरान 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ पूर्व सैनिकों रामभूल सिंह, महेंद्र सिंह, कुंवर पाल सिंह, ब्रह्मपाल सिंह, मच्छेंद्र सिंह और नेपाल सिंह को शाल भेंट कर सम्मानित किया गया। पूर्व सैनिकों को संबोधित करते हुए कर्नल नवीन कुमार शर्मा ने कहा कि देश की सेवा करने वाले साथियों का इस आयु में सम्मान करना गर्व की अनुभूति है। उन्होंने सभी पूर्व सैनिकों के स्वस्थ और दीर्घ जीवन की कामना की। कार्यक्रम में जीएस मेडिकल कॉलेज के निदेशक मनोज सिसोदिया और उनकी टीम के चिकित्सकों को भी शाल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व सैनिकों की संस्था के प्रदेश अध्यक्ष केपी सिंह सहित राजेंद्र सिंह, सुखबीर सिंह, अजय भट्ट, कटार सिंह, जगदीश सिंह, बॉबी मित्तल समेत अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।



**एक नजर**

## अयोध्या धाम में विराट काव्य संध्या, देशभर के कवियों ने बिखेरा साहित्यिक रंग

शाह टाइम्स संवाददाता

**पिलखुवा।** श्री राम राष्ट्रीय साहित्यिक संस्था, अयोध्या धाम के तत्वावधान में आयोजित विराट काव्य संध्या ने हिंदी साहित्य प्रेमियों को एक यादगार साहित्यिक अनुभव प्रदान किया। देश के विभिन्न राज्यों से आए करीब 45 कवि और कवयित्रियों ने अपनी ओजपूर्ण, राष्ट्रप्रेम से ओतप्रोत और भावनात्मक रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में साहित्यिक ऊर्जा और सृजनात्मक अभिव्यक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष, वरिष्ठ कवि एवं साहित्यकार अशोक गोयल 'चक्रवर्ती' ने की। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि कहीं महबूब से प्यारा मेरा अभिमान है भारत, यह पंक्ति देशप्रेम की भावना को सशक्त रूप से अभिव्यक्त करती है। मुख्य अतिथि वरिष्ठ कवयित्री बीना गोयल रहीं, जिन्होंने सभी रचनाकारों के काव्यपाठ की सराहना करते हुए ऐसे आयोजनों को साहित्य संवर्धन का सशक्त माध्यम बताया। इस साहित्यिक आयोजन का संयोजन अनिता नायक, मनोज महतो और पूनम चौधरी ने किया। मंच से देश के विभिन्न प्रांतों से आए रचनाकारों ने सामाजिक सरोकार, राष्ट्रभक्ति, नारी सशक्तिकरण, मानवीय संवेदनाओं और सांस्कृतिक मूल्यों पर आधारित रचनाओं का पाठ कर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। काव्यपाठ करने वालों में नीतू नागर, अरविंद कुमार 'अनोखे', रीता गुगलानी, प्रा. मनीषा नाड़गौडा, डा. राम अवतार शर्मा 'राम', राजेश कुमार शर्मा, शशि तिवारी, अंजना दिलीप दास, दीपा शर्मा 'उजाला', रेखा शंखवार 'स्मृति', लतेलिन लता प्रधान, सतीश गौतम, वैशाली रस्तोगी, कुमारी किरण, आत्म प्रकाश कुमार, अवधेश कुमार श्रीवास्तव, राजेश तिवारी 'रंजन', अंजना कुमारी केशरी 'मंजू', जनकवि सुखराम शर्मा, वीणा खण्डेलवाल, डा. सुप्रीति चावला, माधुरी निगम, चन्द्रकला शर्मा, शशिकला पाण्डेय, जय गुप्त, अंकिता पटेल, सरिता श्रीवास्तव, मंजू दलाल 'मंजरी', कल्पना सचदेव, ईश्वर चंद्र विद्यावाचस्पति, अतिवीर जैन 'पराग', मनोज मंजुल 'ओज', रतन सिंह सोलंकी, श्वेता कुमारी चौबे, गार्गी चटर्जी 'आशा', चौधरी बिलाल, हिमांशु कुमार 'शंकर' और सुषमा भंडारी सहित अनेक वरिष्ठ साहित्यकार शामिल रहे। कार्यक्रम का प्रभावशाली संचालन प्रेरणा तलवार और वृंदा 'वाणी' ने किया। समापन अवसर पर कार्यक्रम अध्यक्ष अशोक गोयल 'चक्रवर्ती' ने सभी रचनाकारों, आयोजकों और श्रोताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे साहित्यिक आयोजन समाज में सकारात्मक सोच और सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करते हैं।

## खुरपका-मुंहपका रोग के खिलाफ बड़ा अभियान 20 जनवरी से

शाह टाइम्स संवाददाता

**पीलीभीत।** दुधारू पशुओं को खुरपका–मुंहपका जैसी गंभीर बीमारी से बचाने के लिए भारत सरकार और प्रदेश सरकार द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में जनपद में इस रोग के उन्मूलन हेतु सातवें चरण का व्यापक टीकाकरण अभियान शुरू होने जा रहा है। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रवीण कुमार त्यागी ने जानकारी देते हुए बताया कि सर्दी और मौसम परिवर्तन के समय दुधारू पशुओं में खुरपका–मुंहपका रोग का खतरा बढ़ जाता है। यह रोग विशेष रूप से गोवंश एवं भैंसवंशी पशुओं को प्रभावित करता है, जिससे उनके खुरों और मुंह में घाव हो जाते हैं, दुग्ध उत्पादन में भारी गिरावट आती है और कई बार पशु की मृत्यु तक हो जाती है। उन्होंने ने बताया कि भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार प्रदेश पशुओं को खुरपका–मुंहपका रोग से मुक्त करने के उद्देश्य से निरंतर अभियान चला रही हैं। इसी क्रम में लाइव स्टॉक हेल्थ एंड डिजीज कंट्रोल प्रोग्राम (स्भ्क्ब्) के अंतर्गत यह सातवां चरण है। जिसकी शुरुआत पीलीभीत में 22 जनवरी से की जा रही है। यह अभियान 10 मार्च तक चलेगा, जिसमें जनपद को भी शामिल किया गया है। जनपद में लगभग 3 लाख दुधारू पशु हैं और इस अभियान के दौरान सभी पशुओं का निःशुल्क टीकाकरण सुनिश्चित किया जाएगा। इसके लिए पशु चिकित्सा विभाग की टीमें गांव–गांव जाकर कार्य करेंगी ताकि कोई भी पशु टीकाकरण से वंचित न रहे। उन्होंने सभी पशुपालक भाइयों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने नजदीकी पशु चिकित्सालय अथवा पशु सेवा केंद्र से संपर्क बनाए रखें। प्रत्येक गांव में तैनात टीकाकरण कर्मियों का नाम, मोबाइल नंबर और टीकाकरण की तिथि की जानकारी समय रहते प्राप्त कर लें। यदि किसी कारणवश किसी पशु का टीकाकरण नहीं हो पाता है, तो संबंधित पशु चिकित्सा अधिकारी से संपर्क कर अपने गांव में टीकाकरण कराना सुनिश्चित करें।

# टेंपो ट्रैवलर बस ट्रक से भिड़ी एक की मौत, नौ घायल

**पीलीभीत।** नेशनल हाईवे 730 पर गजरौला कलां क्षेत्र के गढ़ा जंगल में बिजली घर के समीप मंगलवार सुबह 9 टेंपो ट्रैवलर और ट्रक में आमने–सामने की भीषण टक्कर में एक यात्री की मौत हो गई जबकि नौ लोग घायल हो गए घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है हादसे के बाद हाईवे पर जाम लग गया जाम को खुलवाने के लिए पुलिस को काफी मशकत करनी पड़ी। घटना मंगलवार सुबह की है। एक टेंपो ट्रैवलर बस जो हिमाचल प्रदेश से मजदूरों को लेकर नेपाल छोड़ने जा रही थी कि अचानक पूरनपुर हाईवे पर माला रेंज के जंगल में बिजली घर मोड़ के निकट सामने आ रहे ट्रक से टकरा गई। जिसमें बस में सवार आठ यात्री लोग घायल हो गए। एक की मृत्यु हो गई है। यह बस नेपाली मजदूरों को हिमाचल के रूहडू से नेपाल झाझर कोठी थाना सिलिंगी छोड़ने जा रही थी। हादसे की मुख्य वजह ओवरटेक करना बताया जा रहा है। जिसमें बस में सवार ड्राइवर सहित 9 लोग घायल हो गए तथा एक की मृत्यु हो गई है। घायलों में बस चालक चित्रा ओली हिमाचल प्रदेश, निर्मल शाही पत्नी देवकी शाही, गौरी खत्री पत्ती पदम बहादुर खत्री, सीता पत्ती वीर बहादुर, राधिका पत्ती बादल तथा तीन वर्षीय पुत्री सोनिया शामिल हैं।

# पीलीभीत में पकड़ी नकली कफ सीरप फैक्ट्री

**पीलीभीत।** थाना घुंघचाई पुलिस द्वारा अवैध कफ सिरप निर्माण में संलिप्त एक अभियुक्त की गिरफ्तारी करते हुए 340 TopeÛ Gold o 35 CoyoreÛ&T (कुल 375) कफ सिरप की शीशियाँ तथा कफ सिरप बनाने के उपकरण, सामग्री बरामद की है।

यूपी की जनपद पीलीभीत पुलिस द्वारा की गई छापेमारी के क्रम में थाना घुंघचाई पुलिस द्वारा अवैध कफ सिरप बनाने की फैक्ट्री का पर्दाफाश करते हुए अभियुक्त सुरेश कुमार पुत्र कामता प्रसाद निवासी लाह, थाना पूरनपुर, जनपद पीलीभीत को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 340 TopeÛ Gold ,oa 35 CoyoreÛ&T कफ



सिरप की शीशियाँ तथा कफ सिरप बनाने से सम्बन्धित सामग्री, जिसमें 5 पैकेटों में 488 नई खाली शीशियाँ (बिना ढक्कन), 110 रैपर, 1939 ढक्कन, 3 स्प्रिट से भरी शीशियाँ, एक छोटा गैस सिलेंडर एवं एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है। बरामदी के आधार पर आरोपी पर थाना घुंघचाई जनपद पीलीभीत में मुकदमा पंजीकृत किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि वह वर्ष 2003 में सिटी अस्पताल पीलीभीत में कम्पाउंडरी का कार्य करता था तथा लगभग 3 वर्ष कार्य करने के बाद अपने गाँव आकर लोगों को जुकाम, बुखार व खाँसी की दवाइयाँ देने के लिए छोटा क्लीनिक खोल लिया। इसके अतिरिक्त वह थाना खुटार क्षेत्र, जनपद शाहजहाँपुर के मझगंवा गाँव में भी क्लीनिक चलाने लगा। अभियुक्त ने लगभग 2 वर्ष पूर्व यूट्यूब से नकली कफ सिरप बनाने की जानकारी प्राप्त कर घर पर ही नकली कफ सिरप बनाना शुरू कर दिया। कोरेक्स कफ सिरप की बिक्री बंद होने के कारण उसने TopeÛ Gold o CoyoreÛ&T के रैपर जैसी छपाई कराई और स्प्रिट, ऑरेंज फ्लेवर नम्बर–1, क्ग सिरप के घोल व चीनी के शीरे से नकली कफ सिरप तैयार करने लगा। उसने जनपद बरेली से खाली शीशियाँ व ढक्कन मंगवाए तथा छोटे गैस सिलेंडर की सहायता से 20 शीशियों की लेमिनेशन युक्त पैकिंग कर उन्हें असली जैसा रूप देता था।

# अवैध रूप से चर्च निर्माण करा रहे तीन गिरफ्तार

**पीलीभीत।** थाना अमरिया पुलिस द्वारा अवैध रूप से चर्च निर्माण करने के प्रयास में 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर कार्यवाही की गई। 17 जनवरी को थाना अमरिया पुलिस को वादी सरजीत सिंह पुत्र हरवंश सिंह निवासी ग्राम तिरकुनिया नसीर थाना अमरिया जिला पीलीभीत के द्वारा तहरीरी सूचना के माध्यम से अवगत कराया गया कि ग्राम नवदिया जिठनिया में मुन्ना मसीह पुत्र चिराग मसीह निवासी ग्राम भूडा ईसाइ कालौनी थाना अमरिया जिला पीलीभीत, जमुना प्रसाद पुत्र तोताराम निवासी ग्राम नवदिया जिठनिया थाना अमरिया जिला पीलीभीत व अर्जुन सिंह राणा पुत्र दुर्गा प्रसाद निवासी ग्राम उलधन थाना खटीमा जिला ऊधम सिंह नगर (उत्तराखण्ड) के द्वारा अवैध रूप से चर्च निर्माण का प्रयास किया जा रहा है जिसके सम्बन्ध में थाना अमरिया पुलिस द्वारा उपरोकत के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया। उक्त अभियोग की विवेचना के क्रम में थाना अमरिया पुलिस द्वारा ग्राम नवदिया जिठनिया में गाटा संख्या 78 पर अवैध रूप से निर्माण कार्य को रोककर धारा 35(3) बीएनएसएस के नोटिस देकर निर्माण कार्य न करने की हिदायत दी गई थी, परन्तु अभियुक्तों द्वारा पुनः निर्माण कार्य किया/कराया (ईट व बालू को इधर–उधर कर) जा रहा था। चर्च निर्माण हेतु शासन/प्रशासन की अनुमति के सम्बन्ध में पूछताछ की गई, जिस पर अभियुक्तगण द्वारा किसी भी प्रकार की अनुमति न होना बताया गया तथा केवल ट्रस्ट के नाम से भूमि के कागजात प्रस्तुत किए गए। शान्तिव्यवस्था बनाए रखने, अपराध रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही के क्रम में मुन्ना मसीह पुत्र चिराग मसीह निवासी ग्राम भूडा ईसाइ कालौनी थाना अमरिया जिला पीलीभीत, जमुना प्रसाद पुत्र तोताराम निवासी ग्राम नवदिया जिठनिया थाना अमरिया जिला पीलीभीत व अर्जुन सिंह राणा पुत्र दुर्गा प्रसाद निवासी ग्राम उलधन थाना के है।

# सदभावना फाउंडेशन ने महिलाओं को बांटी सिलाई मशीन



**मथुरा।** सदभावना फाउंडेशन के तत्वाधान में सदभावना सिलाई प्रशिक्षण केंद्र पर नारी शक्ति को समर्पित कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में प्रमुख व्यवसायी अंशुल अग्रवाल द्वारा अपनी माताजी स्व. महिमा अग्रवाल की स्मृति में समाज की गरीब व जरूरतमंद महिलाओं को सिलाई मशीन भेंट की। कार्यक्रम के अतिथि अंशुल अग्रवाल ने कहा कि मेरा मानना है कि किसी को इस काबिल बना देना कि वह परिवार का पालन–पोषण कर सके यही सच्ची सेवा है। सद्भावना प्रशिक्षण केंद्र पिछले दो दशक से भी अधिक समय से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का कार्य कर रहा है। इस संस्था ने समाज में एक सकारात्मक संदेश दिया है। संस्था के अध्यक्ष मनीष दयाल ने कहा कि हमारा प्रयास है कि महिलाएँ आत्मनिर्भर बनें और समाज में सम्मानपूर्वक जीवन व्यतीत करें। सिलाई मशीनें उनके हुनर को एक अवसर प्रदान करेंगी। सचिव आभा ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में कुल पांच महिलाओं को सिलाई मशीनें प्रदान की गईं। अंत में धन्यवाद ज्ञापन देते हुए संजीव अग्रवाल ने दिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से अमित पचौरी, बृजमोहन, सुषमा, समता, आयशा, सुनीता, आसमां, आसमीन, राजकुमार, हरीश, सविता, मीना, कुसुम, गीता, सोनिया आदि उपस्थित रहे।

# युवाओं को खेती से दूर करना चाहती है सरकार : टिकैत

**■ जब किसान मजबूत होगा तभी देश मजबूत बनेगा: राकेश टिकैत**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मिलक।** भारतीय किसान यूनियन के प्रवक्ता चौधरी राकेश सिंह टिकैत ने कहा कि सरकार की नीतियां युवाओं को खेती से दूर करने की दिशा में काम कर रही हैं। खेती की लागत लगातार बढ़ रही है, लेकिन किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है। इससे किसान घाटे में जा रहा है और युवाओं का मोह खेती से भंग हो रहा है।

राष्ट्रीय युवा क्रान्ति मोर्चा के नवदिया स्थित कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में चौधरी राकेश सिंह टिकैत का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान किसान हित, युवाओं की भूमिका और सामाजिक न्याय जैसे अहम मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई।




कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राकेश टिकैत ने कहा कि किसान आज भी गंभीर समस्याओं से जूझ रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार चाहती है कि खेती नुकसान का सौदा बने, ताकि किसान अपनी जमीन बेचने को मजबूर हो जाए। हमें अपनी जमीन से प्यार करना है, उसे बेचना नहीं है। जब तक किसान मजबूत नहीं होगा, तब तक देश की अर्थव्यवस्था और समाज भी मजबूत नहीं हो सकता।

उन्होंने युवाओं से आ]वान किया कि वे किसानों के साथ खड़े हों और लोकतांत्रिक व शांतिपूर्ण तरीके से अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करें। टिकैत ने कहा कि किसान और युवा एकजुट होकर ही व्यवस्था में बदलाव ला सकते हैं। इस मौके पर राष्ट्रीय युवा क्रान्ति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नलिन सिंह ने कहा कि उनका संगठन शुरू से ही युवाओं, किसानों और वंचित वर्गों की आवाज को मजबूती से उठाता रहा है। रायुक्रांमो का उद्देश्य सामाजिक न्याय, समानता और अधिकारों की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष करना है। आने वाले समय में संगठन किसान. युवा एकता को और मजबूत करेगा।

कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष अमित वास्तव, विजय प्रताप सिंह, धीरेन्द्र सिंह, हरनाम सिंह, विकल वास्तव, विनय गंगवार, निर्भय सिंह, राहुल यादव, संजय राठौर, गुरुप्रीत सिंह पंछी, अशरफी लाल गंगवार सहित बड़ी संख्या में किसान, युवा व पदाधिकारी मौजूद रहे।

# रात्रिकालीन विशेष अभियान में 1475 वाहन जांचे गए, 9 पर तत्काल कार्रवाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जनपद में अवैध उप-खनिज खनन, अनधिकृत परिवहन एवं ओवरलोडिंग जैसी गैरकानूनी गति. विधियों पर पूर्णतः अंकुश लगाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा सख्त एवं निरंतर कार्रवाई की जा रही है।

जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के स्पष्ट निर्देशों के क्रम में दिनांक 19 जनवरी 2026 को जनपद की समस्त तहसीलों के प्रमुख मार्गों एवं चौराहों पर 10 चेक प्वाइंट स्थापित कर रात्रि 08रू00 बजे से प्रातः 07रू00 बजे तक व्यापक रात्रिकालीन सघन जांच अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान प्रशासन, पुलिस एवं परिवहन विभाग की संयुक्त टीमों द्वारा 1475 वाहनों की सघन जांच की गई। जांच में नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर 09 वाहनों के विरुद्ध तत्काल



चालान की कठोर कार्यवाही अमल में लाई गई। जिला प्रशासन ने दो-टूक शब्दों में स्पष्ट किया है कि अवैध खनन, ओवरलोडिंग एवं अनधिकृत परिवहन में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जा रही है। जनसुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण एवं राजस्व हितों से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

प्रशासन ने चेतावनी दी है कि भविष्य में भी इस प्रकार के अचानक, निरंतर एवं कठोर प्रवर्तन अभियान चलाए जाएंगे तथा दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोरतम दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# भारतीय किसान संघ प्रशासन के बुद्धि शुद्धि को लेकर करेगा हवन

**■ किसानों की समस्याओं से प्रशासन ने मूंद ली हैं ऑखें**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** माधव भवन संघ कार्यालय रामपुर में भारतीय किसान संघ की बैठक हुई बैठक में किसानों की समस्याओं को लेकर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। भारतीय किसान संघ के संगठन मंत्री रमेश चंद ने बताया की ए बैठक हर माह के 20 तारीख को होती है इसमें सभी योजनाओं की समीक्षा की जाती है।

वहीं जिलाध्यक्ष वीरेश शर्मा ने ज्ञापन देते हुए कहा कि प्रशासन किसानों कि समस्याओं का समाधान नहीं कर पा रहा है। जल्द ही इनकी बुद्धि शुद्धि



के लिए हवन कराया जाएगा और आगे कहा कि सभी निजी स्कूलों में एनसीईआरटी कोर्स लागू होना चाहिए। स्कूलों ने प्राइवेट कोर्स को लेकर लूट मचा रखी है जिसका सीधा असर मजदूर किसानों कि जेब पर जाता है किसानों की समस्याओं में राशन कार्ड को लेकर बताया की पैसे लेकर राशन कार्ड बनाया जा रहा है। राशन कार्ड में से यूनिट काट दिए जाते हैं फिर किसानों से दफ्तर के चक्कर लगवाए जाते हैं और खुले में घूम रहे पशुओं से किसानों की फसलें बर्बाद हो रही हैं। भ

ारतीय किसान संघ का इन समस्याओं को लेकर भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओ ने जनपद रामपुर अपर मजिस्ट्रेट नितिन मदान को जिला. धिकारी के नाम ज्ञापन सौंपा। भारतीय किसान संघ का कहना है कि जल्द ही इन समस्याओं का समाधान किया जाए जल्द ही इन समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो भारतीय किसान संघ आंदोलन करने पर मजबूर होंगा।

इस मौके पर भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष वीरेश शर्मा, उपाध्यक्ष मथुरा प्रसाद, सह मंत्री अरविन्द कुमार, जिला प्रचार प्रमुख सर्वेश कुमार, ब्लॉक अध्यक्ष आशीष चंद सचिन शर्मा, मिंटू तिवारी अनमोल, घनश्याम कुर्मी, रविंदर गंगवार वेदप्रकाश, महेश कश्यप, प्रेमपाल गंगवार, अरुण वास्तव, राम बहादुर गंगवार आदि लोग उपस्थित रहे।

# रामपुर में मेडिकल कॉलेज की मांग तेज

**■ व्यापारियों ने बैठक में उठाया जल्द से जल्द मेडिकल कॉलेज बनवाने का मुद्दा**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** मंगलवार को उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के कार्यालय तिलक नगर कॉलोनी पर संगठन के सभी पदाधिकारी इकठा हुए। इस पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी ने कहा कि रामपुर में जिला चिकित्सालय में मेडिकल कॉलेज के 600 वैड की स्थापना पूर्ण रूप से राजकीय स्तर पर स्थापना करने के लिए लगातार व्यापार मंडल द्वारा अनुरोध किया जा चुका है। इस संबंध में रामपुर की जनता व्यापारी समाज लगातार राजकीय स्तर पर मेडिकल कॉलेज की स्थापना करने हेतु मांग करता चला रहा है। जिसके



आधार पर जनता के ऊपर हो रहे जुल्म को देखते हुए मेडिकल कॉलेज की स्थापना कराया जाना अति आवश्यक है।

जनपद रामपुर के जिला चिकित्सालय में जितने भी मरीज है किडनी ,लीवर, ब्रेन हेमरेज, के जाते हैं उनका समय पर आवश्यकता अनुसार इलाज न मिल पाने के कारण उनका जिला चिकित्सालय द्वारा रेफर मुरादाबाद, बरेली, गुड़गांव, दिल्ली कर दिया जाता है हजारों गरीबों की मौत जिला चिकित्सालय से रेफर करने के पश्चात रास्ते में ही हो जाती है। जिला चिकित्सालय मात्र पर रेफर केंद्र बनकर रह गया है इस संबंध में व्यापार मंडल द्वारा उत्तर प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री एवं उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक वार्ता कर दो बार अनुरा. ध किया जा चुका है। जिस पर उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने 600 बेड का मेडिकल कॉलेज शुरू कराने के आदेश भी जारी किए थे लेकिन अनजान कारणों से मेडिकल कॉलेज शुरुआत का कार्य जानबूझकर लटकाया जा रहा है जिससे रामपुर की जनता तड़प तड़प के समय से इलाज के अभाव में मृत्यु को प्राप्त हो रही है।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजीव शर्मा, युवा जिला अध्यक्ष अरविंद गुप्ता, प्रदेश मंत्री पप्पू खां ,महफूज हुसैन नगर अध्यक्ष, पुलकित अग्रवाल युवा नगर अध्यक्ष, अब्दुल बासिक मंडल अध्यक्ष, विजय अग्रवाल, सरदार मंजीत सिंह सिंपल दिलशाद खान , बाबू का टायर वाले, शाहिद अली ,शाहिद मामू ,सरदार रविंदर सिंह टोनी, दिलशाद हुसैन नासिर खान, आसिफ उल्ला खान प्रदेश प्रचार मंत्री , सोहेल खान, राजू सुमन ,नूर मोहम्मद ,शराफत , मोहम्मद रफी, जमीर खान , शाहिद मामू,आदि सैकड़ो की संख्या में पदाधिकारी व व्यापारी मौजूद रहे।

# सचिवों ने शोषण के खिलाफ जताया विरोध

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

रामपुर। मंगलवार को ग्राम विकास अधिकारी एवं ग्राम पंचायत अधिक. ारी समन्वय समिति की बैठक विकास खंड चमरव्वा के सभागार में आयोजित की गई जिसमें समस्त ग्राम पंचायत सचिवों ने वर्तमान में हो रहे शोषण के खिलाफ विरोध जताया, सरकारी छुट्टी वाले दिन कार्य न करने पर चर्चा की गई एवं अपने पदीय दायित्वों पर आ रही समस्याओं के संबंध में चर्चा की गई।

ऑडिट के संबंध में चर्चा उपरांत निर्णय लिया गया कि ऑडिट शासन द्वारा बनाए गए नियम के अनुसार किए जाए अगर ऑडिटर द्वारा किसी भी विकास खंड में शासनादेश के विपरीत अनावश्यक शोषण करने का प्रयास किया तो समस्त सचिव ऑडिटर के खिलाफ विरोध करने को



मजबूर होंगे।

इस मौके पर ग्राम विकास अधिकारी संघ में जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के जिला अध्यक्ष परमानंद, ग्राम विकास अधिकारी संघ के महामंत्री मनोज सागर, ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के महामंत्री प्रवेश कुमार, एवं मनोज कुमार सिंह, कुणाल चौधरी संजय कुमार , कौशल कुमार, वेग सिंह, धनवती, कुलदीप गौतम, राजा सिंह गहलोत प्रवेश कुमार, रोहित, संजीव तोमर , बादाम सिंह , शबनम अली, विवेक चौधरी, कौशल कुमार, कु। ऊषा , कु। शिवानी, अनिल शाह आदि उपस्थित रहे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** मंगलवार को एक सड़क हादसे में ढाबे का एक कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गया। अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल कर्मचारी को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के हाईवे पर स्थित मोगा ढाबा के पास हाईवे के कट से रोड पार करते अज्ञात वाहन बाइक सवार को टक्कर मार दी जिसके परिणाम स्वरूप बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया घायल की पहचान लखीमपुर खीरी निवासी पंकज के रूप में हुई है।

बताया गया कि वह ढाबे से सामान लेने मिलक जा रहा था, तभी एक अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पंकज सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया।

हादसे के बाद हाईवे पर कुछ देर के लिए यातायात बाधित हो गया और मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। ढाबे पर काम कर रहे अन्य कर्मचारियों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, एंबुलेंस बुलवाई और यातायात को सुचारु कराया।

घायल पंकज को एंबुलेंस से मिलक के सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया।

बताया जा रहा है कि उसे इलाज के लिए बरेली ले जाया गया है। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी है।

# सैफनी जनता इंटर कॉलेज में तीन दिवसीय स्काउट गाइड का प्रबंधक ने झंडारोहण कर किया उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी।** जनता इंटर कॉलेज में मंगलवार को तीन दिवसीय स्काउटध् गाइड के शिविर कालेज के प्रबंधक अशोक गुप्ता द्वारा स्काउट गाइड का झंडा रोहण कर उद्घाटन किया गया जिला संगठन कमिश्नर रामपुर जीतू कुमार ने स्काउट गाइड को फ्लैग सेर. रमनी एवं स्काउट का इतिहास नियम प्रतिज्ञा आदि की जानकारी दी इस मौके पर प्रधानाचार्य डॉक्टर शिव ओम शर्मा के द्वारा स्काउटध् गाइड शिविर का शुभारंभ किया गया इस अवसर पर स्काउट प्रभारी देवेंद्र नाथ सिंह यादव रामनायक पुष्पेंद्र कुमार जी विनोद कुमार एवं कुंदन सिंह उमेश कुमार सुनील कुमार आदेश कुमार लोकेश कुमार आदि उपस्थित



रहे उपस्थित रहे वही अन्य विद्यालयों में सरस्वती विद्या मंदिर सैफनी के स्काउटध्गाइड एवं विद्या मंदिर के आचार्य चंद्रपाल सिंह एवं राम आदर्श जूनियर हाई स्कूल सैफनी के स्काउट ध्गाइड भी उपस्थित रहे।

# निर्यात तैयारी सूचकांक-2024 में उत्तर प्रदेश की बड़ी छलांग, चौथे स्थान पर पहुंचा उत्तर प्रदेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश आज न केवल तेजी से उभरता निर्यातक राज्य बन रहा है, बल्कि निर्यात को रोजगार, निवेश, क्षेत्रीय संतुलन और समावेशी विकास से जोड़ते हुए नए राष्ट्रीय मॉडल के रूप में भी उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। इसका ताजा उदाहरण नीति आयोग द्वारा जारी निर्यात तैयारी सूचकांक 2024 द्धईपीआई। 2024ऋ की रैंकिंग है। 14 जनवरी, 2026 को जारी इस रैंकिंग में उत्तर प्रदेश ने उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज करते हुए ओवरऑल चौथा स्थान तथा भू-आबद्ध द्धस्।छक्स्व्ब्ज्ञम्क्ऋ राज्यों में प्रथम स्थान हासिल किया है। वर्ष 2022 की रैंकिंग में उत्तर प्रदेश ओवरऑल सातवें स्थान पर और भू-आबद्ध राज्यों में दूसरे स्थान पर था। केवल दो वर्षों में यह बड़ी छलांग राज्य के निर्यात क्षेत्र में हुए व्यापक सुधारों में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार की निर्यात-प्रोत्साहन नीतियों का प्रत्यक्ष परिणाम मानी जा रही है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्रदेश में निर्यात अवसंरचना को सु.ढ़ करने, लागत प्रतिस्पर्धा बढ़ाने, विविध उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने और कारोबारी माहौल को सुगम बनाने पर विशेष बल दिया गया। उत्तर प्रदेश निर्यात प्रोत्साहन नीति, एक जिला-एक उत्पाद योजना, कॉमन फैसिलिटी सेंटर, लॉजिस्टिक्स सुधार, रोड-कनेक्टिविटी और ड्राई पोर्ट जैसी पहल निर्यात तत्परता को गति देने में महत्वपूर्ण साबित हुई हैं। सरकार द्वारा माल भाड़ा व्यय, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मेलोंध्प्रदर्शनियों में भागीदारी, गुणवत्ता प्रमाणीकरण, ई-कॉमर्स ऑनबोर्डिंग शुल्क, कुरियर एवं एयर-फ्रेट व्यय तथा निर्यात क्रेडिट गारंटी पर प्रतिपूर्ति जैसी सुविधाओं ने निर्यातकों का लागत बोझ कम किया है और उन्हें वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धी बनाया है।

पिछले तीन वर्षों से आयोजित उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो ने राज्य के निर्यातकों के लिए महत्वपूर्ण प्लेटफॉर्म का कार्य किया है। इसके माध्यम से यूपी के एमएसएमई और पारंपरिक कारीगरों को अंतर्राष्ट्रीय बायर्स से सीधा संपर्क मिला, जिससे नए बाजारों में प्रवेश और निर्यात ऑर्डरों में वृद्धि दर्ज की गई। इससे प्रदेश के हथकरघा, हस्तशिल्प, खाद्य-प्रसंस्करण, चमड़ा, फार्मा और एग्री-बेस्ड उत्पादों को नई पहचान मिली है।

नीति आयोग ने ईपीआई-2024 रैंकिंग तैयार करते समय चार प्रमुख स्तंभ-निर्यात अवसंरचना, बिजनेस इकोसिस्टम, नीति एवं सुशासन और निर्यात प्रदर्शन के साथ 13 उप-स्तंभों के 70 संकेतकों के आधार पर राज्यों का मूल्यांकन किया। इन विभिन्न मानकों पर उत्तर प्रदेश ने व्यापक सुधार दर्ज कराए हैं। निर्यात पोर्टफोलियो का विस्तार, नए बाजारों तक पहुंच, लॉजिस्टिक सपोर्ट सिस्टम का विकास और उद्योग-अनुकूल नीतियों ने यूपी की स्थिति को मजबूत किया है। रैंकिंग में पहले तीन स्थान पर महाराष्ट्र, तमिलनाडु और गुजरात जैसे तटीय राज्य रहे हैं, जबकि समुद्री तट न होने के बावजूद उत्तर प्रदेश का चौथे स्थान तक पहुंचना एक बड़ी सफलता के रूप में देखा जा रहा है। समुद्री तट न होने के कारण उत्तर प्रदेश के निर्यातकों को बंदरगाहों तक माल पहुंचाने में अधिक समय और लागत वहन करनी पड़ती है। इसके बावजूद राज्य का ओवरऑल चौथे स्थान तक पहुंचना इस बात का प्रमाण है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा किए गए संरचनात्मक सुधार, नीति समर्थन और सक्रिय हैंड-होल्डिंग ने निर्यातकों को वास्तविक लाभ पहुंचाया है।

# दिल्ली से सीतापुर जा रही प्राइवेट बस को मिलक हाईवे पर लूटने का प्रयास

**चालक परिचालक की सूझबूझ से बड़ी घटना होने से बची**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** दिल्ली से सीतापुर जा रही है एक प्राइवेट बस को मिलक हाईवे पर बदमाशों ने लूट का प्रयास किया लेकिन चालक परिचालक की सूझबूझ से उनका प्रयास सफल नहीं हो पाया चालक ने बस को लभारी चौकी पर ले जाकर रोका घटना की रिपोर्ट चार लोगों के खिलाफ नाम दर्ज कराई गई है। 18 जनवरी की रात को एक प्राइवेट स्लीपर बस यूपी34डीटी 3496 दिल्ली से चलकर सीतापुर जा रही थी जिसको चालक मैंराज खान पुत्र सईद खान निवासी ग्राम टेडवा तहसील विस्वा जनपद सीतापुर चल रहा था। रात्रि लगभग 12रू30 बजे मिलक हाईवे पर देवोत्तम अस्पताल के पास इको और स्विफ्ट गाड़ी में सवार बदमाशों ने बस को लूटने की नीयत से रोकना चाहा बस ना रोकने पर बदमाशों ने चालक पर हमला करने का प्रयास किया। जिससे बस के शीशे भी टूट गए फिर भी चालक ने बस को नहीं रोका चालक ने सूझबूझ का परिचय देते हुए बस को बरेली जनपद की सीमा पर स्थित लभारी पुलिस चौकी पर ले जाकर रोका और सूचना पुलिस को दी। चालक की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया जिनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। उनमें ठेकेदार फकरू चौधरी पुत्र शाहिद, नदीम उर्फ नेता पुत्र तरीकत, जुबेर पुत्र फकरू चौधरी निवासी बैट गढ़मुक्तेश्वर एवं एक अज्ञात को नामजद किया गया है। चालक ने आरोप लगाते हुए बताया के उक्त बदमाशों ने तमंचा दिखाकर सवारी और मुझे जान से मारने की धमकी दी और लोग बदमाश किस्म के हैं और पहले भी बसों में लूट करने के आरोप में मुकदमे दर्ज हुए है।

# पंद्रह दिन से लापता युवती, परिजनों ने सीओ से लगाई गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** कोतवाली क्षेत्र से ग्राम खुटिया की एक युवती बीते 5 जनवरी से लापता है। घटना को 15 दिन बीत जाने के बावजूद पुलिस को युवती का कोई सुराग नहीं मिल सका है। युवती के अचानक लापता होने से परिजन गहरी चिंता में हैं।

परिजनों की तहरीर पर मिलक पुलिस ने 8 जनवरी को गुमशुदगी का मामला दर्ज कर युवती की तलाश शुरू की थी। पुलिस की ओर से संभावित स्थानों पर खोजबीन की जा रही है, लेकिन अब तक कोई ठोस जानकारी हाथ नहीं लगी है।

मंगलवार को युवती के परिजन कोतवाली मिलक पहुंचे, जहां वार्षिक निरीक्षण पर आए पुलिस क्षेत्राधिकारी मिलक राजवीर सिंह परिहार से मुलाकात कर युवती की जल्द बरामदगी की मांग की। परि. जनों ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए शीघ्र कार्रवाई की गुहार लगाई।

इस पर सीओ मिलक ने परिजनों को आश्वासन दिया कि युवती की तलाश लगातार जारी है और जल्द ही उसे बरामद कर सुरक्षित परिजनों को सौंप दिया जाएगा। पुलिस टीम विभिन्न बिंदुओं पर जांच कर रही है।

# प्रयागराज महा कुंभ में उत्कृष्ट सेवा के लिए सैफनी कांस्टेबल सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी।** ऋषि मुनियों की नगरी प्रयागराज महा कुंभ मेले में उत्कृष्ट सेवा के लिए सैफनी में तैनात कांस्टेबल नीरज चौधरी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सम्मानित किया है। यह सम्मान उन्हें कुंभ मेले के दौरान कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और सराहनीय कार्य के लिए प्रदान किया गया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सम्मान समारोह में कहा कि कुंभ जैसे विशाल आयोजन की सफलता में पुलिस बल की मेहनत, समर्पण और सेवा भावना की अहम भूमिका होती है।

उन्होंने कॉन्स्टेबल नीरज चौधरी जैसे पुलिसकर्मियों के प्रयासों की सराहना की, जिनके कारण करोड़ों श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सुव्यवस्थित वातावरण मिल सका।नीरज चौधरी को यह सम्मान मिलने पर सैफनी क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

स्थानीय लोगों और पुलिस विभाग के अधिकारियों ने उन्हें बधाई दी। सहकर्मियों ने बताया कि नीरज चौधरी अपने कर्तव्य के प्रति हमेशा सजग और समर्पित रहते हैं।यह उपलब्धि न केवल कॉन्स्टेबल के लिए बल्कि सैफनी पुलिस के लिए भी महत्वपूर्ण है। यह अन्य



पुलिसकर्मियों को भी ईमानदारी और निष्ठा से कार्य करने के लिए प्रेरित करेगी।

# डीएम ने वन स्टॉप सेंटर का किया औचक निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** मंगलवार को जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने चादर वाला बाग स्थित वन स्टॉप सेंटर का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र के प्रत्एक कक्ष का निरीक्षण कर साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था, परामर्श कक्ष एवं अन्य मूलभूत व्यवस्थाओं का विस्तारपूर्वक जायजा लिया।

वन स्टॉप सेंटर में साफ-सफाई की व्यवस्था बेहतर पाई गई तथा निरीक्षण के समय केंद्र पर तैनात समस्त स्टाफ उपस्थित मिले।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वन स्टॉप सेंटर में आई पीड़ित



महिलाओं से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को सुना।

जिलाधिकारी ने कहा कि वन स्टॉप सेंटर का उद्देश्य केवल तत्काल सहायता प्रदान करना नहीं, बल्कि पीड़ित महिलाओं को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाना भी है।

उन्होंने वन स्टॉप सेंटर की संचालक मती चांद बी निर्देशित किया कि हिंसा से पीड़ित काउंसलिंग हेतु आने वाली महिलाओं को एक ही छत के नीचे कौशल विकास, व्यावसायिक प्रशिक्षण एवं आजीविका से संबंधित सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, जिससे वे आत्मविश्वास के साथ अपने पैरों पर खड़ी होकर समाज में सम्मानजनक एवं स्वावलंबी जीवन जी सकें।

उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि काउंस. लिंग के दौरान आने वाली सभी महिलाओं की सुव्यवस्थित सूची तैयार कर उन्हें आवश्यक प्रशिक्षण कार्यक्रमों से जोड़ना सुनिश्चित किया जाए, साथ ही प्रगति की नियमित समीक्षा भी की जाए।

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

हमने अपने भाई बब्लू पुत्र छोटे व उसकी पत्नी शेवी की मनमानी एवं अभद्र व्यवहार के कारण उनसे सभी तरह के संबन्ध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में वे दोनों अपने किसी भी कृत्य के लिए स्वंय उत्तरदाई होंगे। अब हमारा उपरोक्त दोनों से किसी प्रकार का कोई वास्ता नहीं हैं।

**मो.आसिफ व मो. शाकिर**
**पुत्रगण छोटे ( भाई ) व रुखसाना**
**पत्नी मो. आरिफ ( भाभी )**
**निवासी मोहल्ला आजाद नगर**
**कस्बा टाण्डा ( रामपुर )**

# डंपर ने बाइक सवार युवक को मारी टक्कर, मौत


- खौद चौराहे के पास हादसा, घर में मचा कोहराम
- पुलिस ने मृतक के सब को पीएम के लिए भेजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैदनगर।** स्वार रोड पर तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शब्द को पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है।

हादसा अजीमनगर थाना क्षेत्र के खौद चौराहा स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के पास का है। इमरता निवासी युवक मोहम्मद फुरकान उम्र 25 वर्ष की मुरसैना चौराहे पर मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान थी। मंगलवार शाम करीब 5 बजे युवक बाइक से खौद की साप्ताहिक बाजार गया था। वापस आते समय बैंक ऑफ बड़ौदा के पास अनियंत्रित डंपर चालक ने युवक के ऊपर वाहन को चढ़ा दिया। हादसे के बाद युवक डंपर के पहिए के नीचे आ गया।

मौके पर मौजूद लोगों ने माजरा देखा तो उनके होश उड़ गए। चीख पुकार सुनने के बाद डंपर चालक ने वाहन को रोक लिया। मौके पर मौजूद लोगों ने किसी तरह डंपर के पहिए में फंसे युवक को बाहर निकाला। लेकिन तब तक युवक की दर्दनाक





मौत हो चुकी थी। सूचना मिलते ही चौकी इंचार्ज उत्तम मलिक पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए।

पुलिस ने हादसे को अंजाम देने वाले वाहन और एक हेल्पर को अपने कब्जे में ले लिया। हादसे के बाद तमाम लोगों की भीड़ मौके पर जमा होने लगी। जिसके चलते सड़क पर जाम के हालात बनने लगे। मौके पर मौजूद पुलिस ने लोगों को सड़क से हटाकर जाम खुलवाया।

मृतक के शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने जिला अस्पताल भिजवा दिया। हादसे की सूचना घर पहुंची तो कोहराम मच गया। रोते बिलखते मृतक के परिजन घटनास्थल की ओर दौड़ने लगे।

थाना अध्यक्ष कर्म सिंह पाल ने बताया मृतक के शव को जिला अस्पताल भेजा गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है आरोपी पर कानूनी कार्यवाही होगी।

# सीडीओ द्वारा तहसील टांडा में निर्माणाधीन राजकीय डिग्री कॉलेज लांबाखेड़ा का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टांडा।** जनपद में उच्च शिक्षा के विस्तार एवं शैक्षणिक आधारभूत संरचना को सु.ढ़ किए जाने के उद्देश्य से तहसील टांडा स्थित नवनिर्मित राजकीय मॉडल डिग्री कॉलेज लांबाखेड़ा का मुख्य विकास अधिक. ारी गुलाब चन्द्र द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कॉलेज परिसर का भ्रमण कर निर्माण कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता एवं उपलब्ध सुविधाओं का गहन अवलो. कन किया।

मुख्य विकास अधिकारी ने भवन के शैक्षणिक कक्षों, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय, प्रशासनिक भवन, पेयजल व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति, शौचालय, बाउंड्रीवाल सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान



कुछ कमियां पाई गई, जिनके निराकरण हेतु संबंधित कार्यदाई संस्था के अभियंता को निर्देशित किया कि 10 दिवस के अंदर पाई गई कमियां का निराकरण करना सुनिश्चित करें। उसके उपरांत कॉलेज भवन का विधिवत हैंडओवर की प्रक्रिया सुनिश्चित की जाए, जिससे आगामी शैक्षणिक सत्र में कॉलेज का संचालन सुचारू रूप से प्रारंभ किया जा सके। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप ग्रामीण एवं अर्ध-शहरी क्षेत्रों के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है।

निरीक्षण के अवसर पर संबंधित विभागों के अधिकारी, कार्यदाई संस्था के प्रतिनिधि एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जुल्फिकार इंटर कॉलेज में वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ के तत्वाधान में जिला विज्ञान क्लब रामपुर द्वारा राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंगलवार को राजकीय जुल्फिकार इंटर कॉलेज रामपुर में किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अंजलि अग्रवाल जिला विद्यालय निरीक्षक रामपुर सादर उपस्थित रही व विशिष्ट अतिथि योगेंद्र पाल सिंह, प्रधानाचार्य राजकीय मुर्तजा इंटर कॉलेज रामपुर सादर उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में अतिथि के पद पर डॉक्टर शालू कौशल प्रधानाचार्य राजकीय जुल्फिकार बालिका इंटर कॉलेज रामपुर व अनूप सिंह प्रवक्ता राजकीय शारीरिक प्रशिक्षण महाविद्यालय रामपुर सादर उपस्थित रहे व कार्यक्रम की अध्यक्षता रचना चतुर्वेदी प्रधानाचार्य राजकीय जुल्फिकार इंटर कॉलेज रामपुर ने की है कार्यक्रम में



उपस्थित सभी अतिथियों का बुके देकर व बैच लगाकर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में गणित से संबंधित विभिन्न प्रकार के प्रदर्शन किए गए कार्यक्रम में उपस्थित गणित प्रदर्शक मतीन अंसारी प्रधानाध्यापक उच्च प्राथमिक विद्यालय, नरहरा, मेरठ व सुधीर कुमार सहायक अध्यापक राजकीय जुल्फिकार इंटर कॉलेज रामपुर ने विभिन्न प्रकार के प्रयोग प्रदर्शन करके दिखाएं इनके द्वारा दिखाए गए गणित के प्रयोग प्रदर्शन से विद्यार्थियों को गणित विषय में एक नई सीख मिली।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें चार्ट प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर राहिला राजकीय इण्टर कॉलेज पहाड़ी गेट रामपुर से प्रथम स्थान पर रहे द्वितीय स्थान पर शुभम अग्रवाल हरि इंटर कॉलेज रामपुर से रहे व तृतीय स्थान पर फातिमा आफताब शम्शी गर्ल्स इंटर कॉलेज रामपुर से रही सांत्वना पुरस्कार में खुशबू गौतम कन्या इंटर कॉलेज खारी कुआं से रही व सांत्वना पुरस्कार में अर्तिका डीएवी इंटर कॉलेज बिलासपुर से रही।

मॉडल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर अजीम राजकीय जुल्फेकार इंटर कॉलेज रामपुर से रहे द्वितीय स्थान पर आयशा सेंट पॉल सीनियर सेकेंडरी स्कूल रामपुर से रहे तृतीय स्थान पर उमैमा रामपुर सीनियर सेकेंडरी स्कूल से रहे व सांत्वना पुरस्कार में अंशिका गौतम राजकीय जुल्फिकार बालिका इंटर कॉलेज रामपुर से रही चयनित विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि महोदय द्वारा पुरस्कार व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अंजलि अग्रवाल जिला विद्यालय निरीक्षक रामपुर ने अपने व्याख्यान में विद्यार्थियों को दैनिक जीवन में गणित के प्रयोग बताएं उन्होंने विज्ञान एवं तकनीक के माध्यम से शिक्षा के शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे विकास पर भी प्रकाश डाला कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि योगेंद्र पाल सिंह ने अपने व्याख्यान में विद्यार्थियों द्वारा गणित से संबंधित चार्ट व मॉडल की प्रशंसा की उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों द्वारा दैनिक जीवन की जरूरत को ध्यान में रखते हुए गणित के उपयोग को बताया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही रचना चतुर्वेदी प्रधानाचार्य राजकीय जुल्फिकार इंटर कॉलेज रामपुर ने अपने व्याख्यान में विद्यार्थियों से कहा कि गणित दिवस मनाने का उद्देश्य ही हमारे दैनिक जीवन में गणित को अपनाना है। हमें अपने आसपास के लोगों को भी गणित के माध्यम से दैनिक जीवन को आसान बनाने की सलाह देनी चाहिए

कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया कार्यक्रम में गुरु अमरदास शिक्षा निकेतन मिलक रामपुर, राजकीय जुल्फिकार बालिका इंटर कॉलेज रामपुर, सेंट पॉल सीनियर सेकेंडरी स्कूल रामपुर, कन्या इंटर कॉलेज खारी कुआं रामपुर, डीएवी कन्या इंटर कॉलेज बिलासपुर रामपुर, हरि इंटर कॉलेज रामपुर, रामलीला पब्लिक इंटर कॉलेज रामपुर, राजकीय मुर्तजा इंटर कॉलेज रामपुर, शम्शी गर्ल्स इंटर कॉलेज रामपुर आदि स्कूलों ने प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम में आए सभी अध्यापक गणों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया

कार्यक्रम के अंत में जिला विज्ञान क्लब रामपुर के जिला समन्वयक सोमपाल सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया तथा जिला विज्ञान क्लब रामपुर के कार्यक्रमों से सभी से जुड़ने की अपील की तथा भविष्य में जिला विज्ञान क्लब रामपुर द्वारा प्रस्तावित कार्यक्रमों के बारे में सभी को जानक. ारी दी कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में अध्यापक गण चांदनी, तानिया, प्रगति गोयल, अंबिका सिंह, अंबर वशिष्ठ, नाजिया रशीद, रूपम कुमारी, सीमा अग्रवाल, उर्मिला, विकास पांडे, नंदकिशोर, राकेश कुमार, नौरीन दीवा, मुंतहा मुसुफ, अंकुर सिंह व आकाश कुमार आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### प्रसव के दौरान जच्चा सुरक्षित तो बच्चे की गई जाना परिजन भड़के, अस्पताल सील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धमोरा।** मामला शहजादनगर थाना क्षेत्र के हाइवे स्थित शंकरपुर गांव से जुड़ा है। हाइवे पर द फैमिली क्लीनिक के नाम से संचालित एक अस्पताल की घटना है। क्षेत्र के ही मेघानगला गांव निवासी अमित कुमार पुत्र जगत पाल सिंह ने शहजादनगर पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया था कि बीती 14 जनवरी की शाम को उसने अपनी भावी रजनी पत्नी महावीर को प्रसव के लिए भर्ती किया था।

पीड़ित ने अस्पताल संचालक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा है कि अस्पताल संचालक रूबी पत्नी मुकीम अहमद ने देर रात तक नॉर्मल डिलीवरी करने के झांसे में रखती रही। जब जच्चा को पीड़ा बढ़ी तो क्लीनिक के संचालक ने मरीज को रामपुर के किसी निजी अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जब क्लीनिक द्वारा भेजे गए मरीज को रामपुर स्थित निजी अस्पताल लेकर गए तो वहां चिकित्सक ने जच्चा के पेट में बच्चे को मृत घोषित करते हुए ऑपरेशन की सलाह दी। कि ऑपरेशन कर बच्ची को निकालना पड़ेगा नहीं तो मरीज को और भी ज्यादा तकलीफ हो सकती है। जिसके बाद परिजन भड़कते हुए द फैमिली क्लीनिक संचालक रूबी पर लापरवाही बरती है।

जिसकी शिकायत थाना पुलिस को तहरीर देकर कर दी। इस दौरान घटना को बीते आठ दिनों बाद विभाग की ओर से नोडल अधिकारी देवेश चौधरी ने कार्यवाही करते हुए शंकरपुर स्थित द फैमिली क्लीनिक को सील कर दिया।

नोडल अधिकारी देवेश चौधरी ने बताया कि कुछ दिनों पहले एक समाचार पत्र में खबर छापी गई थी। कि डिलीवरी के दौरान बच्चे की मौत हो गई है। उसके आधार पर ही कार्यवाही की गई है। जिसकी शिकायत पहले से दर्ज है। जिसके चलते द फैमिली क्लीनिक शंकरपुर को सील किया गया है।

### महिला व पुत्री के साथ की मारपीट महिला ने अपने जेठ के खिलाफ कराई रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** चौकी क्षेत्र के गांव मानपुर उत्तरी निवासी रेखा रानी पत्नी प्रेम सिंह ने स्वार कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है की वह अपनी विवाहित पुत्री प्रियांशी और जेठ की पुत्री जय शुभ के साथ खेत पर पशुओं के लिए चारा लेने गई थी तभी पुत्री का जेठ जगतार पहुंच गया और उसने अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए मारपीट की पुत्री प्रियांशी को लाठी डंडे से पीटा जिससे उसके काफी चोट लगी है।

इस मामले की तहरीर मसवासी पुलिस चौकी को सौंपी गई पुलिस ने तहरीर के आधार पर नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि घटना सोमवार की है रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है शीघ्र ही दोषी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### बैंक ऑफ बड़ौदा-आरसेटी में युवाओं हेतु नि:शुल्क उद्यमी एवं महिला टेलर प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रस्तावित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** बैंक ऑफ बड़ौदा-आरसेटी, नैनीताल रोड, बिजली घर के निकट, पहाड़ी गेट, रामपुर में 18 से 50 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं एवं युवतियों के लिए 12 दिवसीय फास्ट फूड स्टॉल उद्यमी प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा 31 दिवसीय महिला टेलर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जनवरी माह के चतुर्थ सप्ताह से किया जाना प्रस्तावित है। प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए 27 जनवरी 2026 तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

आरसेटी निदेशक देशराज मीणा ने बताया कि जनपद स्तर पर कुल 35 सीटें निर्धारित हैं।

स्वरोजगार स्थापित करने के इच्छुक अभ्यर्थी शीघ्र आवेदन करें, क्योंकि सीटें सीमित हैं। आवेदन हेतु आधार कार्ड, राशन कार्डध्जॉब कार्ड, फोटो तथा बैंक पासबुक की फोटो प्रति आवश्यक होगी। इच्छुक अभ्यर्थी संस्थान के कार्य समय प्रात: 9:30 बजे से सायं 5:30 बजे तक आवेदन कर सकते हैं।

उन्होंने यह भी बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्णत: नि:शुल्क है, जिसमें प्रतिभागियों को चाय, नाश्ता, भोजन, यूनिफॉर्म एवं प्रशिक्षण सामग्री नि:शुल्क प्रदान की जाएगी। अधिक जानकारी के लिए 9012183432, 9058382486, 6397879587 पर संपर्क किया जा सकता है। प्रशिक्षण पूर्ण होने के उपरांत प्रतिभागियों को ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा, जिसके माध्यम से मुख्यमंत्री युवा उद्यमी सहित विभिन्न ऋण योजनाओं का लाभ प्राप्त किया जा सकेगा।

### जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय में कक्षा 6 से 11 तक प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** जिला सूमाज कल्याण अधिकारी सूरज कुमारी ने बताया कि समाज कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित सीबीएसई नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय द्धपूर्ववर्ती नाम राजकीय आश्रम पद्धति इण्टर कालेजत्र निकट कोसी पुल रामपुर में कक्षा 6, 7, 8, 9 एवं 11 कक्षा 10 के प्राप्तांकों की मेरिट के आधार परत्र संभावित रिक्त स्थानों जिनकी संख्या घट-बढ़ सकती है। कक्षा 6, 7, 8 एवं 9 में प्रवेश हेतु परीक्षा 15 मार्च 2026 को विद्यालय में कराई जाएगी।

उन्होंने बताया कि जनपद के प्रतिभाशाली एवं अर्ह द्धजिस कक्षा में प्रवेश लेना है उसके पूर्व की कक्षा सत्र में उत्तीर्ण होंत्र छात्रों से प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किए जा रहे हैं। इच्छुक अभ्यर्थी https://ats.upsdc.gov.in पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि विद्यालय पूर्णत: आवासीय है जिसमें गरीबी रेखा के नीचे जीवन-यापन करने वाले अभिभवाकों के पाल्यों को ही संस्था में प्रवेश दिया जाएगा।

संस्था में छात्रों को आवास के साथ-साथ भोजन, नाश्ता, स्कूल ड्रेस एवं पाठड पुस्तकें दैनिक प्रयोग आदि समस्त आवश्यक वस्तुएं नि:शुल्क उपलब्ध होगी। विद्यालय में जेई-नीट की नि:शुल्क कोचिंग सहित आधु. निक सुविधाएं भी प्रदान की जाती है।

विद्यालय में स्मार्ट क्लास, कम्प्यूटर लैब, विज्ञान प्रयोगशालाएं, खेलकूद, सांस्कृतिक गतिविधियां और व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते है। उन्होंने बताया कि कक्षा 6 में अनु।जातिध्जनजाति के 42, अन्य पिछड़ा वर्ग के 18, सामान्य वर्ग के 10 सहित कुल 70 सीटें, कक्षा 7 में अनु।जातिध्जनजाति के 18, सामान्य वर्ग के 02 सहित कुल 20 सीटें, कक्षा 8 में अनु।जातिध्जनजाति के 14, पिछड़ा वर्ग के 03 सामान्य वर्ग के 04 सहित कुल 21 सीटें, कक्षा 9 में अनु।जातिध्जनजाति के 22, पिछड़ा वर्ग के 01, सामान्य वर्ग 03 सहित कुल 26 सीटें एवं कक्षा 11 में अनु।जातिध्जनजाति के 34, पिछड़ा वर्ग के 05 सामान्य वर्ग के 08 सहित कुल 47 रिक्त सीट है।

उन्होंने बताया कि आनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि 20 फरवरी 2026, आवेदकों की एडमिट कार्ड जारी करने की तिथि 10 मार्च 2026 एवं प्रवेश परीक्षा 15 मार्च 2026 को आयोजित की जाएगी।

# हिंदू संगठनों द्वारा पकड़ी गई गोवंश की खाल में ट्रक चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** तीन दिन पूर्व लोहा पट्टी के पास हिंदू संगठनों ने पीछा कर गोवंशीय खाल के ट्रक को पड़कर हाईवे पर जाम लगा दिया था अब पुलिस ने जांच में ट्रक चालक के खिलाफ उत्तर प्रदेश गोवध निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है। ज्ञात हो के 17 जनवरी 2025 को मुजफ्फरनगर से कलकत्ता जा रहे ट्रक संख्या यूपी 12वीटी 9804 कोई स्थानीय गौ रक्षा दल के कार्यकर्ताओं ने पीछा करके भूड़े बाबा की मणि के सामने ग्राम लोहा पट्टी थाना मिलक के पास पकड़ लिया था। जिसमें गोवंश की खाले भरी हुई थी जिसे देखकर गुस्साए गौ रक्षा दल के कार्यकर्ताओं ने हाईवे पर जाम लगा दिया था और पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई थी। हिंदू रक्षा दल के कार्यकर्ताओं की मांग की कि उक्त मामले में कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर रठोंडा चौकी पर खड़ा कर दिया था और ट्रक चालक इरशाद पुत्र इसरार निवासी जानसठ मुजफ्फरनगर को भी हिरासत में ले लिया था। इस मामले में हिंदू रक्षा दल के अंकित कुमार जोशी ने कोतवाली प्रभारी पुष्कर सिंह को लिखित तहरीर दी थी। कोतवाली प्रभारी ने इसकी जांच रठोंडा चौकी इंचार्ज उपनिरीक्षक चौधरी मनोज कुमार को सौंपी। जांच में पता चला कि यह ट्रक हरियाणा के हिसार से कलकत्ता जा रहा था वहां जाकर जांच में पता चला की नगर निगम हिसार का मृत पशुओं का निस्तारण का टेंडर है जो ठेकेदार को दिया गया है। ठेकेदार ने इस टेंडर प्रक्रिया से मृत गोवंश पशुओं के अवशेष की है लेकिन हिसार नगर निगम और ठेकेदार द्वारा ऐसा कोई प्रमाण पत्र नहीं दिखाया गया। जिससे इतनी बड़ी संख्या में खाल निकालकर उनका परिवहन कर कर बाहर भेजा जा रहा है। जांच में पाया गया कि यह कहीं और से गोवंशीय खघल और अवशेष ले जाए रहे थे पुलिस ने उपरोक्त चालक इरशाद के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

## सैफनी नगर पंचायत चेयरमैन द्वारा नगर में कराए जा रहे विकास कार्यो की चारों ओर हो रही प्रशंसा

### चेयरमैन फैजान खां को नगरवासियों से मिल रही बधाईयां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी।** नगर के चेयरमैन फैजान खां ने सोमवार को की मिशाल पेश नगर की गलियों और रास्तों का किया निरीक्षण। इस दौरान साफ सफाई व्यवस्था की जांच ओर नगर पंचायत के कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे सफाई व्यवस्था को ओर बेहतर बनाए फैजान खां ने नगर में घूमकर लोगों से सफाई व्यवस्था को लेकर की बातचीत इससे पहले चेयरमैन ने विकास कार्यों को लेकर खेल का मैदान जिम शमशान घाट का निर्माण जलापूर्ति ओर



पथ प्रकाश व्यवस्था भी शामिल है चेयरमैन द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों से लोगों में उत्साह देखने को मिला। चेयरमैन फैजान खां ने अब ठान लिया है सबका साथ सबका विकास के शब्दों पर ही कार्य हो रहा है। चेयरमैन फैजान खां की चारों ओर विकास कार्यों को लेकर हो रही प्रशंसा लोगो ने दी बधाईयां।

## डॉ. राम बहादुर सिंह मेमोरियल डिग्री कॉलेज में प्रयोगात्मक परीक्षाएं 22 जनवरी से

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** नगर के बिलासपुर रोड स्थित डॉ राम बहादुर सिंह मेमोरियल डिग्री कॉलेज में प्रयोगात्मक प्रशिक्षण 22 जनवरी से शुरू होंगी 22 जनवरी को शुरू हो रही। परीक्षाओं में भूगोल विषय की बीए 1 सेमेस्टर, 3 सेमेस्टर और 5 सेमेस्टर 12रू00 बजे से, 23 जनवरी को रसायन विज्ञान विषय की बीएससी 1 सेमेस्टर, 3 सेमेस्टर और 5 सेमेस्टर की और गृह विज्ञान विषय की बीए 1 सेमेस्टर, 3 सेमेस्टर और 5 सेमेस्टर गृह विज्ञान की ही बीएससी 2 सेमेस्टर और 5 सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षाएं सुबह 9रू30 बजे से होगी सभी परीक्षार्थी विद्यालय समय से पहुंचे।

# अल्मोड़ा में संदिग्ध परिस्थितियों में दो युवकों की मौत, खड़ी पिकअप में मिले शव







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सुरजन नगर।** उत्तराखंड के अल्मोड़ा जिले से एक हृदयविदारक घटना सामने आई है जहाँ के सुरजन. नगर क्षेत्र के दो युवकों की उनकी अपनी ही पिकअप गाड़ी में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतकों की पहचान अलाउद्दीन 40 वर्ष और रवि 25 वर्ष के रूप में हुई है। इस घटना के बाद से दोनों परिवारों में कोहराम मचा हुआ है। परिजनों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, सुरजन नगर चौकी क्षेत्र के ग्राम पिपली अहीर निवासी अलाउद्दीन पुत्र जमालुद्दीन और महमूदपुर केशू निवासी रवि पुत्र गंगाराम रविवार की शाम अपनी पिकअप गाड़ी लेकर काम के सिलसिले में अल्मोड़ा के लिए निकले थे। सोमवार दोपहर करीब दो से तीन बजे के बीच अल्मोड़ा-भिकियासैंण रोड पर एक पेट्रोल पंप के पास संदिग्ध अवस्था में खड़ी पिकअप को देखकर स्थानीय लोगों को संदेह हुआ।

सूचना पर पहुँची पुलिस ने जब गाड़ी का दरवाजा खोला तो दोनों युवक अंदर बेसुध पड़े थे। आनन-फानन में पुलिस ने दोनों को नजदीकी साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचाया जहाँ डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की छानबीन शुरू कर दी है। सोमवार रात जब पुलिस ने परिजनों को इस अनहोनी की सूचना दी तो घरों में मातम छा गया। मंगलवार सुबह दोनों युवक के परिजन घटनास्थल पर पहुँचे। मृतक अलाउद्दीन पिकअप चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। उसकी मृत्यु से पत्नी शरीना पुत्री इरम और बेटों फैजी व सैफी का रो-रोकर बुरा हाल है। परिवार के सामने अब रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। वहीं दूसरा मृतक रवि मजदूरी कर परिवार चलाता था। रवि की मौत की खबर सुनते ही उसकी पत्नी सीमा माँ बन्तो और दादी कृष्णा बेसुध हो गईं। मौत का कारण अभी स्पष्ट नहीं सर्द रातों में बंद गाड़ी के भीतर हुई इन मौतों ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। हालांकि मौत के सटीक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल पाएगा लेकिन प्राथमिक अंदेशा दम घुटने या ठंड से बचाव के लिए अपनाए गए किसी तरीके के दुष्प्रभाव की ओर इशारा कर रहा है। पुलिस मामले की हर पहलू से जाँच कर रही है। इलाके के लोग इस घटना से स्तब्ध हैं और शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कर रहे हैं।

## पीड़ित मां को पुलिस ने पांच माह की दिलाई बच्ची

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** पांच माह पहले छीनी बच्ची को पुलिस ने महिला को दिला दिया शादी का झांसा देकर विधवा से युवक बलात्कार करता रहा। जब महिला ने शादी करने को कहा तब युवक टाल-मटोल करता रहा इसी दौरान महिला गर्भवती गई जब महिला ने उसके परिवार से शादी कराने को कहा तब युवक के परिवार ने महिला के साथ मारपीट कर घर से बाहर निकाल दिया। पांच महा पूर्व महिला ने उत्तराखंड के एक अस्पताल मे जन्म देते ही बच्ची राशिद अस्पताल से ले गया और महिला को बच्ची से दूर कर दिया।

## सेंट पॉल्स इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 8 फरवरी को होगा दा इंटेलीजेंस चैंपियनशिप आई क्यू टेस्ट का आयोजन



**कांठ ( शाह टाइम्स )।** सेण्ट पॉल्स इण्टरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के संस्थापक जितेंद्र बिश्नोई ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी सेंट पॉल्स इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल द्वारा ष्द इंटेलिजेंट चौंपियनशिपष आई क्यू टेस्ट का आयोजन किया जाएगा जिसका पाठ्यक्रम एन सी आर टी पर आधारित होगा । इस परीक्षा में एल के जी से 12 वीं तक के किसी भी इंग्लिश मीडियम स्कूल के छात्र- छात्राएं भाग ले सकते हैं। इसके नि शुल्क रजिस्ट्रेशन प्रारंभ हो चुके हैं। ये परीक्षा 8 फरवरी 2026 को प्रात: एवं दोपहर दो पालियों में संपन्न होगी। जिसमे मेधावी छात्रों को आकर्षक पुरस्कार दिए जायेंगे। प्रथम पुरस्कार 21 हजार रूपए, द्वितीय पुरस्कार 11 हजार रूपए, तृतीय पुरस्कार 5 हजार सौ रुपए, चतुर्थ पुरस्कार 2 हजार सौ रुपए, पंचम पुरस्कार 11 सौ रुपए की धनराशि दी जाएगी। इसके अलावा 50 सांत्वना पुरस्कार और मेडल , ट्रॉफी और प्रमाण पत्र भी दिए जायेंगे। परीक्षा का परिणाम 22 मार्च 2026 रविवार को घोषित किया जाएगा।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।

**सम्पादक:** एस.एन. राना

*कार्यकारी सम्पादक आनन्द बत्रा 'सुमन'

☎0581-2562222 (बरेली)

**मुख्यालय:** मोबाइल-9720007290

R.N.I. No UPHIN/2003/11165

www.shahtimesnews.com

email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### दिल्ली प्रो वॉलीबॉल लीग का आयोजन इस वर्ष किया जाएगा

**नई दिल्ली, वार्ता।** देश की राजधानी में प्रथम दिल्ली प्रो वॉलीबॉल लीग (डीपीवीएल) का आयोजन इस वर्ष किया जाएगा। भारत की दो पूर्व वॉलीबॉल खिलाड़ियों नीति रावत और जसोदा गुलिया ने डीपीवीएल की बुनियाद रखी है। मंगलवार को दिल्ली और देश के जाने माने पूर्व और वर्तमान खिलाड़ियों, कोचों और अधिकारियों की मौजूदगी में दिल्ली प्रो वॉलीबॉल लीग कराए जाने की घोषणा की गई। पहले खिलाडी और अब पिछले अनेक दशकों से खेल अधिकारी के रूप में अपनी अमिट छाप छोड़ने वाले दिल्ली में वॉलीबॉल के स्तंभ कुलदीप वत्स ने नीति और जसोदा के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि दिल्ली प्रो वॉलीबॉल लीग (डीपीवीएल) अनूठी पहल है और इसे सफल बनाने में दिल्ली वॉलीबॉल एसोसिएशन कोई कसर नहीं छोड़ेगी।नीति और जसोदा दिल्ली वॉलीबॉल के लिए सुनहरा सपना लेकर आई हैं।

### दिल्ली कैपिटल्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाज़ी चुनी

**वडोदरा, वार्ता।** दिल्ली कैपिटल्स ने महिला प्रेमियर लीग में मंगलवार को मुम्बई इंडियंस के खिलाफ टॉस जीतकर पहले गें.दबाजी करने का फैसला किया।

दिल्ली की कप्तान जेमिमा रॉड्रिग्स ने टॉस जीतने के बाद कहा कि अंडर लाइट्स गेंद स्किड करेगी और ओस आने की संभावना है। दिल्ली कैपिटल्स में एक बदलाव है, मिन्नू मणि की जगह दिया यादव को जगह दी गई है। रॉड्रिग्स ने कहा कि दिया भले ही 16 वर्ष की हैं लेकिन वह बड़े शॉट्स खेल सकती हैं। मुंबई की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा कि पहले गेंदबाज़ी करने का बेहतर विकल्प होता। एमआई में चार बदलाव हैं, वैष्णवी शर्मा आज डेब्यू कर रही हैं। कमालिनी की जगह राहिला फ़िरदौस खेल रही हैं।

# टी-20 सीरीज में होगा भारत का कड़ा इम्तिहान




## न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज का पहला हाई-वोल्टेज मैच नागपुर में आज, सीरीज से पहले ब्रेसवेल की फिटनेस पर संशय

**नागपुर, वार्ता।** क्रिकेट फैंस एक हाई-वोल्टेज मुकाबले के लिए तैयार हैं, क्योंकि बुधवार को यहां विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में पांच मैचों की सीरीज के पहले मैच में भारत की टी-20 टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ कड़ी परीक्षा का सामना करना पड़ेगा।

सभी के मन में एक ही सवाल है। क्या मेहमान कीवी टीम भरी हुई भीड़ के सामने घरेलू पसंदीदा टीम को परेशान कर सकती है? भारत इस मुकाबले में अजेय मोमेंटम के साथ उतरेगा। एशिया कप में बिना हारे और ऑस्ट्रेलिया (2-1) और साउथ अफ्रीका (3-1) पर सीरीज जीतने के बाद, मौजूदा टी-20 वर्ल्ड चैंपियन अपनी धरती पर कॉन्फिडेंट हैं। अभिषेक शर्मा, जो धमाकेदार शुरुआत के लिए जाने जाते हैं, से भारत की लीड करने की उम्मीद है, जबकि जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह मजबूत बॉलिंग अटैक की कमान संभालेंगे। सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पांड्या जैसे मिडिल -ऑर्डर के दिग्गज भारतीय टीम को गहराई देते हैं, जिससे यह एक अच्छी पावरहाउस बन जाती है। लेकिन न्यूज़ीलैंड कोई आसान टीम नहीं है। वेस्टइंडीज पर अपने घर में 3-1 से सीरीज जीतने से उत्साहित, मेहमान टीम डेरिल मिशेल, मिशेल सेंटनर और टिम रॉबिन्सन जैसे मैच-विनर खिलाड़ियों के साथ आई है, जो सभी मैच का रुख बदल सकते हैं। उनके मिडिल-ऑर्डर की गहराई, साथ ही काइल जैमीसन और जैकब डफी जैसे बैलेंस्ड बॉलिंग अटैक का मतलब है कि भारत को दबदबा बनाए रखने के लिए अपना सबसे अच्छा प्रदर्शन करना होगा। नागपुर की पिच से एक बैलेंस्ड मुकाबला होने की उम्मीद है, जिसमें पहली इनिंग का स्कोर औसतन 156 के आसपास रहेगा। शाम को ओस पड़ने से पीछा करने वाली टीम को फायदा हो सकता है, जिससे टॉस एक अहम पल बन जाएगा। एनालिस्ट का अनुमान है कि 170-180 के बीच का स्कोर एक रोमांचक मुकाबले का माहौल तैयार करेगा, जो शायद आखिरी ओवरों तक चलेगा।

भारत का टी-20 का रथ पूरी रफ्तार से चल रहा है और न्यूज़ीलैंड इसे रोकने के लिए बेताब है, फैंस एक जबरदस्त क्रिकेट की रात की उम्मीद कर सकते हैं, जिसमें हर बाउंड्री, विकेट और कैच चर्चा का विषय बन जाएगा। नागपुर में पहला टी-20 मैच सिर्फ़ एक मैच से कहीं ज्यादा है-यह मोमेंटम, स्ट्रैटेजी और नर्वसनेस की लड़ाई है। टॉस जीतने वाले कप्तान के ओस वाले हालात का फ़ायदा उठाने के लिए पहले बॉलिंग करने की उम्मीद है। इंडिया जीतने का फेवरेट है, लेकिन न्यूज़ीलैंड की चुनौती एक कांटे की टक्कर पक्का करती है जो आखिर तक जा सकती है। यह शुरुआती मुक.ाबला सीजन की सबसे रोमांचक टी-20 सीरीज में से एक के लिए माहौल बनाने का वादा करता है, जिसमें इंडिया की फ़ायरपावर और न्यूज़ीलैंड की मजबूती के बीच स्ट्रैटेजी और स्किल की लड़ाई होगी। वहीं माइकल ब्रेसवेल का भारत के खिलाफ बुधवार से शुरू होने वाली पांच मैचों की टी-20 सीरीज में खेलना संदिग्ध लग रहा है। नागपुर में पहले मुक़ाबले से ठीक पहले न्यूज़ीलैंड टीम के लिए यह अच्छी खबर नहीं है। रविवार को इंदौर में खेले गए आखिरी वनडे में फ़ील्डिंग के दौरान उनकी बाईं पिंडली की मांसपेशी खिच गई थी। हालांकि, न्यूज़ीलैंड क्रिकेट को उम्मीद है कि उनकी यह चोट ज्यादा गंभीर नहीं है। भारत को वनडे सीरीज़ में 2-1 से शिकस्त देने वाली न्यूज़ीलैंड टीम की कप्तानी करने वाले ब्रेसवेल को लेकर बोर्ड ने कहा कि आने वाले दिनों में उनका इलाज और निगरानी की जाएगी।

इसके बाद ही इस दौरे में उनकी आगे की भागीदारी पर फ़ैसला लिया जाएगा। इस बीच मुख्य कोच रॉब वॉल्टर ने बताया कि ब्रेसवेल अपनी टीम के साथ नागपुर पहुंच चुके हैं। इस बीच नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स के तेज गेंदबाज ऑलराउंडर क्रिस्टियन क्लार्क को सीरीज के पहले तीन टी-20 मैचों के लिए टीम में शामिल किया गया है। भारत के खिलाफ वनडे सीरीज से अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर का आगाज़ करने वाले क्लार्क ने कुल सात विकेट चटकाए। इस दौरान उन्होंने दो बार तीन-तीन विकेट लेने का कारनामा किया। गेंदबाज़ी के अलावा उन्होंने निचले क्रम में बल्ले से भी अहम योगदान दिया, जो न्यूज़ीलैंड की जीत में काफ़ी मददगार साबित हुआ। वॉल्टर ने खिलाड़ियों के आने-जाने पर बात करते हुए कहा कि इस वक्त टीम में खिलाड़ियों की आवाजाही काफ़ी ज्यादा है।

कुछ खिलाड़ी चोट से उबरकर वापसी कर रहे हैं, तो कुछ सीधे फेंचाइजी क्रिकेट से हमारे साथ जुड़ रहे हैं। वहीं, बाक़ी खिलाड़ी भारत के खिलाफ वनडे सीरीज और सुपर स्मैश खेलकर आ रहे हैं। हमारी कोशिश यही है कि सीरीज के पहले तीन मैचों के लिए तेज गेंदबाज़ी में हमारे पास पुख्ता विकल्प मौजूद रहें। क्रिस्टियन के लिए भारत के अपने पहले दौरे में टीम के साथ थोड़ा और वक्त बिताने का यह बेहतरीन मौक़ा है।

# सायना नेहवाल ने संन्यास लिया

- ओलंपिक मेडलिस्ट साइना नेहवाल ने घुटने की पुरानी कंडीशन की वजह से कॉम्पिटिटिव स्पोर्ट से अपने रिटायरमेंट की पुष्टि की



**नई दिल्ली, वार्ता।** ओलंपिक मेडलिस्ट साइना नेहवाल, जो भारत की सबसे काबिल बैडमिंटन प्लेयर्स में से एक हैं, ने घुटने की पुरानी कंडिशन की वजह से लगभग दो साल तक बाहर रहने के बाद कॉम्पिटिटिव स्पोर्ट से अपने रिटायरमेंट की पुष्टि की है।

लंदन 2012 ओलंपिक ब्रॉन्ज़ मेडलिस्ट ने आखिरी बार 2023 में सिगापुर ओपन में कॉम्पिटिटिव मैच खेला था, लेकिन सोमवार को सुभोजित घोष के होस्ट किए गए पॉडकास्ट के दौरान उन्होंने अपने फैसले की ऑफिशियल घोषणा की। सायना ने कहा कि वह कुछ समय पहले ही स्पोर्ट से दूर हो गई थीं और उन्हें तुरंत पब्लिक अनाउंसमेंट करने की जरूरत महसूस नहीं हुई। सायना ने कहा कि मैंने दो साल पहले खेलना बंद कर दिया था। मुझे असल में लगा कि मैं अपनी शर्तों पर स्पोर्ट में आई और अपनी शर्तों पर ही छोड़ी, इसलिए इसकी घोषणा करने की कोई जरूरत नहीं थी। पूर्व वर्ल्ड नंबर 1 ने बताया कि यह फैसला उनके घुटनों में कार्टिलेज के गंभीर डिजनरेशन की वजह से लिया गया था, जिससे लगातार हाई-इंटेंसिटी ट्रेनिंग करना नामुम.कन हो गया था। सायना ने अपने माता-पिता और कोच के साथ हुई बातचीत का ज़िक्र करते हुए कहा कि तुम्हारा कार्टिलेज पूरी तरह से खराब हो गया है, और तुम्हें आर्थराइटिस है। मैंने बस उनसे कहा, 'अब शायद मैं यह और नहीं कर पाऊंगी, यह मुश्किल है। सायना ने बताया कि उसका शरीर अब एलीट बैडमिंटन की फिजिकल जरूरतों को नहीं झेल सकता। उसने आगे कहा कि आप दुनिया में बेस्ट बनने के लिए आठ से नौ घंटे ट्रेनिंग करते हैं। अब मेरा घुटना एक या दो घंटे में ही जवाब दे रहा था। उसमें सूजन आ गई थी, और उसके बाद ज़ोर लगाना बहुत मुश्किल हो गया था। इसलिए मुझे लगा कि बस बहुत हो गया। मैं अब और ज़ोर नहीं लगा सकती। सायना नेहवाल को इंडियन बैडमिंटन की एक ट्रेलब्लेजर माना जाता है। वह लंदन 2012 ओलंपिक्स में विमेंस सिगल्स ब्रॉन्ज़ मेडल जीतकर मशहूर हुई, और ओलंपिक मेडल जीतने वाली पहली इंडियन बैडमिंटन प्लेयर

# भारत में खेलने को लेकर रुख में कोई बदलाव नहीं

- बांग्लादेश सरकार के खेल सलाहकार आसिफ नजरुल ने फिर संकेत दिया, अटकलों को नकारा



**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश सरकार के खेल सलाहकार आसिफ नजरुल ने मंगलवार को फिर से संकेत दिया कि आईसीसी टी20 विश्व कप भारत में खेलने के मामले में वे अपना रुख बदलने के लिए तैयार नहीं हैं।

आसिफ ने इस अटकल को भी खारिज कर दिया कि अगर बांग्लादेश सुरक्षा चिताओं का हवाला देते हुए भारत में खेलने से इनकार करता है और आईसीसी से अपने मैच सह-मेजबान श्रीलंका में शिफ्ट करने के लिए कहता है, तो स्कॉटलैंड उनकी जगह ले सकता है। वीकेंड में, बीसीबी ने इस गतिरोध को लेकर ढाका में आईसीसी अधिकारियों के साथ बातचीत की, लेकिन कोई समझौता नहीं हुआ क्योंकि बीसीबी ने आईसीसी से जगह बदलने का अनुरोध किया था, जब बीसीसीआई ने दोनों देशों के बीच मौजूदा राजनीतिक तनाव के बीच आईपीएल फ्रेंचाइजी कोलकाता नाइट राइडर्स को मुस्तफिजुर रहमान को अपनी टीम से रिलीज करने का निर्देश दिया था। यह समझा जाता है कि आईसीसी ने मामले को सुलझाने के लिए 21 जनवरी की समय सीमा तय की है, क्योंकि उनके पास समय कम है। अगर उन्हें बांग्लादेश की जगह स्कॉटलैंड को लेना है, जो विश्व कप के लिए क्वालीफाई नहीं करने वाली सबसे ऊंची रैंक वाली टीम है, तो उन्हें तैयारी के लिए कम से कम 15 दिन देने होंगे। आसिफ ने मंगलवार को पत्रकारों से कहा कि मुझे इस बात की जानकारी नहीं है कि हमारी जगह (आगामी टी20 विश्व कप में) स्कॉटलैंड को शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगर आईसीसी भारतीय क्रिकेट बोर्ड के दबाव में झुकता है और अनुचित शर्तें लगाकर हम पर दबाव डालने की कोशिश करता है, तो हम उन शर्तों को स्वीकार नहीं करेंगे।

# सिनर का दूसरे राउंड में प्रवेश



- गैस्टन के दूसरे सेट के दौरान बीमारी के चलते मैच छोड़ दिए जाने के कारण जैनिक सिनर अगले राउंड में पहुंचे

**मेलबर्न, वार्ता।** जानिक सिनर ऑस्ट्रेलियन ओपन के दूसरे राउंड में पहुंच गए, जब ह्यूगो गैस्टन ने दूसरे सेट के दौरान बीमारी के कारण मैच छोड़ दिया।

दो बार के डिफेंडिग चैंपियन, सिनर, मैच पर पूरी तरह से कंट्रोल में थे, 6-2, 6-1 से आगे चल रहे थे, जब फ्रेंच खिलाड़ी – जिसने पहले सेट के बाद डॉक्टर को बुलाया था – रॉड लेवर एरिना के अंदर खेलना जारी नहीं रख सके। सिनर ने कहा कि मैंने देखा कि वह बहुत तेज़ गति से सर्व नहीं कर रहा था, खासकर दूसरे सेट में, लेकिन आप इस तरह से मैच नहीं जीतना चाहते, जो अब गैस्टन के साथ अपनी लेक्सस हेड2हेड सीरीज़ में 3-0 से आगे हैं। वह इतना टैलेंटेड खिलाड़ी है, इसलिए मुझे पता था कि मुझे बहुत ऊंचे लेवल पर खेलना होगा, जितना हो सके आक्रामक होने की कोशिश करनी होगी, जो मैंने किया। इसलिए मैं बहुत खुश हूं, यहां वापस आकर बहुत खुश हूं। सिनर ओपन एरा में लगातार तीन ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब जीतने वाले दूसरे खिलाड़ी बनने का लक्ष्य बना रहे हैं, नोवाक जोको.विच के 2011-13 और 2019-21 के खिताब जीतने के बाद। अगले राउंड में उनका मुक.ाबला लकी लूज़र डिनो प्रिज्मिक या ऑस्ट्रेलियाई वाइल्ड कार्ड जेम्स डकवर्थ से होगा।

मैच के छठे गेम में, सिनर ने एक शानदार ड्रॉप शॉट लगाया और ब्रेक पॉइंट हासिल किया, जिससे गैस्टन गेंद तक पहुंचने की बेताब कोशिश में गिर गए। सिनर ने नेट पर अपने विरोधी का हालचाल पूछा, हालांकि गैस्टन को कोई चोट नहीं लगी थी, और बाद में लिया गया मेडिकल टाइमआउट गिरने से संबंधित नहीं लग रहा था।

### कमलिनी WPL के बाकी मैचों से बाहर



**वडोदरा, वार्ता।** जी कमलिनी टाटा डब्ल्यूपीएल 2026 के बाकी मैचों से बाहर हो गई हैं। मुंबई इंडियंस (एमआई) ने डब्ल्यूपीएल के बाकी मैचों के लिए जी कमलिनी की जगह वैष्णवी शर्मा को चुना है। एमआई की विकेटकीपर-बल्लेबाज जी कमलिनी ने इस सीजन में 5 मैच खेले थे, जिसके बाद चोट के कारण उन्हें सीजन से बाहर होना पड़ा। वैष्णवी शर्मा 30 लाख रुपये में एमआई में शामिल होंगी। यह बाएं हाथ की स्पिनर, जो 2025 में भारत की अंडर19 महिला टी-20 विश्व कप जीतने वाली टीम का हिस्सा थीं, ने भारत के लिए 5 टी-20 मैच खेले हैं और 5 विकेट लिए हैं।

# अनुभवी झांग शुआई पहले दौर में बाहर

**मेलबर्न, वार्ता।** चीनी अनुभवी खिलाड़ी झांग शुआई मंगलवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन के महिला सिगल्स के पहले राउंड में वाइल्डकार्ड टेला प्रेस्टन से तीन सेट में हार गई जबकि वांग शिन्यू ने क्वालिफायर एंहेलिना कलिनीना पर सीधे सेटों में जीत हासिल करके ऑस्ट्रेलियन ओपन में चीन की सबसे ऊंची रैंक वाली खिलाड़ी के तौर पर अपनी जगह पक्की कर ली। चीनी क्वालिफायर वू यिबिग ने पुरुष वर्ग के दूसरे दौर में जगह बना ली है। प्रेस्टन ने किया एरिना में एक घंटे और 33 मिनट में 6-3, 2-6, 6-3 से जीत हासिल करते हुए 26 विनर्स लगाए। 20 साल की प्रेस्टन ने कहा कि मैं बहुत खुश हूं। मैंने बहुत कड़ी मेहनत की है, यह बहुत अच्छा है, जिन्होंने इस महीने ब्रिस्बेन में झांग से मिली पिछली हार का बदला लिया। प्रेस्टन, जो ग्रैंड स्लैम में अपनी पहली मेन-ड्रॉ जीत की तलाश में थीं, ने आक्रामक शुरुआत की और



- चीनी खिलाड़ी झांग युआई पहले राउंड में वाइल्डकार्ड टेला प्रेस्टन से तीन सेट में हार गई

पहला सेट जीतने के लिए 12 विनर्स लगाए। 36 साल की झांग ने प्रेस्टन की सर्विस पर दबाव डालकर मैच को बराबर किया। दुनिया में 161वें नंबर पर मौजूद प्रेस्टन ने तीसरे सेट के पहले गेम में ब्रेक लेकर वापसी की और जीत हासिल की। वह अब चेक गणराज्य की 13वीं सीड लिडा नोस्कोवा से खेलेंगी। दुनिया में 46वें नंबर पर रैंक वाली वांग ने एक घंटे और 33 मिनट में 6-3, 6-3 से पहले राउंड का मैच जीता, जिसमें उन्होंने 10 ऐस लगाए। वांग दूसरे राउंड में पूर्व फेंच ओपन चैंपियन एलेना ओस्टापेंको या रेबेक्का मकोवा से खेलेंगी। 24 साल की यह खिलाड़ी अभी तक किसी ग्रैंड स्लैम में चौथे राउंड से आगे नहीं बढ़ पाई है। वांग इस महीने की शुरुआत में अपने करियर के दूसरे फाइनल में पहुंचने के बाद मेलबर्न पहुंचीं, जहां वह ऑकलैंड में एलिना स्वितोलिना से हार गई थीं। उन्होंने मजबूत सर्विस और 11 विनर्स के साथ पहला सेट अपने कंट्रोल में रखा। कलिनीना, जो 2023 में करियर की सबसे ऊंची 25वीं रैंकिंग पर पहुंची थीं, ने दूसरे सेट में शुरुआती टक्कर दी, जबकि वांग ने अपनी बाईं बांह पर पट्टी बांधी हुई थी। इसके बाद वांग ने लगातार पांच गेम जीतकर मैच खत्म कर दिया। इस बीच चीनी क्वालिफायर वू यिबिग ने इटली के लुका नारडी को हराकर पहली बार दूसरे राउंड में जगह बनाई। वू ने लगभग तीन घंटे में 7-5, 4-6, 6-4, 6-2 से जीत हासिल करते हुए 45 विनर्स लगाए। 26 साल के वू का अगला मुकाबला एलियट स्पिज़री से होगा, जिन्होंने 28वीं सीड जोआओ फोन्सेका को हराया था। वू ने मेन ड्रॉ में पहुंचने के लिए तीन क्वालिफाइंग मैच जीते, यह 2023 के बाद किसी ग्रैंड स्लैम मेन ड्रॉ में उनकी पहली उपस्थिति है। दोनों खिलाड़ियों ने पहले सेट

# वीनस विलियम्स और एकातेरिना एलेक्जेंड्रोवा डबल्स से बाहर



**मेलबर्न, वार्ता।** वीनस विलियम्स और एकातेरिना एलेक्जेंड्रोवा मंगलवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन के विमेंस डबल्स कॉम्पिटिशन से पहले राउंड में हारकर बाहर हो गईं। इस जोड़ी को फ्रांस की एल्सा जैक्वेमोट और कोलंबिया की एमिलियाना अरांगो ने एक करीबी मुक.ाबले में 7-6 (3), 6-4 से हराया। शुरुआती सेट में दोनों टीमों के बीच एक-दूसरे पर कड़ा मुकाबला देखने को मिला, जिसके बाद जैक्वेमोट और अरांगो ने टाईब्रेक जीतकर बढ़त बना ली। इसी मोमेंटम को बनाए रखते हुए, फ्रेंको-कोलंबियाई जोड़ी ने दूसरे सेट में कंट्रोल हासिल किया और विलियम्स और एलेक्जेंड्रोवा के जबरदस्त फाइटबैक के बावजूद, मैच जीतकर अगले राउंड में पहुंच गईं।

# यूपी डोमिनेटर्स ने दिल्ली दंगल वॉरियर्स को चौंकाया

**नोएडा, वार्ता।** यूपी डोमिनेटर्स ने 4-1 से पिछड़ने के बाद जबरदस्त वापसी करते हुए दिल्ली दंगल वॉरियर्स को 5-4 से हराकर प्रो रेसलिग लीग (पीडब्ल्यूएल) 2026 के मैच 7 में शानदार जीत दर्ज की। नोएडा इंडोर स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में दिल्ली ने अनास्तासिया अल्पीएवा और कप्तान सुजीत कलकल के दमदार प्रदर्शन की बदौलत मजबूत शुरुआत की, लेकिन अंडर 20 वर्ल्ड चैंपियन तपस्या गहलावत, कप्तान निशा दहिया और अंतिम मुकाबले में दो बार की वर्ल्ड चैंपियनशिप पदक विजेता अंतिम पंघल की शानदार कुश्ती ने मुक.ाबले का रुख पूरी तरह पलट दिया। तपस्या गहलावत को शानदार वापसी की शुरुआत करने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया, जबकि दिल्ली दंगल वॉरियर्स की अनस्तासिया अल्पीएवा को उनके प्रभावशाली प्रदर्शन के लिए फाइटर ऑफ द मैच सम्मान मिला। पोस्ट मैच प्रेस कांफ्रेंस में यूपी डोमिनेटर्स की कप्तान निशा दहिया ने कहा कि आज का मुकाबला काफी कठिन था क्योंकि मेरी प्रतिद्वंद्वी 62 किग्रा वर्ग की हालिया राष्ट्रीय चैंपियन हैं। मुकाबला बेहद करीबी रहा और मैंने अपना 100 प्रतिशत दिया। मुझे लगता है कि मैं अपनी गलतियों पर काम करके और बेहतर प्रदर्शन कर सकती हूं। छोटी-मोटी चोटें इस खेल का हिस्सा हैं। टीम के तौर पर हम आने वाले मैचों में अपनी गलतियों को सुधारने और अपनी रणनीति पर टिके रहने पर ध्यान देंगे। दिल्ली दंगल वॉरियर्स के कप्तान सुजीत कलकल ने कहा कि भले ही नतीजा हमारे पक्ष में नहीं रहा, लेकिन व्यक्तिगत तौर पर यह मेरे लिए अच्छा दिन रहा और मैं सबसे ज्यादा अंक जुटाने में सफल रहा। मेरे प्रतिद्वंद्वी भारत के सर्वश्रेष्ठ पहलवानों में से एक थे, इसलिए जीत-हार खेल का हिस्सा है। अब हमारा पूरा ध्यान 27 तारीख को मुंबई के खिलाफ होने वाले मुक.ाबले पर है, जहां हम अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करेंगे। दिल्ली दंगल वॉरियर्स ने 86 किग्रा पुरुष वर्ग में शुरुआती बढ़त बनाई, जहां वफाईपौर हादी बख्तियार ने प्रभावी पार टेरे कुश्ती का प्रदर्शन करते हुए मायखाइलोव वासिल को 7-4 से हराया। पहले पीरियड में बनाई गई बढ़त को उन्होंने अंत तक बनाए रखा। 76 किग्रा महिला वर्ग में अनस्तासिया अल्पीएवा ने शुरुआती टैकडाउन गंवाने के बाद शानदार वापसी की और ओजो डामोला हन्ना को 11-2 से मात दी। मुकाबले के अंतिम चरण में उनके टैकडाउन और टर्न ने निर्णायक भूमिका निभाई। 74 किग्रा पुरुष वर्ग में दिल्ली की लय बरकरार रही, जहां अजरबैजान के तुरान बायरामोव ने धैर्यपूर्ण और अनुशासित कुश्ती का प्रदर्शन करते हुए अभिमन्यु मंडवाल को 3-0 से हराया और दिल्ली को 3-0 की बढ़त दिलाई। यूपी को पहला अंक 57 किग्रा महिला वर्ग में तपस्या गहलावत के जरिए मिला। अंडर 20 वर्ल्ड चैंपियन तपस्या ने संयमित प्रदर्शन करते हुए 8-2 से जीत दर्ज की और टीम को मुकाबले में वापस लाई। 65 किग्रा पुरुष वर्ग में दिल्ली के कप्तान और अंडर 23 वर्ल्ड चैंपियन सुजीत कलकल ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने विशाल काली रामन को तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हराते हुए दिल्ली की बढ़त 4-1 कर दी। मैच का टर्निंग पॉइंट 57 किग्रा पुरुष वर्ग में आया, जहां राहुल देशवाल ने शुरुआती पुश-आउट के बाद जोरदार वापसी करते हुए शुभम कौशिक को 8-5 से हराया और यूपी की उम्मीदें जिदा रखीं। हेवीवेट मुकाबले में जसपूरन सिंह ने केंद्र पर नियंत्रण बनाए रखते हुए रोनक को 3-1 से हराया और अंतर को एक अंक तक कम कर दिया। इसके बाद 62 किग्रा महिला वर्ग में कप्तान निशा दहिया ने दबाव में शानदार प्रदर्शन करते हुए अंजली को 9-5 से

# रसूली-जादरान के दम पर अफगानिस्तान ने वेस्टइंडीज को हराया

- शानदार बल्लेबाजी और शानदार गेंदबाजी की बदौलत अफगानिस्तान ने वेस्टइंडीज को 38 रनों से हराया

**दुबई, वार्ता।** इब्राहिम जादरान (नाबाद 87) और दरवेश रसूली (84) के शानदार अर्द्धशतकों और उसके बाद शानदार गेंदबाजी की बदौलत अफगानिस्तान ने दुबई में पहले टी20 में वेस्टइंडीज को 38 रनों से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करने का फैसला करते हुए, अफगान ने 181/3 का बड़ा स्कोर बनाया, जिसके बाद उनके गेंदबाजों ने नियमित विकेट लेकर विडीज के लक्ष्य का पीछा करने में बाधा डाली। अफगानिस्तान शुरुआती दौर में ही मुश्किल में पड़ गया जब रहमानुल्लाह गुरबाज पहली ही गेंद पर एक तेज सिगल लेने की कोशिश में रन-आउट हो गए। जबकि इब्राहिम जादरान ने अच्छी शुरुआत की, पहले ओवर में हेडन सील्स की गेंद पर एक चौका और दूसरे ओवर में मैथ्यू फोर्डे की गेंद पर दो और चौके लगाए, लेकिन जब सील्स ने तीसरे ओवर में सिद्दीकुल्लाह अटल को आउट किया तो अफगानिस्तान का स्कोर 19/2 हो गया। हालांकि, जब दरवेश रसूली क्रीज पर इब्राहिम के साथ जुड़े, तो उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा।

उन्होंने कुछ खराब गेंदबाजी का फायदा उठाया और पावरप्ले के अंत तक अफगानिस्तान को 53/2 तक पहुंचाया। आठवां ओवर छक्के के साथ शुरू हुआ और खत्म हुआ, जिससे दोनों ने अपनी 50 रन की साझेदारी पूरी की। हमला जारी रहा और वेस्टइंडीज के पास कोई जवाब नहीं था। इब्राहिम और रसूली दोनों ने लगातार ओवरों में अर्द्धशतक बनाए और पारी आगे बढ़ने के साथ-साथ उन्हें किस्मत का भी साथ मिला। वेस्टइंडीज ने एक ओवर के अंदर कुल तीन कैच छोड़े और 162 रन की साझेदारी को खत्म करने में कामयाब रहा।

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# कोर्ट का सख्त रुख

आवारा कुत्तों को लेकर इस समय देश की सबसे बड़ी अदालत सुप्रीम कोर्ट सुनवाई कर रही है। जस्टिस विक्रमनाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने मंगलवार को भी इस पर सुनवाई की है। बेंच चाहती थी कि यह सुनवाई आज ही पूरी हो जाए, लेकिन अब अगली सुनवाई 28 जनवरी को होगी। सुनवाई के दौरान आवारा कुत्तों के पक्ष और विपक्ष में दलीलें देखने में आई। लेकिन सुप्रीम कोर्ट की बेंच आवारा कुत्तों को लेकर बेहद स्पष्ट दिखाई दी और उसने यही संकेत दिया कि तमाम दलीलें अपनी जगह, लेकिन इंसानों के जीवन से किसी तरह का कोई समझौता नहीं हो सकता। सुप्रीम कोर्ट पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी को लेकर काफी खफा दिखाई दिया और उसने उनके वकील राजूराम चंद्रन से कह डाला कि आपकी मुवक्किल बिना सोचे-समझे अदालत पर टिप्पणियां कर रही हैं और वह इस हद तक पहुंच गई हैं जहां वह अदालत की अवमानना के दायरे में आ जाती हैं। अदालत का यह भी कहना था कि इसके बावजूद अदालत अपनी उदारता के चलते उनके विरुद्ध कोई कार्रवाई शुरू नहीं कर रही है। जस्टिस संदीप मेहता ने तो सवाल भी उठा दिया कि जब मेनका गांधी केंद्रीय मंत्री थी, तब उन्होंने कुत्तों की समस्या से निपटने के लिए किस तरह का बजटीय प्रावधान तय किया। इस पर वकील रामचंद्रन ने कहा कि बजट नीति का विषय है और वह अजमल कसाब जैसी मामलों में भी पैरवी कर चुकी हैं। उनके यह कहने पर जस्टिस विक्रमनाथ ने सख्त लहजे में कह डाला कि अजमल कसाब ने अदालत की अवमानना नहीं की थी, लेकिन आपकी मुवक्किल ने की थी। एडवोकेट चारू माथुर ने भी कहा कि राज्यों की चूक साफ दिखाई देती है। तो वहीं सिद्धार्थ दवे का कहना था कि संविधान हमें सभी जीवों के प्रति करूणा रखने का निर्देश देता है और मनुष्य पशु के टकराव से जुड़े मामले में अब तक अदालत बड़े पैमाने पर वन्य जीवों की रक्षा करती आई है। बेंच ने बाद में आदेश दिया कि व्यक्तियों और एनजीओ की तरफ से दलीलें पूरी हो गई हैं और मामला 28 जनवरी को दोपहर 2 बजे लिस्ट किया जाए। उस दिन अदालत एमिकस क्यूरी, एनएचआरसी के वकील और सभी राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों की दलीलें सुनेगी। अदालत ने यह भी साफ किया कि अब तक जो उसने अपनी तरफ से आवारा कुत्तों को लेकर टिप्पणी की है, उसको हलके में न लिया जाए। यह कोई मजाक नहीं है, बल्कि बेहद गंभीर मामला है। कोर्ट का साफ कहना था कि आवारा कुत्तों के किसी हमले में चोट या मौत होती है तो नगर निकाय के साथ ही डॉग फीडर्स की जिम्मेदारी तय की जा सकती है। कोर्ट ने यह कहकर साफ किया कि पिछली सुनवाई की हमारी टिप्पणी को मजाक समझना गलत होगा और कोर्ट जिम्मेदारी तय करने से पीछे नहीं हटेगा।

## साधु-संतों को सम्मान नहीं मिल पा रहा



महाभ्रष्ट राज में प्रयागराज माघ मेले के नाम पर पचासों हजार रुपये की बड़ी रकम कमीशन के रूप में गटकने का नया खेल शुरू हो गया है, माघ मेला महाभ्रष्टाचार की कमीशनखोरी में भाजपाई गुट की मिलीभगत के कारण साधु-संतों को सम्मान नहीं मिल पा रहा है और मेले की अव्यवस्था पर बोलने वालों को निशाना बनाया जा रहा है, शासन-प्रशासन कमीशनखोरी के इस गोरखधंधे को बचाने के लिए आपत्तिजनक, अपमानजनक और हिसक दुर्व्यवहार कर रहा है, भाजपा को कमिश्नर की जगह कमीशनर नाम की नई पोस्ट बना देनी चाहिए, मेलाक्षेत्र के संजय का धृतराष्ट्र कौन है, जिसे प्रत्यक्ष घटनाक्रम दिखाया -सुनाया जा रहा था।

**-अखिलेश यादव, अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी**

# ई डीएनए की मदद से हवा में बिखरे जीवन की पहचान

कल्पना कीजिए कि आप किसी जंगल या शहर की सड़क पर चल रहे हैं और आपको दूर-दूर तक किसी जीव या इंसान का नामोनिशान तक न दिखे, फिर भी वैज्ञानिक यह बता दें कि वहां से कौन-कौन से जीव गुजरे चुके हैं, कौन से वायरस मौजूद थे और यह भी बता दें कि वहां से गुजरने वाले लोग किस मूल के हैं और यदि यह कहा जाए कि यह कोई कोरी कल्पना नहीं, बल्कि हकीकत है तो? यह संभव हुआ है पर्यावरणीय डीएनए (ई-डीएनए) का विश्लेषण करने की एक नई तकनीक नैनोपोर सिक्वेंसिंग से। शोधकर्ताओं ने इसका इस्तेमाल किसी क्षेत्र में मौजूद जैव-विविधता की तस्वीर पेश करने में किया है।


गौरतलब है कि हर सजीव, चाहे वह इंसान हो, जानवर हों या वनस्पतियां, अपने आसपास के वातावरण में त्वचा की झिल्ली, लार, बाल या को. शिकाओं जैसे बहुत बारीक कण छोड़ते रहते हैं, जिनमें उनका डीएनए होता है। वैज्ञानिक इन कणों को मिट्टी, पानी या हवा से इकट्ठा कर यह पता लगा सकते हैं कि वहां कौन-कौन से जीव मौजूद हैं या थे। इस तरह प्राप्त डीएनए को पर्यावरणीय डीएनए या ई-डीएनए कहते हैं। पहले वैज्ञानिक मेटाबारकोडिंग नामक तकनीक से ई-डीएनए का अध्ययन करते थे। इससे यह पता चलता था कि किस तरह के जीव वहां थे, लेकिन यह तरीका धीमा, महंगा और सीमित जानकारी वाला था। फिर आई शॉटगन सिक्वेंसिंग तकनीक। इसमें किसी खास डीएनए को ढूंढने की बजाय नमूने के सम्पूर्ण डीएनए के छोटे-छोटे टुकड़ों का अनुक्रमण किया जाता है और उन्हें किसी पजल की तरह कंप्यूटर की मदद से जोड़कर पहचान की जाती है।

अब, एक नई तकनीक (नैनोपोर सिक्वेंसिंग) विकसित की गई है। इसकी मदद से वैज्ञानिक एक बार में डीएनए की लंबी श्रंखला पढ़ सकते हैं। इससे नतीजे और भी सटीक मिलते हैं और तो और यह तकनीक न सिर्फ तेज और सस्ती है, बल्कि इतनी कॉम्पैक्ट है कि इसे लैपटॉप से जोड़ा जा सकता है। इस तकनीक को आजमाने के लिए वैज्ञानिकों ने अप्रैल 2023 में फ्लोरिडा के वॉशिंगटन ओक्स गार्डन्स स्टेट पार्क में हवा के नमूने इकट्ठा किए। उन नमूनो में डीएनए का विश्लेषण करके बताया कि वहां एक जंगली बिल्ली (बॉबकैट), एक जहरीला सांप, चमगादड़, मच्छर, एक पक्षी (ऑस्प्रे), और अफ्रीकी, यूरा. पीय और एशियाई मूल के इंसान मौजूद थे। दिलचस्प बात यह है कि उन्होंने वहां इनमें से कोई जीव नहीं देखा था।

इसी तरह का एक अध्ययन आयरलैंड की राजधानी डबलिन की हवा के नमूने लेकर भी किया गया। यहां वैज्ञानिकों को इंसानों की ज्यादा विविध जेनेटिक जानकारी मिली। उन्हें 221 प्रकार के इंसानी वायरस और बैक्टीरिया के डीएनए मिले जो फ्लोरिडा के मुकाबले 7 गुना अधिक थे। वैज्ञानिकों के अनुसार, यह तकनीक जंगलों और शहरों में जैव विविधता की निगरानी करने में काफी उपयोगी है। इसके अलावा, बाहरी और संकटग्रस्त प्रजातियों पर नजर रखने, बीमारियां फैलाने वाले वायरस या बैक्टीरिया की पहचान करने और बिना संपर्क के इंसानी उपस्थिति तथा वंश का अध्ययन करने में भी मददगार होगी। इससे किसी भी जगह पर मौजूद जीवन की एक पूरी तस्वीर सिर्फ हवा के विश्लेषण से मिल सकती है, लेकिन इसके साथ एक चिंता भी है। यदि वैज्ञानिक हवा से इंसानी डीएनए पहचान सकते हैं, तो इसका इस्तेमाल किसी व्यक्ति पर नजर रखने के लिए भी किया जा सकता है। हालांकि अब तक के अध्ययनों में सिर्फ सामान्य वंश की जानकारी मिली है, किसी व्यक्ति विशेष की नहीं। लेकिन भविष्य में यह तकनीक इतनी विकसित हो सकती है कि व्यक्ति विशेष की जानकारी भी दे सके। कानून विशेषज्ञ नताली राम का कहना है कि सरकारें या निजी कंपनियां इस तकनीक का इस्तेमाल बड़े पैमाने पर निगरानी के लिए कर सकती हैं। एक प्राइवेट कंपनी तो ऐसे छोटे ई-डीएनए स्कैनर बना रही है जो चुपचाप किसी कमरे में वायरस या इंसानी डीएनए की निगरानी कर सकता है।

हालांकि, यह तकनीक है तो बहुत रोमांचक, लेकिन अभी इस पर कफी काम किया जाना बाकी है। उदाहरण के तौर पर, वैज्ञानिकों को फ्लोरिडा के समुद्री पानी में काऊपॉक्स वायरस के डीएनए के अंश मिले हैं, जबकि वहां ऐसा वायरस पाया ही नहीं जाता है। इससे यह सवाल उठता है कि कहीं इतने छोटे डीएनए अंश झूठी या भ्रामक जानकारी तो नहीं दे रहे? वैज्ञानिकों को ऐसे नतीजों को बहुत सोच-समझकर देखना चाहिए, क्योंकि सिर्फ डीएनए का मौजूद होना यह नहीं साबित करता कि वह जीव वास्तव में वहीं है या वह सक्रिय है।

**-स्रोत फीचर्स**



## बच्चों की सेहत पर जीर्ण रोग का नकारात्मक प्रभाव

मेक अमेरिका हेल्दी अगैन (महा - MAHA) आयोग ने हाल ही में अमरीकी बच्चों की सेहत को लेकर एक रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट में अमरीकी बच्चों में तेजी से बढ़ते जीर्ण रोगों पर चिंता व्यक्त की गई है। आयोग ने कहा है कि अमेरिका में बच्चों की सेहत पर सर्वाधिक असर अल्ट्रा-प्रोसेस्ड खानपान, हवा, पानी व भोजन के जरिए रसायनों से संपर्क, सुस्त जीवन शैली, मोबाइल-लैपटॉप स्क्रीन पर बिताए गए समय और चिकित्सकीय हस्तक्षेप के अतिरेक का हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया है कि स्वास्थ्य सम्बंधी अधिकांश शोध फिलहाल कॉर्पोरेट प्रभाव में किया जा रहा है जिसे बदलने की जरूरत है। रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि 2020 की आहार सम्बंधी सलाहकार समिति में 95 प्रतिशत सदस्यों के कॉर्पोरेट विश्व के साथ वित्तीय सम्बंध थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि 1970 के दशक के बाद बचपन में मोटापे की स्थिति में तीन गुना वृद्धि हुई है और आज साढ़े तीन लाख से ज्यादा बच्चे मधुमेह से पीड़ित हैं। तंत्रिका विकास सम्बंधी विकार बढ़ रहे हैं और हर 31 में से 1 बच्चा ऑटिज्म से प्रभावित है। वर्ष 2022 में हर 4 में से 1 किशोर लड़की में अवसाद की घटना हुई थी। आश्चर्यजनक खुलासा यह किया गया है कि फिलहाल किशोरों में मृत्यु का दूसरा सबसे बड़ा कारण खुदकुशी है। रिपोर्ट बताती है कि एलर्जी, आत्म-प्रतिरक्षा रोग वगैरह भी तेजी से बढ़े हैं। और तो और, रिपोर्ट का निष्कर्ष है कि कम से कम 40 प्रतिशत अमरीकी बच्चे किसी-न-किसी एक जीर्ण तकलीफ से ग्रस्त हैं। देखा जाए तो शायद रिपोर्ट के कई निष्कर्ष गलत नहीं हैं, लेकिन विशेषज्ञों ने इसे लेकर कई सवाल भी उठाए हैं। मजेदार बात यह है कि महा रिपोर्ट महज 3 माह में तैयार कर ली गई है और यही आलोचना का प्रमुख बिंदु बना है। कई विशेषज्ञों का मत है कि रिपोर्ट एआई (कृत्रिम बुद्धि) द्वारा तैयार करवाई गई है। इसे लेकर कई अन्य प्रमाण भी प्रस्तुत किए गए हैं। बहरहाल, रिपोर्ट को लेकर अन्य दिक्कतें भी सामने आई हैं। जैसे एक संस्था नॉटअस द्वारा विश्लेषण पर पता चला कि इसमें कई ऐसे अध्ययनों का हवाला दिया गया है जिनका कोई अस्तित्व ही नहीं है। कई मामलों में शोधकर्ताओं के नाम गलत दिए गए हैं, पूरा संदर्भ नहीं दिया गया है। कई शोधकर्ताओं ने स्पष्ट किया है कि उनके जिस शोध पत्र का हवाला दिया गया है, वह अस्तित्व में ही नहीं है। कई मामलों में अध्ययनों के निष्कर्षों को गलत प्रस्तुत किया गया है। जैसे आईकान स्कूल ऑफ मेडिसिन की मरिआना फिगेरो के पर्चे को इस बात के प्रमाण के रूप में उद्धरित किया गया है कि स्क्रीन पर बिताया गया समय बच्चों की नींद में गड़बड़ी पैदा करता है, हालांकि यह अध्ययन कॉलेज के छात्रों पर किया गया था और इसमें नींद का मापन शामिल नहीं था। विशेषज्ञों का मत है कि ट्रम्प सरकार एक ओर तो विज्ञान में सर्वोच्च मानक स्थापित करने की बात कर रही है, वहीं ऐसे फर्जी संदर्भों, गलतबयानी वाली रिपोर्ट के आधार पर भविष्य की योजना बनाने की बात कर रही है।

**सोनमर्ग प्रकृति की गोद में बसा ऐसा पर्यटन स्थल है, जहां हर कदम पर सौंदर्य बिखरा है। चाहे आप रोमांच की तलाश में हों या शांति की, सोनमर्ग आपके हर सपने को साकार करता है। अगर आप वादियों के संगीत को सुनना चाहते हैं और स्वर्ग जैसी जगह का अनुभव करना चाहते हैं, तो सोनमर्ग आपके इंतजार में है।**

# यहां हर कदम पर बिखरा पड़ा है सौंदर्य



जम्मू और कश्मीर राज्य के गंदरबल जिले में स्थित सोनमर्ग जिसका अर्थ है सोने की घाटी एक सुरम्य पर्यटन स्थल है, जो प्राकृतिक सौंदर्य, शांत वातावरण और रोमांचक गति. विधियों का अनूठा संगम प्रस्तुत करता है। समुद्र तल से लगभग 2,800 मीटर की ऊंचाई पर स्थित यह जगह गर्मियों के मौसम में हरे-भरे घास के मैदानों और जाड़ों में बर्फीले चादरों से ढकी होती है।

**प्राकृतिक सौंदर्य की अद्भुत झलक**

सोनमर्ग चारों ओर से बर्फ से ढकी ऊंची-ऊंची चोटियों, देवदार और चीड़ के घने जंगलों तथा कलकल बहती नदियों से घिरा हुआ है। यहां की सबसे प्रसिद्ध नदी है सिंध नदी, जो बर्फीले ग्लेशियरों से निकलती है और यहां के जीवन को जीवन्त बनाती है।

**प्रमुख आकर्षण स्थल**

1. **ठाजीवास ग्लेशियर**- यह सोनमर्ग से लगभग 7 किलोमीटर दूर स्थित है और यहां का सबसे प्रमुख पर्यटन स्थल है। पर्यटक यहां घोड़ों पर सवारी करके जाते हैं और बर्फ में खेलते हैं। गर्मियों में भी यहां बर्फ देखने को मिलती है।

2. **जोजिला पास**- यह दर्रा नगर को लेह-लद्दाख से जोड़ता है। साहसिक पर्यटकों के लिए यह स्थान बेहद रोमांचक है। यह रास्ता ऊंचा, घुमावदार और रोमांच से भरपूर होता है।

3. **बालटाल**- यह अमरनाथ यात्रा का प्रमुख पड़ाव है। सोनमर्ग से लगभग 15 किलोमीटर दूर स्थित यह जगह अमरनाथ गुफा तक ट्रेकिंग के लिए जानी जाती है।

**रोमांच और गतिविधियां**

**ट्रेकिंग**- सोनमर्ग से कई खूबसूरत ट्रेक शुरू होते हैं, जैसे गंगाबल झील ट्रेक, किशनसर और विषनसर झील ट्रेक आदि।

**फिशिंग**- सिंध नदी ट्राउट मछली पकड़ने के लिए प्रसिद्ध है।

**कैम्पिंग**- घास के मैदानों में टेंट लगाकर रात बिताने का अनुभव बेहद खास होता है।

**प्रकृति प्रेमियों के लिए स्वर्ग**

सोनमर्ग उन लोगों के लिए आदर्श स्थान है जो भीड़भाड़ से दूर, शांतिपूर्ण वातावरण में प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेना चाहते हैं। फूलों से ढके मैदान, नीले आसमान के नीचे बर्फ से चमकते पहाड़ और पंछियों की मधुर चहचहाहट यह सब किसी चित्रपटल जैसा लगता है।

**कैसे पहुंचें**- हवाई मार्ग- निकटतम हवाई अड्डा नगर (लगभग 80 किमी) है।

**सड़क मार्ग**- नगर से सोनमर्ग तक का सफर टैक्सी या बस से आसानी से किया जा सकता है। यात्रा के दौरान मनोहारी .श्य मन मोह लेते हैं।

**यात्रा का उपयुक्त समय**- मई से सितंबर तक का समय सोनमर्ग घूमने के लिए सबसे अच्छा होता है। सर्दियों में भारी बर्फबारी के कारण रास्ते बंद हो सकते हैं, पर बर्फ प्रेमियों के लिए यह भी एक अनोखा अनुभव हो सकता है।

सोनमर्ग प्रकृति की गोद में बसा ऐसा पर्यटन स्थल है, जहां हर कदम पर सौंदर्य बिखरा है। चाहे आप रोमांच की तलाश में हों या शांति की, सोनमर्ग आपके हर सपने को साकार करता है। अगर आप वादियों के संगीत को सुनना चाहते हैं, तो सोनमर्ग आपके इंतजार में है।

**...साभार प्रभा**

# अधिकतर जीवों के जीवन में अंधकार लाती आर्टिफिशियल लाइटस


इस बात के पर्याप्त प्रमाण हैं कि भारत और दुनिया भर में पक्षियों की प्रजातियां और पक्षियों की संख्या तेजी से कम हो रही है। मानव गतिविधि जनित जलवायु परिवर्तन के अलावा, प्रदूषण, कीटनाशकों का उपयोग, सिमटते प्राकृतवास और शिकार इनकी विलुप्ति का कारण है। और अब इस बारे में भी जागरूकता काफी बढ़ रही है कि रात के समय किया जाने वाला कृत्रिम उजाला पक्षियों की कई प्रजातियों का बड़ा हत्यारा है।

साइंटिफिक अमेरिकन में प्रकाशित अपने एक लेख में नॉर्थ कैरोलिना के जोशुआ सोकोल ने इस नाटकीय प्रभाव का वर्णन किया है। 2001 में हुए 9/11 हमले की याद में न्यूयॉर्क शहर में दो गगनचुंबी प्रकाश स्तम्भ, ट्रायब्यूट इन लाइट, स्थापित किए गए हैं और पक्षियों की आबादी पर इनका प्रभाव पड़ रहा है। 11 सितंबर की रात में जब यह दो प्रकाश स्तम्भ ऊपर आकाश तक जगमगाते हैं तो यह फुदकी warbler, समुद्री पक्षी seabird, कस्तूर thrush जैसे हजारों प्रवासी पक्षियों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। इसके साथ ही शाहीन बाज peregrine falcons जैसे शिकारी पक्षी प्रवासी पक्षियों के इस भ्रम का फायदा उठाने और उन्हें चट करने को तत्पर होते हैं।

लेख के अनुसार, 20 मिनट के भीतर ट्रायब्यूट इन लाइट प्रकाश स्तम्भ के आधे किलोमीटर के दायरे में करीब 16,000 पक्षी इकट्ठे हो जाते हैं, साल में एक बार होने वाला यह आयोजन दस लाख से अधिक पक्षियों को एक जगह इकट्ठा कर देता है और जब चिंतित पर्यवेक्षक देखते हैं कि इसके चलते वहां बहुत सारे पक्षी जमा हो रहे हैं, तो आयोजक रोशनी कम कर देते हैं और अब, यहां मौसम विज्ञानियों द्वारा कुल वर्षा का अनुमान लगाने के लिए उपयोग की जाने वाली एक रडार-आधारित प्रणाली स्थापित है जिसका उपयोग 11 सितम्बर को पक्षियों की गिनती करने के लिए भी किया जाता है। साथ ही, पूरे साल के दौरान पूरे महाद्वीप में प्रवासी पक्षियों की आवाजाही का अनुमान लगाने के लिए भी। लेख के अनुसार, 11 सितम्बर का अध्ययन बताता है कि रात में शहरों की जगमगाती रोशनी का प्रवासी पक्षियों के उड़ान पथ पर क्या प्रभाव हो सकता है। समय के साथ ट्रायब्यूट इन लाइट की रोशनी से भटककर मंडराते हुए पक्षियों की ऊर्जा (शरीर की चर्बी) चुक जाती है, जिस कारण वे शिकारियों के आसान लक्ष्य बन जाते हैं और सबसे बुरी बात यह है कि वे पास की इमारतों की खिड़कियों से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो सकते हैं या मर सकते हैं। लेख कहता है कि यह अच्छी बात है कि यह अध्ययन जारी हैं, क्योंकि पक्षियों की घटती संख्या चिंताजनक है। अकेले उत्तरी अमेरिका में, 1970 के बाद से 2019 तक पक्षियों की संख्या में 3 अरब से अधिक की कमी आई है। भारत की बात करें तो वेदर चैनल Weather Channel नामक एक पोर्टल की रिपोर्ट है कि भारत की 867 पक्षी प्रजातियों में से 80 प्रतिशत प्रजातियों की संख्या में तेजी से गिरावट आई है और इनमें से 101 प्रजातियों पर विलुप्ति का खतरा मंडरा रहा है। यह नतीजे देशभर के 15,500 पक्षी निरीक्षकों द्वारा किए गए एक करोड़ से अधिक अवलोकनों के आधार पर दिए गए हैं। दुनियाभर में पक्षियों की कम होती संख्या और विविधता का गंभीर प्रभाव खाद्य सुरक्षा पर पड़ रहा है। पक्षियों से हमें मिलने वाला पहला लाभ (या यू कहें कि सेवा) है कीट नियंत्रण। अनुमान है कि पक्षीगण एक साल में तकरीबन 40-50 करोड़ टन कीट खा जाते हैं। शिकारियों के कुनबे में भी पक्षी महत्वपूर्ण हैं, वे शिकार कर चूहों जैसे कुतरने वाले जीवों की आबादी को नियंत्रित रखते हैं, लेकिन पक्षियों के लिए खेती में उपयोग किए जाने वाले कीटनाशकों का असर बाकी किसी भी कारक से अधिक नुकसानदायक होगा। कृषि के इतर भी पक्षी पौधों और शाकाहारियों, शिकार और शिकारियों का संतुलन बनाए रखते हैं, जिससे दलदल और घास के मैदान पनपते हैं और यह दलदल और घास के मैदान वे प्राकृतिक एजेंट हैं जो कार्बन भंडारण करते हैं, जलवायु को स्थिर रखते हैं, ऑक्सीजन देते हैं और प्रदूषकों को पोषक तत्वों में बदलते हैं। यदि पक्षी न होते तो इनमें से कई पारिस्थितिक तंत्र अस्तित्व में ही नहीं होते और हालांकि हम तितलियों और मधुमक्खियों को सबसे महत्वपूर्ण परागणकर्ता मानते हैं, लेकिन कई ऐसे पौधे हैं जिनका परागण पक्षियों द्वारा होता है। जिन फूलों में गंध नहीं होती और हमारे द्वारा भोजन या औषधि के रूप में उपयोग किए जाने वाले 5 प्रतिशत पौधों का परागण पक्षियों द्वारा होता है। इसके अलावा पक्षियों की बीज फैलाने में भी भूमिका होती है। जब पक्षी एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाते हैं, तो उनके द्वारा खाए गए बीज भी उनके साथ वहां पहुंच जाते हैं, जो मल त्याग से बाहर निकल वहां फैल जाते हैं। पक्षी नष्ट हो चुके पारिस्थितिकी तंत्र को फिर से जिलाते हैं (बीजों के माध्यम से), पौधों को समुद्र के पार भी ले जाते हैं और वहां के भूदृश्य को बदल सकते हैं। न्यूजीलैंड के एक करोड़ हैक्टर में फैले जंगल में से 70 प्रतिशत जंगल पक्षियों द्वारा फैलाए गए बीजों से उगा है।

दुनिया भर में संरक्षण के लिए काम करने वाली संस्था एनडेन्जर्ड स्पीशीज इंटरनेशनल का कहना है कि कुछ पक्षियों को मुख्य (कीस्टोन) प्रजाति माना जाता है क्योंकि पारिस्थितिकी तंत्र में उनकी उपस्थिति (या अनुपस्थिति) अन्य प्रजातियों को अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करती है। उदाहरण के लिए, कठफोड़वा पेड़ों में कोटर बनाते हैं जिनका उपयोग बाद में कई अन्य प्रजातियों द्वारा किया जाता है। डोडो के विलुप्त होने के बाद यह पता चला कि एक पेड़, जिसके फल डोडो का प्रमुख भोजन थे, के बीज डोडो के पाचन तंत्र से गुजरे बिना अंकुरित होने में असमर्थ थे . डोडो का पाचन तंत्र बीज के आवरण को गला देता था और अंकुरण को संभव बनाता था। पक्षी जो दूसरी भूमिका निभाते हैं वह है सफाई का काम। यह तो हम जानते हैं कि गिद्ध एक घंटे के भीतर मृत जानवर तक पहुंच जाते हैं और फिर उसके पूरे शरीर और सभी अवशेषों का निपटान कर देते हैं। यही कार्य यदि जंगली कुत्तों या चूहों पर छोड़ दिया जाए तो शव या अवशेष के निपटान में कई दिन लग सकते हैं, जिससे सड़न और बीमारी फैल सकती है। बर्डलाइफ इंटरनेशनल पोर्टल का अनुमान है कि भारत में गिद्धों की संख्या में गिरावट के कारण जंगली कुत्तों की आबादी 55 लाख तक बढ़ गई है, जिसके कारण रेबीज के मामले बढ़ गए हैं और 47,300 लोगों की मौत हो गई है। पारिस्थितिकी को बनाए रखने में इतनी सारी भूमिकाएं होने के साथ ही पक्षी इस तरह अनुकूलित हैं कि वे लंबा प्रवास कर अपने माकूल स्थानों पर जाते हैं। इस तरह, ठंडे उत्तरी ध्रुव के अरबों पक्षी सर्दियों के लिए दक्षिण की ओर प्रवास करते हैं और फिर मौसम बदलने पर वापस घर की ओर उड़ जाते हैं और हालांकि इस प्रवासन की अपनी कीमत और मृत्यु की आशंका होती है, लेकिन यह पैटर्न प्रजनन मौसम में फिट बैठता है और संख्या बरकरार रहती है, लेकिन रात के समय पक्षियों के उड़ान पथ पर चमकीली रोशनियां और जगमगाते शहर पक्षियों के दिशाज्ञान को प्रभावित करते हैं और भ्रम पैदा करते हैं। इसके चलते ऊर्जा की बर्बादी होती है, भिड़ंत होती है और समूह टूटता है और शिकारियों के मजे होते हैं। रात के समय दूर के शहर से आने वाली रोशनी भी आकाशगंगा की रोशनी का भ्रम दे सकती है और पक्षियों के दिशा बोध को बिगाड़ सकती है। पक्षियों में चमकदार रोशनी के प्रति जो रहस्यमई आकर्षण होता है, वह पक्षियों को तेज रोशनी वाली खिड़की के शीशों की ओर जाने को उकसाता है। यह कोई हालिया घटना नहीं है। वर्ष 1880 में, साइंटफिक अमेरिकन ने अपने एक लेख में बताया था कि रात की रोशनी में पक्षी उलझ जाते थे। लाइटहाउस के प्रकाश का पक्षियों पर प्रभाव जानने के उद्देश्य से हुए एक अध्ययन में सामने आया था कि इससे दस लाख से अधिक पक्षी प्रभावित हुए और इसके चलते ढेरों पक्षी मारे गए। न्यूयॉर्क में ट्रायब्यूट इन लाइट का अनुभव नाटकीय रूप से उस क्षति की विकरालता को सामने लाता है जो रात की प्रकाश व्यवस्था से पक्षियों की आबादी को होती है। साइंटिफिक अमेरिकन का एक लेख बताता है कि अब रात के समय अत्यधिक तीव्र प्रकाश वाले क्षेत्रों के मानचित्र बनाने के लिए उपग्रह इमेजिंग का, और पक्षियों व उनकी संख्या को ट्रैक करने के लिए रडार का उपयोग नियमित रूप से किया जाता है। इस तरह, अमेरिका में उन शहरों की पहचान की जा रही है जिनकी रोशनी का स्तर प्रवासी पक्षियों को प्रभावित करने की सबसे अधिक संभावना रखता है। इसके अलावा बर्डकास्ट नामक एक कार्यक्रम महाद्वीप-स्तर पर मौसम और रडार डैटा को एक साथ रखता है और मशीन लर्निंग का उपयोग करके ठीक उन रातों का पूर्वानुमान लगाता है जब लाखों प्रवासी पक्षी अमेरिकी शहरों के ऊपर से उड़ेंगे। यह जानकारी पक्षियों के संरक्षण के प्रति जागरूक समूहों को उनके उड़ान पथ में पड़ने वाले शहरों से प्रकाश तीव्रता नियंत्रित करने वगैरह की पैरवी करने में सक्षम बनाती है। उनके ए प्रयास प्रभावी भी रहे हैं न्यूयॉर्क शहर ने एक अध्यादेश पारित किया है जिसके तहत प्रवासन के मौसम में इमारतों को रोशनी बंद करनी होती है।

**-साभार**



बीकानेर। ठंडी और धुंध भरी सर्दियों की सुबह ऊंट गाड़ी पर सवार व्यक्ति।

## दीर्घावधि से नियोजित गतिविधियों के लिए नोराड के विमान ग्रीनलैंड पहुंचेंगे

**ओटावा।** उत्तर अमेरिका एयरोस्पेस डिफेंस कमांड (नोराड) ने सोमवार को कहा कि उसके विमान जल्द ही ग्रीनलैंड के पिटुफिक स्पेस बेस पहुंचेंगे। यह तैनाती 'दीर्घावधि से नियोजित नोराड गतिविधियों' की एक शृंखला का हिस्सा है। नोराड ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर जानकारी दी है कि ये विमान अमेरिका और कनाडा के महाद्वीपीय अड्डों से संचालित होने वाले अन्य संसाधनों के साथ जुड़ेंगे। उन्होंने बताया कि ये गतिविधियां अमेरिका, कनाडा और डेनमार्क साम्राज्य के बीच 'स्थाई रक्षा सहयोग' को और मजबूती प्रदान करती हैं।

## हूती अदालत ने जासूसी के आरोप मौत की सजा को रखा बरकरार

**सना।** हूती समूह द्वारा संचालित राजधानी सना स्थित एक अदालत ने सोमवार को जासूसी के आरोप में दोषी ठहराए गए नौ यमनियों की मौत की सजा को बरकरार रखा। हूती-संचालित अल-मसीरा टीवी ने यह जानकारी दी। चैनल ने बताया कि अदालत ने नौ आरोपियों के खिलाफ मूल फैसले को बरकरार रखा है, जिन पर हूती समूह अमेरिका, इजरायल और सऊदी अरब सहित विदेशी देशों के लिए जासूसी करने का आरोप लगाया गया है। चैनल ने यह भी बताया कि इनमें से आठ आरोपी हिरासत में हैं और एक फरार है। रिपोर्ट के अनुसार, अदालत ने एक व्यापक जासूसी मामले में सजा को पलट दिया या कम कर दिया, लेकिन इन नौ आरोपियों की मौत की सजा को अपरिवर्तित रखा।


# पाक बनने का मकसद पूरा होने वाला है: आसिम मुनीर

## आर्मी चीफ का दावा: इस्लामी देशों के बीच पाक का खास दर्जा, इसकी अहमियत अब और बढ़ेगी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के आर्मी चीफ आसिम मुनीर ने दावा किया कि इस्लाम के नाम पर बने पाकिस्तान का असली मकसद पूरा होने वाला है। उन्होंने ये बात रविवार को लाहौर में पाकिस्तानी अखबार द न्यूज इंटरनेशनल से कही। आसिम मुनीर यहां पूर्व पीएम शहबाज शरीफ के नाती जुनैद सफदर के वलीमा (रिसेप्शन) में शामिल होने आए थे।

इसमें प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, नवाज शरीफ, मरियम नवाज, कई सीनियर नेता, मंत्री और सैन्य अधिकारी मौजूद थे। इस बातचीत में आसिम मुनीर ने कहा कि अल्लाह ने पाकिस्तान को एक ऐतिहासिक मौका दिया है, ताकि वो अपने बनने का मकसद हासिल कर सके और देश तेजी से उसी तरफ बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान इस्लाम के नाम पर बना था और आज उसे इस्लामिक देशों के बीच एक खास दर्जा हासिल है। अब इसकी अहमियत और ज्यादा बढ़ेगी। आसिम मुनीर रविवार को नवाज शरीफ के नाती जुनैद सफदर के रिसेप्शन में शामिल होने लाहौर पहुंचे थे। आसिम मुनीर ने दावा किया कि दुनिया में पाकिस्तान की स्थिति

■ दुनिया में पाकिस्तान की स्थिति और उसकी आर्थिक हालत में काफी सुधार हुआ है: मुनीर



और उसकी आर्थिक हालत में काफी सुधार हुआ है। जब उनसे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिल रही पहचान को लेकर सवाल किया गया, तो उन्होंने कहा कि अगर उन्हें व्यक्तिगत रूप से कोई सराहना मिल रही है, तो वह भी अल्लाह की मेहरबानी है। उन्होंने कहा कि असल में यह पाकिस्तान को मिली पहचान है, किसी एक इंसान को नहीं। उनके इस बयान को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से हुई मुलाकातों से भी जोड़कर देखा जा रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, आसिम मुनीर और शहबाज शरीफ ने ट्रम्प को पाकिस्तान में दुर्लभ खनिजों और कच्चे तेल के रिसोर्स का भरोसा भी दिलाया, जिनकी कोई पुख्ता जानकारी नहीं है। आसिम मुनीर ने अप्रैल 2025 में इस्लामाबाद में हुए ओवरसीज पाकिस्तानियों के सम्मेलन में कहा था कि टू नेशन थ्योरी ही पाकिस्तान की बुनियाद है। उन्होंने कहा था कि मुसलमानों और हिंदुओं के बीच बुनियादी फर्क है और दोनों एक नहीं, बल्कि अलग-अलग राष्ट्र हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान की नींव कलमा पर टिकी है और इस सोच को आगे आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाना जरूरी है। आसिम मुनीर अपने भाषणों में इस्लामिक विचारधारा, टू नेशन थ्योरी और भारत के खिलाफ बयानबाजी पर जोर देते रहे हैं। जनरल मुनीर ने पिछले साल अप्रैल में इस्लामाबाद में पहले ओवरसीज पाकिस्तानी सम्मेलन में कश्मीर और टू नेशन थ्योरी को लेकर विवादित बयान दिया था। आसिम मुनीर अपने पहले के सेना प्रमुखों से काफी अलग माने जाते हैं। पहले के ज्यादातर सेना प्रमुख पश्चिमी सैन्य संस्थानों में प्रशिक्षित पेशेवर सैनिक थे, जो धर्म और राजनीति से दूरी बनाए रखते थे।

# यूएस में ट्रम्प के खिलाफ बगावत के सुर तेज

## कैलिफोर्निया के गवर्नर गैविन न्यूजाम की यूरोप को सलाह: ट्रम्प की टैरिफ पर धमकियों का सख्ती से करें सामना



■ ग्रीनलैंड विवाद में ट्रम्प के रुख के खिलाफ यूरोप को मजबूत प्रतिक्रिया देने को कहा है

■ डोनाल्ड ट्रम्प संकेत भी दे चुके हैं कि अमेरिका वहां अपनी भूमिका बढ़ाना चाहता है

**कैलिफोर्निया।** दुनियाभर में इन दिनों कई देशों के खिलाफ अमेरिक के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का आक्रमक रवैया चिंता का विषय बनता जा रहा है। चाहे वो, वेनेजुएला पर कार्रवाई कर वहां के अपदस्थ राष्ट्रपति निकोलस मादुरो की गिरफ्तारी हो, ग्रीनलैंड पर कब्जे की बात, या फिर उनके इस काम में साथ ना देने वाले देशों के खिलाफ भर-भर के टैरिफ लगाने की धमकी।

इन सभी कारणों से ट्रम्प ने वैश्विक राजनीति में हलचल तेज कर दी है। हालांकि अब ऐसा लग रहा है कि ट्रम्प के खिलाफ खुद उनके घर अमेरिका में ही बगावत शुरू हो गया है। इसका बड़ा कारण यह है कि टैरिफ धमकियों के खिलाफ अब कैलिफोर्निया के गवर्नर गैविन न्यूजाम ने ट्रम्प को दो टूक चेतावनी देते हुए यूरोपियन देशों को अहम संदेश दिया है। गैविन न्यूजाम ने यूरोपीय देशों से कहा है कि उन्हें अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की टैरिफ धमकियों के सामने कमजोर नहीं दिखना चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से ग्रीनलैंड विवाद में ट्रम्प के रुख के खिलाफ यूरोप को मजबूत प्रतिक्रिया देने को कहा है। बता दें कि कैलिफोर्निया के गवर्नर का यह बयान स्विट्जरलैंड के दावोस में चल रहे वर्ल्ड इकोनामिक फोरम (डब्ल्यूईएफ) के दौरान आया। जहां अमेरिका की आंतरिक राजनीति और वैश्विक व्यापार तनाव भी खुलकर सामने आ गए। न्यूजाम ने चेतावनी दी कि अगर यूरोपीय नेता ट्रम्प के टैरिफ और व्यापार दबाव के खिलाफ दृढ़ न होकर पीछे हटेंगे तो यह उनके पक्ष में नहीं होगा। इस दौरान न्यूजाम ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की टैरिफ धमकियों को लेकर यूरोप की प्रतिक्रिया पर कड़ी नाराजगी भी जताई। उनका कहना था कि ट्रम्प ग्रीनलैंड मुद्दे पर यूरोप पर दबाव बना रहे हैं। टैरिफ (आयात शुल्क) की धमकी देकर देशों को झुकाना चाहते हैं। ऐसे में यूरोप को डरकर पीछे नहीं हटना चाहिए। बता दें कि ग्रीनलैंड डेनमार्क का हिस्सा है, जो कि आर्कटिक क्षेत्र में स्थित है। देखा जाए तो ग्रीनलैंड रणनीतिक और सुरक्षा के लिहाज से बेहद अहम माना जाता है। ऐसे में ट्रम्प पहले भी ग्रीनलैंड को लेकर सख्त बयान दे चुके हैं। संकेत भी दे चुके हैं कि अमेरिका वहां अपनी भूमिका बढ़ाना चाहता है। इसी मुद्दे पर ट्रम्प ने टैरिफ की धमकी देकर यूरोप पर दबाव बनाया। खासकर उन देशों पर, जो उनके रुख से सहमत नहीं हैं। इसी बीच यूरोपीय संघ की शीर्ष अधिकारी ने भी ट्रम्प को लेकर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि ग्रीनलैंड को लेकर टैरिफ की धमकी देना चिंताजनक है। इससे यह सवाल उठता है कि क्या ट्रम्प पर भरोसा किया जा सकता है? ऐसे में यूरोपीय संघ का मानना है कि व्यापारिक दबाव का इस्तेमाल राजनीतिक फैसलों के लिए करना गलत है। इससे अमेरिका और यूरोप के रिश्तों में दरार बढ़ सकती है। गौरतलब है कि अमेरिका के भीतर से ही ट्रम्प की नीतियों पर सवाल उठ रहे हैं। कैलिफोर्निया जैसे बड़े राज्य के गवर्नर ने खुलकर विरोध किया। इसको लेकर यूरोप पर दबाव की राजनीति अब वैश्विक मंच पर विवाद बन चुकी है। ग्रीनलैंड मुद्दा सिर्फ जमीन का नहीं, भू-राजनीति और ताकत की लड़ाई बन गया है।

### बढ़े टैरिफ के बीच नए साझेदारों की तलाश में पोलैंड

**नई दिल्ली।** पोलैंड के उप-प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री रादोस्लाव सिकोरस्की ने कहा है कि बढ़ते वैश्विक टैरिफ के चलते पोलैंड नए व्यापारिक साझेदारों की तलाश कर रहा है और इस दिशा में भारत ने सहयोग के लिए तत्परता दिखाई है।

भारत दौरे के महत्व को रेखांकित करते हुए उन्होंने मुक्त और नियम-आधारित वैश्विक व्यापार की जरूरत पर जोर दिया। दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत के दौरान सिकोरस्की ने कहा जब दुनिया के कुछ हिस्सों से हमें बढ़े हुए टैरिफ का सामना करना पड़ता है, तब हम नए व्यापारिक साझेदार तलाशते हैं। भारत ने हमारे साथ जुड़ने की इच्छा दिखाई है। हमें दुनिया को यह दिखाना होगा कि आज भी कुछ क्षेत्र ऐसे हैं जो मुक्त व्यापार में विश्वास रखते हैं। गौरतलब है कि पिछले वर्ष अमेरिका और यूरोपीय संघ के बीच

■ उप-प्रधानमंत्री बोले: भारत से सहयोग को तैयार

हुए एक व्यापार समझौते के तहत अधिकांश यूरोपीय संघ उत्पादों पर 15 प्रतिशत आयात शुल्क लगाया गया था। पोलैंड, जो यूरोपीय संघ का सदस्य है, इस फैसले से प्रभावित हुआ है।

ऐसे में भारत जैसे उभरते बाजार पोलैंड के लिए अहम साझेदार बनकर सामने आ रहे हैं। सिकोरस्की ने भारत और यूरोपीय संघ के बीच चल रही मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) वार्ता को लेकर भी सकारात्मक रुख जताया। उन्होंने कहा कि भारत और ईयू के बीच सहयोग की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने बताया कि कुछ उद्योग संवेदनशील जरूर हैं, लेकिन भारत और यूरोपीय संघ के कृषि क्षेत्र काफी हद तक एक-दूसरे के अनुकूल हैं।

## मंत्री मरियम औरंगजेब का बदला रूप देखकर लोग हैरान

**लाहौर।** पाकिस्तान की सत्तारूढ़ पार्टी पीएमएल-एन की सीनियर नेता मरियम औरंगजेब इन दिनों सोशल मीडिया पर चर्चा में हैं। वजह है लाहौर में हुई शादी में उनका बदला हुआ लुक। यह शादी पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के नाती और मरियम नवाज के बेटे जुनैद सफदर की थी। मरियम औरंगजेब यहां मेहमान के तौर पर शामिल हुई थीं। जुनैद सफदर की शादी शंजे अली रोहैल से लाहौर में धूमधाम से हुई थी। हालांकि, शादी से ज्यादा चर्चा मरियम औरंगजेब की तस्वीरों को लेकर हुई। सोशल मीडिया पर वायरल तस्वीरों में मरियम औरंगजेब पहले के मुकाबले ज्यादा स्लिम, शार्प फेस फीचर्स और बदले हुए लुक में नजर आईं। कई यूजर्स ने उनके ग्लो और फिटनेस की तारीफ की। कई लोगों उनके लुक में आए बदलाव को लेकर सवाल भी उठाए। यूजर्स ने यह अटकलें भी लगाई कि मरियम औरंगजेब ने कास्मेटिक सर्जरी करवाई हो सकती है। कास्मेटिक सर्जरी एक मेडिकल प्रक्रिया होती है, जिसमें किसी व्यक्ति के चेहरे या शरीर की बनावट और दिखावट को बेहतर या बदलने के लिए इलाज किया जाता है। इसका मकसद बीमारी का इलाज नहीं, बल्कि लुक में बदलाव या सुधार करना होता है।

# ट्रम्प हिंद महासागर के द्वीप को लेकर ब्रिटेन से नाराज

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने हिंद महासागर में स्थित डिएगो गार्सिया आइलैंड को लेकर ब्रिटेन पर नाराजगी जताई है। उन्होंने मंगलवार को ट्रुथ सोशल पर कहा कि ब्रिटेन यह द्वीप मारीशस को देने की योजना बना रहा है, जबकि यहां अमेरिका का एक बेहद अहम मिलिट्री बेस है। इस द्वीप को बिना किसी वजह के देना हैरान करने वाला और गलत फैसला है। ट्रम्प ने कहा कि-हैरानी की बात है कि हमारा शानदार नाटो सहयोगी ब्रिटेन इस समय डिएगो गार्सिया द्वीप मारीशस को सौंपने की योजना बना रहा है। वो भी बिना किसी कारण के। इसमें कोई शक नहीं है कि चीन और रूस ने इस घोर कमजोरी को भांप लिया है।

उन्होंने आगे लिखा कि ये देश सिर्फ ताकत को समझते हैं और इसी वजह से उनकी लीडरशिप में अमेरिका को एक साल में पहले से कहीं ज्यादा सम्मान मिला है। ट्रम्प ने कहा कि इतना अहम इलाका सौंपना बहुत बड़ी बेवकूफी है। यह फैसला राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े कई मुद्दों में से एक है, जिसके चलते अमेरिका के लिए ग्रीनलैंड हासिल करना जरूरी हो जाता है। ट्रम्प जिस डिएगो गार्सिया आइलैंड की बात कर रहे हैं दरअसल वो चागोस आइलैंड का हिस्सा है। चागोस

■ कहा: डिएगो गार्सिया आइलैंड मारिशस को देना बेवकूफी, यहां हमारा अहम मिलिट्री बेस

आइलैंड हिंद महासागर में मौजूद आइलैंडों का एक समूह है। यह ब्रिटेन से करीब 9334 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व और मारीशस से लगभग 2012 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में स्थित है। साल 1814 में नेपोलियन की हार के बाद पेरिस संधि के तहत चागोस आइलैंड और मारीशस ब्रिटेन के कब्जे में आए थे।

1965 में इन आइलैंडों को 'ब्रिटिश हिंद महासागर क्षेत्र' बनाया गया और मारीशस से अलग कर दिया गया। मारीशस को 1968 में आजादी मिली थी। उस समय यह तय हुआ था कि जब ये आइलैंड ब्रिटेन की रक्षा के लिए जरूरी नहीं रहेंगे, तब इन्हें मारीशस को लौटा दिया जाएगा। सबसे बड़े आइलैंड डिएगो गार्सिया पर ब्रिटेन और अमेरिका का संयुक्त सैन्य अड्डा बनाया गया। वहां रहने वाले लोगों को मारीशस और सेशेल्स में बसाया गया और कुछ लोगों को 2002 में ब्रिटेन लाया गया। मारीशस 1980 के दशक से इन आइलैंड्स पर अपना अधिकार मांगता रहा है और उसने यह मामला अंतर्राष्ट्रीय अदालतों में उठाया।

# किम जोंग ने मंच से डिप्टी पीएम को किया बर्खास्त

**प्योंगयांग।** उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन ने डिप्टी पीएम यांग सुंग-हो को बर्खास्त कर दिया है। कोरियाई न्यूज एजेंसी केसीएनए के मुताबिक किम जोंग उन योंगसोंग मशीन काम्प्लेक्स में सोमवार को इंडस्ट्रियल प्रोजेक्ट के पहले चरण के उद्घाटन के लिए पहुंचे थे। किम ने अपने संबोधन के दौरान यांग सोंग-हो को हटाने का आदेश दिया।

किम ने डिप्टी पीएम को फटकार भी लगाई। किम ने मंच से ही डिप्टी पीएम से कहा कि बहुत देर होने से पहले, अपने पैरों पर खुद यहां से चले जाओ। किम ने कहा कि यांग बड़ी जिम्मेदारियां संभालने के लायक नहीं हैं। किम ने कहा कि एक बकरी गाड़ी नहीं खींच सकती। यह हमारे कैडर अपाइंटमेंट सिस्टम में हुई एक गलती थी। आखिरकार, गाड़ी बैल खींचता है, बकरी नहीं। उत्तर



■ कहा: बैल गाड़ी खींच सकती है, बकरी नहीं, तुम्हें जिम्मेदारी देना मेरी गलती थी

कोरियाई नेता किम जोंग-उन अपनी टीम के साथ 'योंगसोंग मशीन काम्प्लेक्स' पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने कामकाज का जायजा लिया। उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग-उन अपनी टीम के साथ 'योंगसोंग मशीन काम्प्लेक्स' पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने कामकाज का जायजा लिया। किम जोंग उन ने कहा कि उन्होंने यांग को योंगसोंग मशीन काम्प्लेक्स के पहले चरण के आधुनिकीकरण में हुई गंभीर गलतियों को सुधारने के लिए कई बार मौका दिया था। इसके बावजूद काम में कोई सुधार नहीं हुआ। किम ने यह भी स्पष्ट किया कि यांग को पद से हटाना जरूरी था, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि उन्हें 'पार्टी-विरोधी' माना जाए। किम के मुताबिक, यांग ने पार्टी की केंद्रीय समिति को ऐसे सुझाव दिए जो न तो व्यावहारिक थे और न ही सच्चाई पर आधारित थे। उन्होंने आरोप लगाया कि यांग ने अपने फायदे के लिए पार्टी को गुमराह करने की कोशिश की, यहां तक कि पिछले महीने हुई पार्टी की अहम बैठक में भी। उन्होंने बताया कि इन सबके बावजूद उन्होंने यांग को एक और मौका दिया।

## घायल सैनिकों को नहीं बचा पा रहा यूक्रेन


**मॉस्को।** यूक्रेन की सेना रूस के खिलाफ चल रहे युद्ध में अपने घायल सैनिकों को समय पर बचाने में असफल हो रही है, जिसकी वजह से कई सैनिक बिना इलाज के मर रहे हैं। रूस के कब्जे में मौजूद यूक्रेन के युद्धबंदी एलेक्जेंडर सोतनिवोक ने रूसी रक्षा मंत्रालय की ओर से जारी वीडियो में यह दावा किया है। सोतनिवोक ने सोमवार को जारी एक वीडियो में कहा कि घायलों को लड़ाई वाले क्षेत्रों से निकालने में एक बड़ी समस्या आ रही है। अगर कोई सैनिक घायलों को ले जाने वाले ट्रक तक नहीं पहुंच पा रहा, तो उसका मरना तय है। यूक्रेनी सेना घायलों को तभी निकाल रही है, जब वह एक खास जगह पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि दिमित्रोव की ओर पांच-दिन की यात्रा के दौरान उन्होंने कई मृतकों को देखा।

# नार्वे के पीएम बोले: नोबेल पुरस्कार से हमारा लेना-देना नहीं

## ट्रम्प ने गाहर स्टोर को नोबेल नहीं मिलने को लेकर एक शिकायती चिट्ठी लिखी थी

**वाशिंगटन।** नार्वे के प्रधानमंत्री जोनास गाहर स्टोर ने ट्रम्प का लेटर मिलने की पुष्टि की। इसके बाद बयान जारी कर उन्होंने साफ किया कि नोबेल शांति पुरस्कार नार्वे सरकार नहीं, बल्कि एक स्वतंत्र नोबेल कमेटी देती है। सरकार का इससे कोई लेना-देना नहीं है।

दरअसल, ट्रम्प ने गाहर स्टोर को नोबेल नहीं मिलने को लेकर एक शिकायती चिट्ठी लिखी थी। इसमें उन्होंने ग्रीनलैंड को अमेरिका में मिलाने की बात कही थी। ट्रम्प ने सोमवार को पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि वो अब नोबेल के बारे में नहीं सोचते। ट्रम्प ने पत्रकारों से कहा कि अगर किसी को लगता है कि नार्वे नोबेल प्राइज को कंट्रोल नहीं करता है, तो यह मजाक है। मुझे फर्क नहीं पड़ता कि नार्वे क्या कहा रहा है। मैं बस लोगों की जिंदगी बचाने के बारे में सोचता हूं। मुझे लगता है मैंने लाखों लोगों की जान बचाई है। वहीं गाहर स्टोर ने ग्रीनलैंड पर ट्रम्प के दावे को लेकर कहा कि यह डेनमार्क के राज्य का



■ ट्रम्प ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि वो अब नोबेल के बारे में नहीं सोचते

हिस्सा है और नार्वे डेनमार्क का पूरा समर्थन करता है। साथ ही, उन्होंने कहा कि नाटो को आर्कटिक क्षेत्र में सुरक्षा और स्थिरता मजबूत करने के लिए जिम्मेदारी से कदम उठाने चाहिए। ग्रीनलैंड को लेकर ट्रम्प ने कहा कि डेनमार्क इसकी रक्षा नहीं कर सकता। हम इसके बारे में काफी लोगों से बात कर रहे हैं। ग्रीनलैंड हमारे लिए काफी जरूरी है। ट्रम्प ने सोशल मीडिया ट्रूथ सोशल पर पोस्ट करते हुए बताया कि उन्होंने नाटो के महासचिव मार्क रुट से ग्रीनलैंड को लेकर बातचीत की है। उन्होंने बताया कि मैंने स्विट्जरलैंड के दावोस में विभिन्न पक्षों की बैठक के लिए सहमति दी है। मैंने सभी को बताया, ग्रीनलैंड राष्ट्रीय और विश्व सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है। अब पीछे हटने का कोई रास्ता नहीं है, इस बात से सभी सहमत हैं। डेनमार्क उस जमीन (ग्रीनलैंड) को रूस या चीन से बचा नहीं सकता। फिर सवाल यह है कि उनका उस पर मालिकाना हक आखिर क्यों है? ऐसा कोई लिखित दस्तावेज नहीं है। बस इतना है कि सैकड़ों साल पहले वहां उनकी एक नाव पहुंची थी, लेकिन हमारी नावें भी वहां पहुंची थीं। ट्रम्प ने आगे लिखा कि नाटो की स्थापना के बाद से उन्होंने किसी से भी ज्यादा नाटो के लिए काम किया है। अब नाटो को भी अमेरिका के लिए कुछ करना चाहिए। उन्होंने कहा कि दुनिया तब तक सुरक्षित नहीं है, जब तक ग्रीनलैंड पर अमेरिका का पूरा कब्जा नहीं हो जाता।

# अमेरिका में 100 से ज्यादा गाड़ियां आपस में टकराईं

## बर्फीले तूफान की वजह से हादसा, 30 से ज्यादा ट्रक फंसे

**वाशिंगटन।** अमेरिका के मिशिगन राज्य में बर्फीले तूफान की वजह से बड़ा सड़क हादसा हुआ है। सोमवार को एक इंटरस्टेट हाईवे पर 100 से ज्यादा गाड़ियां आपस में टकरा गईं। कई गाड़ियां सड़क से फिसल गईं। 30 से ज्यादा सेमी-ट्रेलर ट्रक फंसे हुए हैं। हादसे के बाद पुलिस को हाईवे के दोनों तरफ का ट्रैफिक बंद करना पड़ा।

यह दुर्घटना मिशिगन के ग्रैंड रैपिड्स शहर के दक्षिण-पश्चिम में इंटरस्टेट 196 पर हुई। मिशिगन स्टेट पुलिस के मुताबिक, हादसे में कई लोग घायल हुए हैं, लेकिन अब तक किसी की मौत की पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस ने बताया कि फंसे हुए वाहनों को हटाने के लिए राहत और बचाव



■ हादसे के बाद पुलिस को हाईवे के दोनों तरफ का ट्रैफिक बंद करना पड़ा

कार्य शुरू कर दिया गया। लोगों ने बताया कि बर्फीली हवा के चलते आगे चल रही गाड़ियां भी मुश्किल से दिख रही थीं। एक पिकअप ड्राइवर ने बताया कहा कि वह 20 से 25 मील प्रति घंटे की रफ्तार से गाड़ी चला रहे थे और किसी तरह अपना वाहन ट्रक रोक पाए। उन्होंने कहा पीछे से लगातार टकराने की आवाजें आ रही थीं। आगे तो दिख रहा था, लेकिन पीछे क्या हो रहा है, यह साफ नजर नहीं आ रहा था। हालात काफी डरावने थे। मिशिगन के ओटावा काउंटी शेरिफ आफिस ने बताया कि इलाके में कई जगह दुर्घटनाएं हुईं और कई ट्रक जैकनाइफ हो गए। कई कारें सड़क से फिसलकर बाहर चली गईं। फंसे हुए यात्रियों को बसों के जरिए हडसनविल हाई स्कूल ले जाया गया, जहां वे मदद के लिए काल कर सके या अपने घर जाने की व्यवस्था कर सके। अधिकारियों का कहना है कि सफाई और वाहनों को हटाने का काम पूरा होने तक सड़क कई घंटों तक बंद रह सकती है। प्रशासन ने चेतावनी दी कि क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाने और जमी हुई सड़क का ट्रीटमेंट करने में कई घंटे लग सकते हैं, इस दौरान इंटरस्टेट-196 बंद रहेगी। अमेरिका के कई राज्य इन दिनों बर्फीले तूफान का सामना कर रहे हैं। नेशनल वेदर सर्विस ने चेतावनी जारी की है कि उत्तरी मिनेसोटा से लेकर विस्कान्सिन, इंडियाना, ओहायो, पेंसिल्वेनिया और न्यूयार्क तक बेहद ठंडा मौसम या बर्फीले तूफान की स्थिति बन सकती है। मौसम विभाग ने यह भी चेतावनी दी है कि सोमवार रात से मंगलवार सुबह तक नार्थ-सेंट्रल फ्लोरिडा और साउथईस्ट जार्जिया में तापमान जीरो डिग्री तक गिर सकता है।

## चिली में भयावह आग: कुछ क्षेत्रों में 'आपदा की स्थिति' घोषित

**सैंटियागो।** चिली ने दक्षिणी नुब्ले और बायोबियो क्षेत्रों में विनाशकारी आग लगने के कारण 'आपदा की स्थिति' घोषित की है। इन क्षेत्रों में जंगल की भीषण आग लगातार तीसरे दिन भी जारी है, जिसमें कम से कम 18 लोगों की मौत हो चुकी है और पूरे के पूरे कस्बे तबाह हो गए हैं। इस आपदा के कारण हजारों लोगों को अपना घर छोड़कर भागने पर मजबूर होना पड़ा है। राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक ने इस भीषण आपदा की गंभीरता को देखते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर इस फैसले की घोषणा की। उन्होंने अपनी पोस्ट में कहा कि लगातार जारी भीषण आग को देखते हुए, मैंने इन दोनों क्षेत्रों में 'आपदा की स्थिति' घोषित करने का निर्णय लिया है।



